3 | राजधानी
नवरात्र में खुले मंदिरों के कपाट

6 | अभिमत
वनों की कटाई पर्यावरण के लिए घातक

11 | विदेश
आतंकवाद का सबसे बड़ा समर्थक है पाक

12 | विविध
हृदय के लिए अनमोल रत्न

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 327
नई दिल्ली, शुक्रवार, 8 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



टी-20 विश्व कप के बाद पद छोड़ेंगे टीम इंडिया के ट्रेनर
स्पोर्ट्स-10

# सुप्रीम कोर्ट सख्त, हरकत में यूपी सरकार

**लखीमपुर हिंसा**

## ● दो लोग गिरफ्तार, पुलिस ने गृह राज्यमंत्री के आरोपी बेटे आशीष को भी पूछताछ के लिए बुलाया

## ● मामले की जांच के लिए एक सदस्यीय न्यायिक आयोग की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, नई दिल्ली

**लखीमपुर** खीरी हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार से स्थिति रिपोर्ट तलब ही है। वहीं उत्तर सरकार ने भी मामले में तेजी से कार्रवाई की है। मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन कर दिया है। यह जांच आयोग इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित किया गया है। आयोग का मुख्यालय लखीमपुर खीरी में ही होगा। आयोग दो माह में अपनी जांच पूरी करके सरकार को रिपोर्ट सौंपेगा। इसके कार्यकाल में कोई भी बदलाव सरकार के आदेश पर होगा। उधर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान लवकुश और आशीष पांडे के रूप में हुई है। इनके अलावा तीन अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा उर्फ मोनू से पूछताछ के लिए पुलिस ने समन जारी कर शुक्रवार को सुबह 10 बजे रिजर्व पुलिस लाइन लखीमपुर खीरी स्थित अपराध शाखा के कार्यालय में तलब किया है। राज्य के एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि अब तक की विवेचना से एक नामजद अभियुक्त के अतिरिक्त अज्ञात अभियुक्तों में छह के नाम प्रकाश में आए हैं। जिसमें से तीन अभियुक्तगणों की मौके पर ही मृत्यु हो चुकी है। शेष चार अभियुक्तों में दो अभियुक्त लवकुश पुत्र राजकिशोर निवासी ग्राम बनवीरपुर थाना तिकुनिया जनपद खीरी एवं आशीष पांडेय पुत्र रामगोपाल निवासी तारानगर थाना निघासन जनपद खीरी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। एडीजी ने बताया कि बीते बुधवार को घटनास्थल का निरीक्षण विवेचक मय फोरेंसिक टीम द्वारा किया गया था। इस दौरान घटनास्थल पर मौजूद एक वाहन से दो मिस कारतूस 315 बोर के बरामद हुए थे। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को भी घटनास्थल का मैटल डिटेक्टर से गहन निरीक्षण किया गया है। इस मामले में लखनऊ रेंज की आईजी लक्ष्मी सिंह ने बताया कि जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने इस मामले में तीन लोग जिनकी मौत हो गई है, उनकी भूमिका की पुष्टि की है। तकनीकी तौर पर उन पर भी आरोप हैं। ये दोनों लोग काफी जानकारी दे रहे हैं। इसी के साथ लक्ष्मी सिंह ने कहा कि मामले में मुख्य अभियुक्त आशीष मिश्रा को भी पूछताछ के लिए समन भेजा गया है। उन्होंने कहा कि फायरिंग या किसी हथियार से घायल होने की घटनाओं की पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए हमें अन्य सबूतों के साथ आगे बढ़ना होगा जो हमें दिए गए हैं। आईजी ने कहा कि जिला स्तरीय समिति मामले की जांच करेगी और चार्जशीट कोर्ट में पेश करेगी जबकि न्यायिक जांच आयोग पूरे मामले की जांच करेगा। सबूतों के आधार पर हम जल्द ही इस घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार करेंगे। उत्तर प्रदेश पुलिस ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे सहित 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा- अब तक कितने गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने तीन अक्टूबर को लखीमपुर खीरी कांड में चार किसानों सहित आठ लोगों की हत्या को बृहस्पतिवार को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को शुक्रवार तक स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। इस स्थिति रिपोर्ट में राज्य सरकार को प्राथमिकी में नामित आरोपियों के विवरण के साथ ही यह भी बताना है कि क्या उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) और न्यायिक जांच आयोग का विवरण भी मांगा है। सियासी तूफान खड़ा करने वाली इस घटना पर प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की तीन



सदस्ईय ने स्वत: संज्ञान के मामले के रूप में सुनवाई की। विपक्षी दलों ने उत्तर प्रदेश की भाजपा की सरकार पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाया है। पीठ ने कहा कि आपने खुद कहा है, खबरों में भी बताया गया है और हमें जो पत्र याचिका प्राप्त हुई है, उसमें भी कि आठ व्यक्ति, जिनमें से कुछ किसान हैं और एक पत्रकार है और अन्य व्यक्ति भी मारे गए हैं। ये सभी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हैं जिनमें अलग-अलग लोगों की हत्या की गई है। पीठ ने कहा, हम यह जानना चाहते हैं कि वे आरोपी व्यक्ति कौन हैं जिनके खिलाफ आपने प्राथमिकी दर्ज की है और उन्हें गिरफ्तार किया गया है या नहीं। कृपया इसे अपनी स्थिति रिपोर्ट में स्पष्ट करें।

पीठ ने यह कहते हुए इस मामले की सुनवाई शुरुआत की, शिकायत यह है कि आप इसे (घटना) ठीक से नहीं देख रहे हैं और एफआईआर ठीक से दर्ज नहीं की गई है। राज्य सरकार की ओर से पेश वकील गरिमा प्रसाद ने भी इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि सरकार ने विशेष जांच दल और न्यायिक जांच आयोग का गठन किया है और वह स्थिति रिपोर्ट में इसका विवरण देंगी। उन्होंने कहा, मैं कल तक विवरण प्राप्त कर सकती हूं... न्यायिक जांच आयोग की अध्यक्षता इलाहाबाद उच्च न्यायालय ( शेष पेज 9 )

# लखीमपुर पर मुखर हुए वरुण भाजपा कार्यसमिति से बाहर

## ● मेनका गांधी, स्वामी, कटियार की भी छुट्टी, सिंधिया व वैष्णव को मिली जगह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मेनका गांधी



वरुण गांधी

**भाजपा** के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बृहस्पतिवार को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की घोषणा कर दी। तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों के प्रति सहानुभूति दर्शाने और लखीमपुर खीरी हिंसा में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखर होकर आवाज उठाने वाले वरुण गांधी को कार्यसमिति से बाहर कर दिया गया है। वरुण की मां पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, विनय कटियार, सुब्रहमण्यम स्वामी और चौधरी वीरेंद्र सिंह जैसे नेता भी अपनी जगह नहीं बना सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी, वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी सहित 80 नेताओं को सदस्य मनोनीत किया गया है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और प्रह्लाद पटेल, कई मुद्दों पर पार्टी से अलग रुख रखने वाले सुब्रमण्यम स्वामी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के पुत्र व सांसद दुष्यंत सिंह, विजय गोयल, विनय कटियार तथा एसएस अहलूवालिया को भी नई राष्ट्रीय कार्यसमिति में जगह नहीं मिली है। केंद्रीय मंत्री अब कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी कार्यसमिति में शामिल किए गए नए सदस्य हैं।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान और निर्मला सीतारमण कार्यसमिति में बने हुए हैं। जनवरी 2020 में भाजपा का अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी अध्यक्ष नड्डा ने राष्ट्रीय कार्यसमिति की घोषणा की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सात नवंबर को राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक हो सकती है। इससे पहले 18 अक्टूबर को राष्ट्रीय पदाधिकारियों की एक बैठक भी बुलाई गई है, जिसमें सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करती है और संगठन के कामकाज की रूपरेखा तय करती है। कोविड-19 महामारी के चलते लंबे समय से राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक नहीं हुई है। वरुण गांधी, स्वामी और वीरेंद्र सिंह को कार्यसमिति से बाहर किए जाने को विभिन्न मुद्दों पर इन नेताओं के रुख से पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की नाराजगी के रूप में देखा जा रहा है। पिछले कुछ समय से वरुण गांधी तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में लगातार आवाज उठाते रहे हैं। हाल में उत्तर ( शेष पेज 9 )

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



**दधानाकर पद्माभ्यामक्षमाला कमण्डलू।**
**देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं।

## आर्यन खान को नहीं मिली जमानत, भेजे गए जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**मुंबई** तट के पास एक क्रूज जहाज से कथित तौर पर मादक पदार्थ जब्त होने से संबंधित मामले में यहां की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान और सात अन्य आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस दौरान न्यायाधीश ने एनसीबी की हिरासत अवधि बढ़ाए जाने की अर्जी खारिज करते हुए कहा कि अस्पष्ट आधार पर हिरासत प्रदान नहीं की जा सकती। अदालत ने कहा कि जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की जाएगी। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने आर्यन खान और अन्य आरोपियों की एनसीबी हिरासत अवधि बढ़ाए जाने का अनुरोध करते हुए दलील दी कि साजिश की कड़ियों का खुलासा करने के लिए आरोपियों का सामना इस मामले में गिरफ्तार अन्य व्यक्ति से कराए जाने की जरूरत है। हालांकि, अदालत ने इसे अनुमति नहीं दी। गोवा जा रहे क्रूज पर तीन अक्टूबर को की गई छापेमारी के दौरान आर्यन खान, मुनमुन धमेचा और अरबाज मर्जेंट को एनसीबी ने गिरफ्तार किया ( शेष पेज 9 )

# आतंकियों ने स्कूल में घुसकर की प्रिंसिपल और शिक्षक की हत्या

## ● सुपिन्दर कौर और दीपचंद को मार डाला

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**श्रीनगर** के ईदगाह इलाके में स्थित गवर्नमेंट बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल के अंदर घुसकर आतंकियों ने गुरुवार सुबह प्रधानाचार्य सुपिन्दर कौर और एक शिक्षक दीपक चंद की हत्या कर दी। दोनों ही अल्पसंख्यक सिख और हिन्दू समुदायों से संबंधित थे। स्कूल परिसर में खून से लथपथ दो लाशें देख हर किसी का दिल दहल गया। दोनों को मारने के बाद अज्ञात आतंकवादी मौके से फरार हो गए।

शिक्षकों ने दावा किया कि कश्मीर घाटी के अधिकांश स्कूल भवनों में कोई सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं किया गया है। गुरुवार सुबह प्राचार्य के कार्यालय में कई स्टाफ सदस्य मौजूद थे। उसी समय आतंकी घुसे और दोनों को बाहर आने के लिए कहा। जैसे ही प्रिंसिपल और शिक्षक गेट से बाहर आए, बेहद करीब से उन्हें गोली मार दी गई। श्रीनगर में गैर-स्थानीय लोगों पर यह दूसरी बड़ी वारदात है। इससे पहले मंगलवार को एक कश्मीरी पंडित फार्मासिस्ट माखन लाल बिंदू, बिहार के भागलपुर के एक स्ट्रीट वेंडर और एक स्थानीय टैक्सी यूनियन अध्यक्ष की दो घंटे से भी कम समय में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक प्रधानाध्यापक की पहचान शहर के अलोची बाग क्षेत्र निवासी सुपिन्दर कौर के रूप में हुई है, जबकि दूसरे शिक्षक जम्मू के रहने वाले दीपक चंद थे।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अपराधियों को करारा जवाब देने की बात कही। एलजी ने कहा कि हमारे पास ऐसा कोई विशिष्ट इनपुट नहीं था। हां, हम इसकी जिम्मेदारी लेते हैं। यह कश्मीर में बढ़ते पर्यटन और नियोजित औद्योगिक निवेश की पृष्ठभूमि में सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। इस बीच, अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों पर हमलों की एक श्रृंखला ने कश्मीर घाटी के विभिन्न हिस्सों में काम करने वाले कश्मीरी पंडितों और गैर-स्थानीय लोगों के बीच असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। स्कूल के शिक्षकों की लक्षित हत्या की खबर सोशल मीडिया ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,677 | ↑ 488 | |
| निफ्टी | 17,790 | ↑ 144 | |
| सोना | 46,012 | ↑ 65 | /10g |
| चांदी | 60,172 | ↑ 490 | /kg |

## क्विक न्यूज

### विदेशी पर्यटकों के लिए 15 से शुरू होगी चार्टर्ड फ्लाइट

**नई दिल्ली।** भारत ने चार्टर्ड विमान से आने वाले विदेशी पर्यटकों को 15 अक्टूबर से पर्यटन वीजा जारी करने का निर्णय किया है और नियमित विमान से आने वाले पर्यटकों को 15 नवंबर से पर्यटक वीजा जारी किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। कोरोना वायरस महामारी के कारण मार्च 2020 से ही अंतरराष्ट्रीय वीजा एवं यात्रा पर प्रतिबंध लगा हुआ था और महामारी की स्थिति में सुधार को देखते हुए इसमें ढील दी जा रही है। गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि विभिन्न सूचनाओं पर गौर करने के बाद मंत्रालय ने चार्टर्ड विमान से भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों को 15 अक्टूबर 2021 से नया पर्यटक वीजा जारी करने का निर्णय किया है। चार्टर्ड विमान के अलावा अन्य विमानों से भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों को 15 नवंबर 2021 से पर्यटन वीजा जारी किया जाएगा।

# राजधानी में होगा देश का सबसे आधुनिक सरकारी स्कूल

## ● एम्फी थियेटर, ऑडिटोरियम, आठ लैब होंगी, छत पर बास्केटबाल, टेनिस व बॉलीबॉल कोर्ट की भी सुविधा

## ● मेहराम नगर में उपमुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास, एक साल में बनकर होगा तैयार

**संजय राय।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली में देश का सबसे आधुनिक सरकारी स्कूल बनना शुरू हो गया है। यहां पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। स्कूल का डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि परिसर की छत का भी पूरी तरह इस्तेमाल किया जा सकेगा। अपने आप में अनूठे इस स्कूल की बिल्डिंग की छत पर ही बास्केटबाल, टेनिस और बॉलीबॉल कोर्ट तैयार किया जाएगा। इसके अलावा सेमी ओलंपिक साइज स्विमिंग पूल भी बनेगा।

स्कूल में 52 क्लासरूम के साथ सभी आधुनिक संसाधनों से लैस आठ लैब होंगे। भवन में रेन-वाटर हार्वेस्टिंग की भी सुविधा होगी। इस स्कूल में 800 लोगों की क्षमता वाला ऑडीटोरियम और 1000 लोगों के बैठने के लिए ओपन एम्फी थिएटर भी बनेगा। उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को मेहराम नगर में इस स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस स्कूल की नई बिल्डिंग का डिजाइन छात्रों के चहुंमुखी विकास को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। यह स्कूल भवन आम स्कूलों से अलग होगा और पूरी बिल्डिंग बच्चों के लर्निंग प्रोसेस में शामिल होगी। करीब 39.73 करोड़ ( शेष पेज 9 )

### भविष्य के ओलिंपियंस के लिए होगा स्विमिंग पूल

**स्कूल** में शानदार वर्ल्डक्लास सेमी ओलम्पिक साइज स्विमिंग पूल तैयार किया जाएगा, जिसमें हीटिंग और कुलिंग फैसिलिटी मौजूद होंगी। इस स्विमिंग पूल की लम्बाई 25 मीटर और चौड़ाई 12.5 मीटर होगी, ताकि एक बार में ज्यादा से ज्यादा बच्चे तैराकी का अभ्यास कर सकें।



# पोस्टर लगाकर मिहिरभोज को गुर्जर-राजपूत साबित करने की होड़

## ● गौतमबुद्धनगर में पोस्टरबाजी के बाद सियासत हुई तेज



जिले में लगे पोस्टर।

**पायनियर सामचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा से सम्राट मिहिर भोज को लेकर शुरू हुआ विवाद तूल पकड़ता जा रहा है।

गौतमबुद्ध नगर के दादरी और जेवर तहसील के दर्जनभर गांवों में प्रवेश द्वार पर बड़े-बड़े बोर्ड लगाए गए हैं, जहां उन्हें गुर्जर या राजपूत सम्राट मिहिर भोज लिखा गया है। बताते चलें कि पिछले महीने 22 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दादरी में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम था। उसी दिन शासक के नाम के आगे गुर्जर शब्द लिखने और मिटाने से यह पूरा विवाद शुरू हुआ था। इस पर विरोध जताते हुए गुर्जर समाज ने बड़ा आंदोलन किया था।

सुरक्षा-व्यवस्था को देखते हुए पुलिस ने 200 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस लाइन में ही गुर्जर समाज ने राष्ट्रीय स्वाभिमान गुर्जर समिति का गठन किया था। इस समिति को समाज के हितार्थ कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उसके बाद से ही गुर्जर-राजपूत समाज मिहिर भोज को अपना पूर्वज साबित करने में जुटा है। ग्रेटर नोएडा के ही डूंगरपुर रीलका, बिसरख और सालारपुर जैसे गांव में बड़े-बड़े बोर्ड लगाए गए हैं। जहां गुर्जर प्रतिहार चक्रवर्ती सम्राट मिहिर भोज लिखकर गांव में स्वागत किया जा रहा है।

गौतम बुद्ध नगर के बंबावड़ जगनपुर अफजलपुर अट्टा गुजरान और कनारसी गांव में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज के बोर्ड लगे हैं। जबकि घोड़ी समेत कई गांवों में राजपूत समुदाय के लोगों ने उन्हें अपना पूर्वज बताते हुए बोर्ड लगाया है। पोस्टर और बैनर का अभियान सिर्फ ग्रेटर नोएडा या जिले तक सीमित नहीं है। यूपी वेस्ट के अन्य जनपदों सहारनपुर, मेरठ, संभल, बिजनौर, मुरादाबाद समेत कई अन्य जनपदों में गुर्जर बहुल गांवों के प्रवेश द्वार पर बोर्ड लगाए गए हैं।

### विवाद में मौका तलाश रहा विपक्ष

उत्तर प्रदेश में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके लिए सभी पार्टियों ने कमर कस ली है। ऐसे में सम्राट मिहिर भोज के नाम के आगे गुर्जर शब्द लिखने-मिटाने के मुद्दे पर विपक्षी दल एकजुट हैं। खास तौर पर भारतीय जनता पार्टी के गुर्जर नेताओं पर प्रहार किया जा रहा है। उनसे पार्टी से इस्तीफा देने की मांग की जा रही है। अन्यथा धमकी दी गई है कि अगले चुनाव में उन्हें भुगतना पड़ेगा। गुर्जर समाज एकजुट होकर उनके पूर्वज मिहिर भोज का अपमान करने वाली पार्टी को सबक सिखाएगा। विपक्षी पार्टियां समाज के इस ऐलान से उत्साह में है।

# सीएम के नाम पर कालिख पोतने वाले सपा नेता को मिली जमानत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के शिलापट्ट पर काला पेंट पोतने के आरोप में गौतमबुद्ध नगर के सपा जिला उपाध्यक्ष श्याम सिंह भाटी ने गुरुवार दोपहर सूरजपुर कोर्ट में सरेंडर किया। उनके सरेंडर करने के ठीक एक मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी।

इस मामले में ग्रेटर नोएडा पुलिस ने श्याम सिंह भाटी की जमानत होने की जानकारी होने से इंकार किया है। जानकारी के मुताबिक 22 सितंबर को ग्रेटर नोएडा के दादरी में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आए थे। इस दौरान सम्राट मिहिर भोज के नाम के पहले गुर्जर शब्द लिखने और हटाने को लेकर विवाद खडा हो गया था। इससे उपजे विवाद के बाद 28 सितंबर की सुबह सपा जिला उपाध्यक्ष शाम सिंह भाटी समेत कई लोगों ने शिलापट को गंगाजल से धोकर उस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर और दादरी विधायक तेजपाल नागर के नाम पर काला पेंट पोत दिया था। कोतवाली दादरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।


**DHFL** Changing Rules Changing Lives

राष्ट्रीय कार्यालय : एचडीआईएल टावर्स, बी-विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
शाखा कार्यालय : दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड, धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)-400 602

## मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, डीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां डीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| (गुरूग्राम शाखा का एलसी नंबर : 00000293) विकास पांडे (कर्जदार) प्रियंका शर्मा (सह-कर्जदार 1) | 28-06-2021/रू. 80,86,316/- (रूपए अस्सी लाख छियासी हजार तीन सौ सोलह मात्र) एनपीए (12-05-2021) | बी-112, प्रथम तल,प्लॉट नंबर 2, सैक्टर 93ए, पार्श्वनाथ प्रेस्टिज, नोएडा गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (गुरूग्राम शाखा का एलसी नंबर : 00000937) आर्यन मिश्रा (कर्जदार) परिणीति मिश्रा (सह-कर्जदार 1) | 28-06-2021/रू. 17,35,111/- (रूपए सत्रह लाख पैंतीस हजार एक सौ ग्यारह मात्र) एनपीए (12-05-2021) | फ्लैट नंबर 147 एस/एफ, छत का अधिकार नहीं, पाकेट 9 सेक्टर 23, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 |
| (गुरूग्राम शाखा का एलसी नंबर : 000002414) घानावत (कर्जदार) प्रियांशी जायसवाल (सह-कर्जदार 1) नीरा घानावत (सह कर्जदार 2) | 28-06-2021/रू. 1,04,05,579/- (रूपए एक करोड़ चार लाख पांच हजार पांच सौ उनासी मात्र) एनपीए (12-05-2021) | सम्पत्ति सं. 36/17, जी एफ बैक साइड छत का अधिकार नहीं, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 00000973) अमित कुमार (कर्जदार) अभय कुमार चौबे (सह-कर्जदार 1) मधुलिका शुक्ला (सह कर्जदार 2) | 28-06-2021/रू. 16,23,620/- (रूपए सोलह लाख तेईस हजार छह सौ बीस मात्र) एनपीए (12-05-2021) | द्वितीय तल, छत के अधिकार सहित, प्लॉट नंर डी-82, ब्लॉक-डी, खसरा नंबर 208, एसएलएफ वेद विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 |
| (कड़कड़डूमा नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000143) विपुल गुप्ता (कर्जदार) शिव हरि गुप्ता (सह-कर्जदार 1) | 28-06-2021/रू. 26,02,411/- (रूपए छब्बीस लाख दो हजार चार सौ ग्यारह मात्र) एनपीए (12-05-2021) | प्लॉट नंबर 1/6801, अपर ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट रोहताश नगर, शाहदरा, नई दिल्ली-110032 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 00001714) विशाल छाबड़ा (कर्जदार) सोनिया छाबड़ा (सह-कर्जदार 1) दीपक छाबड़ा (सह कर्जदार 2) नीतू छाबड़ा (गारंटर 1) | 20-07-2021/रू. 78,24,115/- (रूपए अठहत्तर लाख चौबीस हजार एक सौ पंद्रह मात्र) एनपीए (09-06-2021) | प्लॉट नंबर 31, रोड नंबर यू-15, डीएलएफ कुतब एन्क्लेव, ग्राम नाथूपुर, डीएलएफ फेज-3, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 |
| (गुरूग्राम - सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर : जीयूआर33926) रामप्रीत यादव (कर्जदार) | 20-07-2021/रू. 52,99,374/- (रूपए बावन लाख निन्यानवे हजार तीन सौ चौहत्तर मात्र) एनपीए (11-04-2021) | एच/फ्लैट नंबर 33/38, द्वितीय तल, ग्राम ओल्ड राजिन्दर नगर, नईदिल्ली-110060 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00002942) इन्फीनीटम इन्फ्राटेक प्रा. लि. (कर्जदार) माइस्ट्रो मर्केंडाइजप्रा. लि. (सह-कर्जदार 1) जयप्रीत सिंह क्लेर (सह कर्जदार 2) गुरबानी संधू (गारंटर 1) हरप्रीत सिंह क्लेर (गारंटर 2) परमजीत क्लेर (गारंटर 3) | 10-08-2021/रू. 6,89,17,891/- (रूपए छह करोड़ नवासी लाख सत्रह हजार आठ सौ इक्यानवे मात्र) एनपीए (11-05-2021) | फार्म हाउस नंबर 16, विनार ड्राइव, डीएलएफ छतरपुर फार्म खसरा नंबर 1559 (4-16), 1522 मिन (3-18) ग्राम छतरपुर, नई दिल्ली-110072 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 00005134) नीरज कुमार (कर्जदार) | 10-08-2021/1,67,92,011/- (रूपए एक करोड़ सड़सठ लाख बानवे हजार ग्यारह मात्र) एनपीए (09-06-2020) | फ्लैट नंबर 304, तृतीय तल, टावर टी-7, स्पायर वुड, सेक्टर-103, गुरूग्राम, हरियाणा-122005 |
| (गाजियाबाद शाखा का एलसी नंबर : 00002211) सचिन शर्मा (कर्जदार) नीलम शर्मा (सह-कर्जदार 1) | 10-08-2021/रू. 1,28,96,302/- (रूपए एक करोड़ अट्ठाईस लाख छियानवे हजार तीन सौ दो मात्र) एनपीए (09-06-2012) | अपार्टमेंट नंबर एफ-0164, 16वांतल, टावर एफ, एसोटेक विंडसर कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच-4ए, सेक्टर-78, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 00002911) नवीर मल्होत्रा (कर्जदार) स्टार बाजार प्रा. लि. (सह-कर्जदार 1) परिणीता एन मल्होत्रा (सह कर्जदार 2) | 10-08-2021/रू. 1,12,73,992/- (रूपए एक करोड़ बारह लाख तिहत्तर हजार नौ सौ बानवे मात्र) एनपीए (09-02-2021) | समामेलित फ्लैट नंबर 15, 16 एवं 17, चतुर्थ तल, एंड्रयू विला, आईस फैक्टरी, बांद्रा वेस्ट, मुंबई उपनगर, महाराष्ट्र-400050 |
| (गाजियाबाद शाखा का एलसी नंबर : 00002208) अरूण कुमार गुप्ता (कर्जदार) | 10-08-2021/रू. 1,00,53,779/- (रूपए एक करोड़ तिरेपन हजार सात सौ उनासी मात्र) एनपीए (11-05-2012) | फ्लैट नंबर सी-2/सी-8, टाइप सी, ब्लॉक सी-2, 8वां तल, शुभकामना एडवर्ट टेकहोम्स, प्लॉट नंबर जीएच-05/बी, सेक्टर-137, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 00002577) मुकुल गोयल (कर्जदार) | 10-08-2021/रू. 96,27,299/- (रूपए छियानवे लाख सत्ताईस हजार दोसौ निन्यानवे मात्र) एनपीए (09-06-2012) | फ्लैट नंबर बी-2/सी-8, टाइप सी, ब्लॉक बी-2, 8वां तल, शुभकामना एडवर्ट टेकहोम्स, प्लॉट नंबर जीएच-05/बी, सेक्टर-137, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| (दिल्ली - सफदरजंग का एलसी नंबर : 00044146) देबज्योति घोष दस्तीदार (कर्जदार) कोमल घोष दस्तीदार (सह कर्जदार 1) | [illegible] (रूपए नौ लाख छप्पन हजार नौ सौ चौरासी मात्र) एनपीए (10-12-2020) | फ्लैट नंबर 505, टावर नंबर सी-3, 5वां तल, प्रोजेक्ट लोटस होम, सेक्टर-3, द्वारका एक्सप्रेसवे, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 |
| (दिल्ली - सफदरजंग का एलसी नंबर : 00044353) गौरव गिरि (कर्जदार) छाया (सह कर्जदार 1) | 31-05-2021/रू. 5,83,236/- (रूपए पांच लाख तिरासी हजार दो सौ छत्तीस मात्र) एनपीए (09-02-2021) | फ्लैट नंबर 7, अपर ग्राउंड फ्लोर, मिडिल एलएचएस, प्लॉट नंबर 45 एवं 46, खसरा नंबर 185, खुशाल विहार कालोनी, ग्राम सादुल्लाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |
| (भिवाडी का एलसी नंबर : 00000689) प्रकाश चंद (कर्जदार) साधना (सह कर्जदार 1) | 31-05-2021/रू. 9,13,013/- (रूपए नौ लाख तेरह हजार तेरह मात्र) एनपीए (10-04-2020) | प्लॉट नंबर 16, आरएलएफ सिटी, भिवाडी, अलवर, राजस्थान-301019 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस का एलसी नंबर : 00001211) वैभव वशिष्ठ (कर्जदार) अभिनव वशिष्ठ (सह कर्जदार 1) | 31-05-2021/रू. 6,81,613/- (रूपए छह लाख इक्यासी हजार तेरह मात्र) एनपीए (10-12-2020) | फ्लैट नंबर 698, चतुर्थ तल, डीडीए एलआईजी फ्लैट ब्लॉक जीएच-1, पाकेट-1, सेक्टर-29, रोहिणी, दिल्ली-110085 |
| (गुरूग्राम - सोहना रोड का एलसी नंबर : 00044175) सुजीत कुमार (कर्जदार) संगीता देवी (सह कर्जदार 1) | 31-05-2021/रू. 9,78,807/- (रूपए नौ लाख अठहत्तर हजार आठ सौ सात मात्र) एनपीए (09-01-2021) | फ्लैट नंबर 24, भू तल, डीडीए एलआईजी फ्लैट ब्लॉक ए-03, पाकेट-8 गोल्फ लाइन अपा. सेक्टर-23 बी, द्वारका, नई दिल्ली-110075 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस का एलसी नंबर : 00001968) यश पाल (कर्जदार) दीपिका (सह कर्जदार 1) | 31-05-2021/रू. 5,10,158/- (रूपए पांच लाख दस हजार एक सौ अट्ठावन मात्र) एनपीए (09-01-2021) | प्लॉट नंबर एफ-219, यूजीएफ फ्रंट पोर्शन, पुराना नंबर एच-81, प्लॉट नंबर 1, ब्लॉक नंबर 4, ऋषि नगर, शकूर बस्ती, नई दिल्ली-110034 |
| (नई दिल्ली वेस्ट का एलसी नंबर : 00001813) मनीष (कर्जदार) नेहा श्री (सह कर्जदार 1) | 31-05-2021/रू. 8,64,413/- (रूपए आठ लाख चौंसठ हजार चार सौ तेरह मात्र) एनपीए (10-12-2020) | डीडीए एलआईजी विस्तारणीय फ्लैट नंबर 97, भू तल, फ्लैट ब्लॉक जीएच-1, पाकेट-13, सेक्टर-24, रोहिणी, दिल्ली-110085 |
| (दिल्ली पीतमपुरा का एलसी नंबर : 00041930) रपु मेहरा (कर्जदार) स्मिता मेहरा (सह कर्जदार 1) | 31-05-2021/रू. 5,75,912/- (रूपए पांच लाख पचहत्तर हजार नौ सौ बारह मात्र) एनपीए (10-04-2020) | प्लॉट नंबर 83, खसरा -59/1, ब्लॉक के-2, ग्राम नवादा, माजरा हस्तसाल, मोहन गार्डन उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 |
| (दिल्ली - सफदरजंग का एलसी नंबर : 00044416) उमेश यादव (कर्जदार) कमलेश कुमार यादव (सह कर्जदार 1) कुशी यादव (सह कर्जदार 2) | 31-05-2021/रू. 5,06,942/- (रूपए पांच लाख छह हजार नौ सौ बयालीस मात्र) एनपीए (10-12-2020) | एच. नंबर 1/1857ए, प्लॉट नंबर 2, तृतीय तल, 1/4 छत का हिस्सा, पुराना नंबर 558 खसरा नंबर 1183/340, 1156/34, 1164/350 एवं 1169/351, शाहदरा, नई दिल्ली-110032 |
| (गाजियाबाद शाखा का एलसी नंबर : 00001191) सुनील कुमार सूद (कर्जदार) मीना सूद (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 17,92,752/- (रूपए सत्रह लाख बानवे हजार सात सौ बावन मात्र) एनपीए (10-04-2020) | फ्लैट नंबर 804, 8वां तल, वीनस टावर, दि एलियन कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच सी-3/1, औद्योगिक क्षेत्र, ट्रोनिका सिटी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 00003334) अजय अरोड़ा (कर्जदार) भारती अरोड़ा (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 15,84,462/- (रूपए पंद्रह लाख चौरासी हजार चार सौ बासठ मात्र) एनपीए (09-02-2021) | यूनिट नंबर 1302, 13वां तल, टावर ग्लोरिया, ढींगरा जार्डाइन कैलीफोर्निया कंट्री, सेक्टर-80, फरीदाबाद, हरियाणा-121007 |
| (नोएडा सेक्टर 2 शाखा का एलसी नंबर : 00041630) कुणाल अरोड़ा (कर्जदार) शिल्पी अरोड़ा (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 24,94,522/- (रूपए चौबीस लाख चौरानवे हजार पांच सौ बाईस मात्र) एनपीए (10-12-2020) | फ्लैट नंबर 502, 5वां तल, टावर 6, नोवेना ग्रीन, प्लॉट नंबर सीपी-जीएच-05 बी टेकजोन 4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, जी बी नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (बेंगलुरू जया नगर -2 शाखा का एलसी नंबर : 00001191) पुष्पा कुमारी (कर्जदार) शालिनी बोधी (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 18,15,850/- (रूपए अठारह लाख पंद्रह हजार आठ सौ पचास मात्र) एनपीए (10-12-2020) | बी-304, एमआर ओक्स, तृतीय तल, एसवाई नंबर 129/1, इग्गालुरू ग्राम अट्टीबेल होबली अनेकल तालुक बेंगलुरू, कर्नाटक-562106 |
| (नोएडा सेक्टर 2 शाखा का एलसी नंबर : 00041695) अजय कुमार (कर्जदार) सुनीता देवी (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 10,81,668/- (रूपए दस लाख इक्यासी हजार छह सौ अड़सठ मात्र) एनपीए (09-01-201) | फ्लैट नंबर 1120, 11वां तल, टावर एफ अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |
| (दिल्ली जनकपुरी शाखा का एलसी नंबर : 00000034) नीलम गर्ग (कर्जदार) रवि गर्ग (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 20,93,044/- (रूपए बीस लाख तिरानवे हजार चौवालीस मात्र) एनपीए (10-12-2020) | प्लॉट नंबर 177, प्रथम तल, पाकेट-2, सेक्टर-25, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 |
| (दिल्ली जनकपुरी शाखा का एलसी नंबर : 00000110) वैभव सक्सेना (कर्जदार) गोपाल नारायण सक्सेना (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 16,66,385/- (रूपए सोलह लाख छियासठ हजार तीन सौ पिचासी मात्र) एनपीए (09-02-2021) | फ्लैट नंबर 1308, 13वां तल, टावर बी 1, प्लॉट नंबर 8, ईको विलेज वन, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (राज नगर शाखा का एलसी नंबर : 00000337) रचना (कर्जदार) गौतम सिंह (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 17,60,407/- (रूपए सत्रह लाख साठ हजार चार सौ सात मात्र) एनपीए (10-12-2020) | फ्लैट नंबर 1014, 10वां तल, टावर एफ, आदित्य अर्बन होम्स, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 00001037) बालकृष्णन वढाक्के बागथ (कर्जदार) प्रेमा बालकृष्णन (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 15,50,420/- (रूपए पंद्रह लाख पचास हजार चार सौ बीस मात्र) एनपीए (09-02-2021) | फ्लैट नंबर 1505, 15वां तल, टावर बी-3, प्लॉट नंबर जीएच-16 ए, प्रतीक्षा सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, जी बी नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (गुरूग्राम - सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर : 00042554) पंकज भारती (कर्जदार) मनोज कुमार विश्वकर्मा (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 20,49,222/- (रूपए बीस लाख उन्चास हजार दो सौ बाईस मात्र) एनपीए (10-12-2020) | फ्लैट नंबर 2006, 20वां तल, टावर पर्ल सिक्का काम्या ग्रीन्स, सेक्टर-10, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (राज नगर शाखा का एलसी नंबर : 00000678) सतीश चौहान (कर्जदार) आशा रानी (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 16,67,872/- (रूपए सोलह लाख सड़सठ हजार आठ सौ बहत्तर मात्र) एनपीए (10-12-2020) | फ्लैट नंबर 605, ब्लॉक कोरल ए, शालीमार सिटी, दिल्ली वजीराबाद रोड, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 00000637) विशाल छाबड़ा (कर्जदार) राजप्रीत कौर (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 14,49,372/- (रूपए चौदह लाख उन्चास हजार तीन सौ बहत्तर मात्र) एनपीए (10-12-2020) | फ्लैट नंबर टी-803, 8वां तल, टावर टेरा, प्रोजेक्ट गायत्री लाइफ, प्लॉट नंबर 1एफ, सेक्टर-16, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 00000641) राम कुमार मेहतो (कर्जदार) सुनयना देवी (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 10,64,054/- (रूपए दस लाख चौंसठ हजार चौवन मात्र) एनपीए (09-02-2021) | फ्लैट नंबर ए-308, तृतीय तल, टावर ए मैग्नम्स ओएसिस ग्रीन, प्लॉट नंबर जीएच 5, सेक्टर सी-5, ट्रोनिका सिटी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 |
| (दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा का एलसी नंबर : 00000434) प्रमोद शर्मा (कर्जदार) अमन शर्मा (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 13,60,524/- (रूपए तेरह लाख साठ हजार पांच सौ चौबीस मात्र) एनपीए (10-12-2020) | फ्लैट नंबर 1502, 15वां तल, टावर ट्रांस, रिदम काउंटी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा का एलसी नंबर : 00000455) नरिंदर सिंह (कर्जदार) दलजीत कौर (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 13,24,103/- (रूपए तेरह लाख चौबीस हजार एक सौ तीन मात्र) एनपीए (09-01-2021) | प्लॉट नंबर डब्ल्यूजैड-283/47 ए, द्वितीय तल, छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक डब्ल्यूजैड, ग्राम ख्याला वेस्ट ब्लॉक विष्णु गार्डन, नई दिल्ली-110018 |
| (दिल्ली - सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : 00042604) [illegible] | 24-05-2021/रू. 18,50,169/- [illegible] | फ्लैट नंबर 402, टावर 9, चतुर्थ तल, सेक्टर-33, ग्लोबल [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | एनपीए (10-12-2020) | अशोक नगर, मंडोली रोड, शाहदरा, नई दिल्ली-110018 |
| (कोलकाता थियेटर रोड शाखा का एलसी नंबर : 00043648) कन्हैया तिवारी (कर्जदार) मधु तिवारी (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 23,26,594/- (रूपए तेईस लाख छब्बीस हजार पांच सौ चौरानवे मात्र) एनपीए (09-02-2021) | चतुर्थ तल, एन-डब्ल्यू, स्टेयर के लेफ्ट साइड, परिसर नंबर 51, क्षेत्र मोहन मित्रा लेन, वार्ड 12, पीएस गोलाबाड़ी, सैमलल पार्क के बगल, सल्किया हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711106 |
| (दिल्ली - सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : 00044347) हरीश (कर्जदार) अनीता (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 15,82,313/- (रूपए पंद्रह लाख बयासी हजार तीन सौ तेरह मात्र) एनपीए (09-02-2021) | मकान नंबर 1/9920, आरएचएस, तृतीय तल, छत के अधिकार सहित, गली नंबर 1-जी, खसरा नंबर 541/300, वेस्ट गोरख पार्क, शाहदरा, दिल्ली-110032 |
| (दिल्ली - सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : 00044462) विजय देवी (कर्जदार) राज कुमार (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 15,61,954/- (रूपए पंद्रह लाख इकसठ हजार नौ सौ चौवन मात्र) एनपीए (09-01-2021) | फ्लैट नंबर 106, यूजीएफ, रियर आरएचएस, ब्लॉक-डी, प्लॉट नंबर 94, 95, 75, 76, खसरा नंबर 57, आदित्य अपार्टमेंट, अकबरपुर यूनियन रेजीडेंसी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 |
| (राज नगर शाखा का एलसी नंबर : 00002101) वेदान्त (कर्जदार) रीना देवी (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 10,88,671/- (रूपए दस लाख अठासी हजार छह सौ इकहत्तर मात्र) एनपीए (09-01-2021) | एफएफ-2, प्रथम तल, फ्रंट आरएचएस, छत का अधिकार नहीं, प्लॉट नंबर ए-7/10, डीएलएफ अंकुर विहार, ग्राम सादुल्लाबाद, लोनी, परगना गाजियाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00001783) कृष्ण सिंह (कर्जदार) राहुल सिंह (सह कर्जदार 1) महाराज सिंह (सह कर्जदार 2) | 31-05-2021/रू. 9,53,994/- (रूपए नौ लाख तिरेपन हजार नौ सौ चौरानवे मात्र) एनपीए (09-02-2021) | प्लॉट नंबर 38, खसरा नंबर 196 एवं 197, कृष्ण वाटिका कालोनी निकट जय गुरूदेव मंदिर, मथुरा, उत्तर प्रदेश-281002 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर : 00001767) योगेश कुमार त्यागी (कर्जदार) अनुपम (सह कर्जदार 1) | 31-05-2021/रू. 6,77,302/- (रूपए छह लाख सतहत्तर हजार तीन सौ दो मात्र) एनपीए (11-03-2021) | प्लॉट नंबर 29, खसरा नंबर 885 का भाग, ग्राम बेगमाबाद बुढाना, जलालाबाद, मोदी नगर, निकट फफराना रोड, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201204 |
| (फरीदाबाद शाखा का एलसी नंबर : 00000009) अजय कुमार सिंह (कर्जदार) रंजीता सिंह (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021/रू. 20,86,218/- (रूपए बीस लाख छियासी हजार दो सौ अठारह मात्र) एनपीए (09-01-2021) | बी 5/0203, द्वितीय तल, क्रीसेंट पार्क इबोनी ग्रीन्स, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |

यदि उक्त कर्जदार डीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, डीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण डीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 08-10-2021
स्थान : दिल्ली

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

**Public Notice**

To be known to all that I, Abha Midha W/o Late Anil Midha R/o F-40, Bali Nagar, New Delhi-15 the legal owner of DDA Janta Flat No-1529, Second Floor, Pkt-16-B Dwarka, Phase-II, Delhi has applied for conversion of the aforesaid property from Lease Hold to Free Hold in DDA. The Original Allotment Letter, DDA Possession Letter, Site Possession Letter, Water & Electricity NOC & Conveyance Deed & other Misc. Paper etc. of above said Flat have been lost. An FIR/NCR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch Delhi Vide LR No: 789170/2021. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address/phone no. 9599957455 within 15 days from the date of publication of the notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (Housing) R Block 3rd Floor or Director (H) A-Block Vikas Sadan INA, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mr. Mayank Jain and Mr. Parag Jain are the owners of Entire Upper Ground Floor & First Floor, without roof rights of Property bearing No.B-976, 51 sq. yds., on Plot No. 46, out of Khasra No. 179, 180, 181 and 182 and 177, Village Neemri, abadi known as Shastri Nagar, Delhi "Said Property" vide Gift Deed dated 20.07.2021, duly registered as Doc No. 6795, & Gift Deed dated 20.07.2021, duly registered as Doc No. 6796, respectively. All persons are hereby informed that above mentioned owners want to take loan from our client Fullerton India Home Finance Ltd by mortgaging the said property. If anybody has any objection/s upon the said property, and its ownership/ its Title/ Mortgage, Sale, Etc. the kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

सभी जन ये सूचित किया जाता है की हम, हरद्वारी लाल मदन गोपाल, भारतीय भागीदारी अधिनियम के तहत पंजीकृत साझेदारी फर्म, जिसका पंजीकृत कार्यालय 58-बी, नवीन मंडी स्थल, मुजफ्फरनगर में स्थित है, यह बताना चाहते है कि हम प्लॉट नंबर 42, ब्लॉक-सी, सुशांत लोक, फेज-1, गुरुग्राम के वर्तमान मालिक है। अतः सभी जन से यह निवेदन है कि हमारे अलावा कोई अन्य व्यक्ति आपके साथ उपरोक्त संपत्ति की बिक्री/खरीद/अतिक्रमण/अवैध निर्माण में भागीदारी करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवहि कि जाएगी।

धन्यवाद और सादर
शिखा गर्ग और सुनीता गर्ग
मैसर्स हरद्वारी लाल मदन गोपाल के पार्टनर्स

**PUBLIC NOTICE**

My client Prateek Sharma S/o Raj Kumar Sharma, R/o F-5, Ground floor. Near S.T. Margreat School, Sector-14. Rohini, Delhi-110085 has changed her minor daughter surname from Venus Gupta to Venus Kashyap and for future references her name would be Venus Kashyap D/o Prateek Sharma, R/o F-5, Ground floor, Near S.T Margreat School, Sector-14, Rohini. Delhi-110085 and the same would be used for all future purposes.

**Vineet Lakhani (Advocate)**
**Ch. No. D-301, Karkardooma Courts, Delhi**

**PUBLIC NOTICE**

My clientess Mamta Rani D/o Rajesh Kumar W/o Prateek Sharma, R/o F-5, Ground floor. Near S.T Margreat School, Sector-I4, Rohini. Delhi-110085 has changed her surname from Rani to Sharma and thereby has adopted the surname of her husband i.e. Sharma and for future references my clientess name would be Mamta Sharma W/o Prateek Sharma, R/o F-5 Ground floor, Near S.T Margreat School, Sector Rohini -14. Delhi-110085 and the same would be used for all future purposes.

**Vineet Lakhani (Advocate)**
**Ch. No. D-301, Karkardooma Courts, Delhi**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public at large the my client Mamta Rani D/o Rajesh Kumar, R/o 19-20, Third floor, Pocket -5, Near Ryan International School, sector-25 Delhi-110085 had been taken divorce from her previous husband i.e. Javed Akhtar on 30/
**10/2014 as per Muslim Law.**

**Vineet Lakhani (Advocate)**
**Ch. No. D-301, Karkardooma Courts, Delhi**

## बिक्री सूचना

निम्नलिखित आस्तियां अधोवर्णित मामलों में, न्यायालय के आदेशों के अनुसार, बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएंगी :-

| वाद विवरण | आस्ति विवरण |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम चांद सैफी, वाद सं. 06/18 | वाहन नंबर - यूपी16ईटी2968, मेक तथा माडल - निस्सान डाटसन गो, विनिर्माण वर्ष - 2016 |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम संजय कुमार पंडित वाद सं. 933/18 | वाहन नंबर - डीएल1जैडए7554, मेक तथा माडल - हंडई एक्सेंट वीटीवीटी टी, विनिर्माण वर्ष - 2016 |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम कुलविन्दर सिंह, एफएओ 213/2015 | वाहन नंबर - पंजीकरण नहीं, मेक तथा माडल - मारूति एर्टिगा, विनिर्माण वर्ष - 2013 सुरक्षित मूल्य - रू. 1,00,000/-, ईएमडी- रू. 10,000/-, टीडी/पीओ, ईएमडी का आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम महकार सिंह, सीएम(एम) 549/2020 एवं सीएम अपील, 27986/2020 | वाहन नंबर - यूपी16डीटी4118, मेक तथा माडल - शेव्रोले एन्जॉय, विनिर्माण वर्ष - 2015 - सुरक्षित मूल्य - रू.1,20,000/-, ईएमडी- रू. 12,000/-, टीडी/पीओ, ईएमडी आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम विकास कुमार वर्मा, सीएस डीजे सं. 900/18 | वाहन नंबर - डीएल1जैडए8496, मेक तथा माडल - शेव्रोले सैल, विनिर्माण वर्ष - 2016 |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम पंकज देवी, सीएस सं. 3685/17 | वाहन नंबर - डीएल1डब्ल्यू1442, मेक तथा माडल - अशोक लेलैंड एएल दोस्त एलएस, विनिर्माण वर्ष - 2015 |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम पुनीत सीएस (सीओएमएम) सं. 900/2019 | वाहन नंबर - एचआर55एए9780, मेक तथा माडल - महिन्द्रा केयूवी 100 के4 प्लस डी, विनिर्माण वर्ष - 2016 |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम मीनाक्षी सिंह खरवार, सीएस डीजे 6476/18 | वाहन नंबर - यूपी16ईटी3403, मेक तथा माडल - निस्सान माइक्रा, विनिर्माण वर्ष - 2017 |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम सुबोध कुमार 471/17 | वाहन नंबर - यूपी14एफटी7914, मेक तथा माडल - टाटा इंडिगो ईसीएस, विनिर्माण वर्ष - 2006 |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम राजर्षि गुहा, सीएस सं. 56/17 | वाहन नंबर - डीएल3सीबीए7610, मेक तथा माडल - होंडा जाज़, विनिर्माण वर्ष - 2012 |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम माखन गर्ग, वाद सं. 3630/17 | वाहन नंबर - डीएल1एलडब्ल्यू5114, मेक तथा माडल - टाटा एस, विनिर्माण वर्ष - 2015 सुरक्षित मूल्य - रू. 30,000/-, ईएमडी- रू. 3,000/-, टीडी/पीओ, ईएमडी आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम गिरराज, एक्स नंबर 192/21 | वाहन नंबर - डीएल1एलवी4764, मेक तथा माडल - टाटा एस सीएनजी, विनिर्माण वर्ष - 2015 |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम हिमांशु गुप्ता,सीएसएससीजे सं. 1617/19 | वाहन नंबर - डीएल4सीएयू7519, मेक तथा माडल - मारूति ईको ग्रीन, विनिर्माण वर्ष - 2016 |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम दलेर सिंह, सीएस (सीओएमएम) सं. 1450/2019 | वाहन नंबर - डीएल8सीएयू9121, मेक तथा माडल - हंडई आई-20, ईर्पोट डिजल विनिर्माण वर्ष - 2018 |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम चंदन झा, सीएस (सीओएमएम) सं. 1258/2019 | वाहन नंबर - एचआर51बीडी5224, मेक तथा माडल - हंडई ग्रैण्ड आई-10 मैग्मा, विनिर्माण वर्ष - 2015 |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम पुष्पा, सीएस (सीओएमएम) सं. 587/19 | वाहन नंबर - यूपी14जीटी2066, मेक तथा माडल - मारूति वैगन आर ग्रीन एलएक्सआई, विनिर्माण वर्ष - 2017 |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम सुबोध कुमार, सीएम (एम) 602/2020 एवं सीएम अपील 30659/2020 | वाहन नंबर - यूपी14एफटी6208 मेक तथा माडल - रीनॉल्ट लॉजी आरएक्सई, विनिर्माण वर्ग 2016 सुरक्षित मूल्य - रू. 1,60,000/-, ईएमडी- रू. 16000/-, टीडी/पीओ, ईएमडी आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए |

नीलामी की तिथि एवं समय : 25-अक्टूबर-2021 समय पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक
स्थान : गोदरा यार्ड, खेवट नंबर 166/1,
निकट अतुल कटारिया चौक, ज्ञान देवी स्कूल के पीछे, सेक्टर-17,
सुखराली, गुरूग्राम-122022
सम्पर्क व्यक्ति :- राजीव रंजन (8584874809)/जितेन्द्र कुमार (7304914763)

बिक्री की शर्तें

उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें। सभी बोलीदाताओं को नीलामी में भाग लेने के लिए मूल केवाईसी प्रमाणों और जहां लागू है, ईएमडी के मूल डीडी के भी साथ के साथ साइट पर आना होगा।

सफल अनुमोदित बोलीदाता को बिक्री राशि (ईएमडी राशि छोड़कर) पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट/आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से नीलामी की तिथि से 5 दिन के भीतर जमा करनी होगी। यदि आप शेष बिक्री राशि 5 दिन के भीतर जमा करने में असफल रहते हैं तो आपके द्वारा जमा की गई ईएमडी राशि जब्त कर ली जाएगी।

इच्छुक बोलीदाता उक्त दृष्टिबंधित वाहन के विस्तृत विवरण तथा निरीक्षण के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, एसडी टावर, कम्युनिटी सेंटर, प्लॉट नंबर-7, रोहिणी, सेक्टर-8, नई दिल्ली-110085 पधार सकते हैं।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# हर साल 1 से 15 नवंबर तक सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण

## दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने जारी किया पांच सालों के आंकड़ों का विश्लेषण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मानसून के विदा होने का समय आते ही दिल्ली एनसीआर में सांसों के आपातकाल का दौर भी नजदीक आ गया है। पिछले कई दिनों से संतोषजनक श्रेणी में चल रही हवा अब मध्यम श्रेणी में आ गई है। सप्ताह के अंत तक इसके खराब श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। पंजाब, हरियाणा में पराली जलाने का सिलसिला शुरू हो गया है। ऐसे में डेढ़ महीने तक राहत मिलने की संभावना कम ही है। इस बीच दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों का विश्लेषण कर दावा किया है कि राष्ट्रीय राजधानी में लोग हर साल एक से 15 नवंबर के बीच सबसे खराब हवा में सांस लेते हैं।



फाइल फोटो

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के अनुसार राजधानी दिल्ली का औसत पीएम-2.5 का स्तर 16 अक्टूबर से 15 फरवरी के बीच बहुत खराब और गंभीर श्रेणी के बीच रहता है। वहीं एक नवंबर से 15 नवंबर के बीच पीएम-2.5 सांद्रता औसतन 285 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहती है। पीएम-2.5 को 61 से 120 के बीच मध्यम से खराब, 121 से 250 के बीच बेहद खराब, 251 से 350 के बीच गंभीर और 350 से अधिक होने पर अति गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

पर्यावरण विभाग के एक अधिकारी ने बताया 15 अक्टूबर से एक नवंबर के बीच प्रदूषण में बड़े पैमाने पर बढ़ोत्तरी दर्ज की जाती है। पीएम-2.5 का औसत स्तर 80 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से 285 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक पहुंच जाता है। इस दौरान वे सभी गतिविधियां काफी सक्रिय होती हैं, जिनसे प्रदूषण अधिक फैलता है।

इस समय में पराली भी सबसे अधिक जलायी जाती है। पटाखे जलाने का धुआं और धूल प्रदूषण भी होता है।

राजधानी में 16 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच दूसरा सबसे अधिक प्रदूषित समय होता है। इस दौरान पीएम-2.5 सांद्रता औसतन 218 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहती है। वायु प्रदूषण स्तर अधिक होने का मुख्य कारण कचरा जलाना है, क्योंकि यही वह समय है, जब तापमान काफी कम रहता है और त्योहार भी अधिक होते हैं। इसके बाद तीसरी अवधि जब प्रदूषण सबसे अधिक फैलता है, वह एक जनवरी से 15 जनवरी के बीच का समय है। इस दौरान पीएम-2.5 सांद्रता औसतन 197 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहती है। आंकड़ों के अनुसार सरकार प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए शीतकालीन कार्य योजना के तहत कार्रवाई करेगी।

### धूल नियंत्रण नियमों का पालन 90 फीसदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में निर्माण और विध्वंस स्थलों पर धूल नियंत्रण दिशा निर्देशों के पालन में सुधार हुआ है। यह पिछले साल नवंबर-दिसंबर के 63 प्रतिशत से बढ़कर इस साल जुलाई-अगस्त में 90 प्रतिशत हो गया है। आंकड़ों के अनुसार डीपीसीसी की टीम ने पिछले साल नवंबर-दिसंबर में 11,489 स्थलों का निरीक्षण किया था। इनमें से 7,288 (63 प्रतिशत) धूल नियंत्रित करने के उपायों का पालन करते पाये गये। इसी तरह इस साल जुलाई-अगस्त में 5,619 स्थलों का निरीक्षण किया गया और इनमें से 5,049 (90 प्रतिशत) ने नियमों का पालन किया।

डीपीसीसी के सदस्य सचिव के एस जयचंद्रन ने बताया कि धूल नियंत्रण के उपायों के अनुपालन में बढ़ोत्तरी के कारण वायु गुणवत्ता में बदलाव का पता तभी चल सकता है जब परियोजना संचालित करने वाले अपने निर्माण और विध्वंस स्थलों पर सेंसर लगा देंगे। इन सेंसरों के आंकड़ों को अनुपालन की स्व-निगरानी के लिए शुरू किये गये वेब पोर्टल पर डाला जाएगा।

# एलएंडटी कंपनी पर ठोका पांच लाख रुपए का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मथुरा रोड, प्रगति मैदान के पास निर्माण स्थल का किया औचक निरीक्षण



पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को कहा कि यहां प्रगति मैदान के पास एक अंडरपास के निर्माण के दौरान धूल नियंत्रण दिशा निर्देशों का पालन नहीं करने पर लार्सन एंड टुब्रो कंपनी पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। निरीक्षण के दौरान, उन्हें निर्माण स्थल पर बहुत सारी धूल मिली। धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लगाया गया हरा जाल फटा हुआ था। एंटी स्मॉग गन की टंकी में पानी नहीं था।

गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को मथुरा रोड , प्रगति मैदान के पास निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नियमों का पालन नहीं करने पर निर्माण एलएंडटी कंपनी पर जुर्माना ठोंका। साथ ही नोटिस जारी किया गया है। गोपाल राय बताया कि दो दिन में नियमों का पालन नहीं होने पर काम बंद कराया जाएगा और उसके बाद हर दिन पांच लाख का जुर्माना लगाया जाएगा। सरकारी-निजी एजेंसियों को 14 और 17 सितंबर को बैठक कर जागरूक किया गया था। सार्वजनिक नोटिस भी 21-22 सितंबर को दिया गया। इसके बावजूद नियमों का उल्लघंन किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने धूल प्रदूषण के सेल्फ असेसमेंट को लेकर पोर्टल लॉन्च किया है। निर्माण कार्य के समय 14 नियमों को पूरा करने की ऑनलाइन जानकारी देनी होगी। दिल्ली सरकार ने 7 अक्टूबर से धूल रोधी अभियान शुरू किया। यह 29 अक्टूबर तक जारी रहेगा। निर्माण स्थलों का निरीक्षण करने और स्थिति की निगरानी के लिए 31 टीमों का गठन किया गया है।

### रोहिणी कोर्ट गोलीबारी : टिल्लू ताजपुरिया और नवीन बल्ली गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की रोहिणी अदालत में गोलीबारी कर जितेंद्र गोगी की हत्या के मामले में गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया और नवीन बल्ली को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि अपराध शाखा ने पिछले महीने हुई घटना के कथित मुख्य साजिशकर्ता टिल्लू ताजपुरिया को गोगी की हत्या के सिलसिले में पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद जेल में बंद गैंगस्टर नवीन बल्ली को भी घटना के सिलसिले में मंगलवार को दो दिन की हिरासत में ले लिया गया था।

पुलिस के मुताबिक, गोगी की हत्या की साजिश रचने में बल्ली भी शामिल था। उसके निर्देश पर ही उसका सहयोगी नवीन हुड्डा घटना वाले दिन वकील के वेश में एक नेपाली नागरिक को रोहिणी अदालत ले गया था ताकि वह अन्य हमलावारों राहुल और जग्गा के साथ शामिल हो जाए। ताजपुरिया और बल्ली दोनों मंडोली कारागार की जेल नंबर 15 में बंद हैं। घटना में जेल में बंद गैंगस्टर सुनील राठी की भी भूमिका होने का शक है और वह भी जांच के दायरे में है।

# नवरात्र में खुले मंदिरों के कपाट

## कोविड नियमों का पालन करते हुए भक्तों को कराए जा रहे मां दुर्गा के दर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नौ दिवसीय शारदीय नवरात्री की शुरुआत हो चुकी है। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-आर्चना के लिए मंदिर में सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। मंदिर परिसार मां के जयकारों से गूंज रहा है। मंदिर प्रशासन द्वारा मां दुर्गा के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धलुओं से कोविड नियमों का पालन कराया जा रहा है। कालकाजी मंदिर के मुख्य पुजारी सुरेंद्र नाथ ने कहा मंदिर में नवरात्र के दौरान लाखों लोग आते हैं इसलिए वह सामाजिक दूरी का पालन कराने के लिए एक बार में दो हजार श्रद्धालुओं को परिसार में आने की अनुमति देंगे। श्रद्धालुओं को मंदिर के मुख्य परिसर के बाहर से दर्शन करने की अनुमति होगी। प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग द्वारा बनाए गए हैं। भक्तों से उम्मीद की जाती है कि वे मंदिर के अंदर इसका पालन करेंगे। बिरला मंदिर में भी कड़े कोविड नियमों के तहत दर्शन पूजन हो रहा है।

मंदिर के मीडिया प्रभारी राम गोपाल शुक्ला ने कहा उन्होंने पुलिस से बात की है और सरकार के सभी निर्देशों का पालन किया जा रहा है। प्रवेश द्वार पर साफ-सफाई की सुविधा उपलब्ध है और किसी को मास्क के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा।



गुरुवार को शुरू हुए नवरात्र के पहले दिन दिल्ली स्थित झंडेवाली मंदिर में मां दुर्गा के दर्शन को कतार में खड़े श्रद्धालु। फोटो : रंजन डिमरी

### ऑनलाइन डिजिटल भुगतान को एसबीआई से निगम का करार

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने विभिन्न सेवाओं के ऑनलाइन डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ निगम मुख्यालय में एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उत्तरी दिल्ली नगर निगम की ओर से अतिरिक्त निदेशक (आईटी), हिमांशु गुप्ता द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल से सेवाओं के ऑनलाइन डिजिटल भुगतान में पारदर्शिता आएगी और नागरिकों को सुविधा होगी।

उत्तरी दिल्ली नगर निगम के आयुक्त संजय गोयल ने बताया कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिकों को सबसे आसान तरीके से सुविधा प्रदान करने के लिए यह एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने बताया कि इस पहल से डिजिटल माध्यम द्वारा भुगतान को बढ़ावा मिलेगा और नागरिक कहीं से भी निगम सेवाओं का भुगतान कर सकेंगे।

# एलएनजेपी की खराब स्थिति पर सरकार से मांगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल (एलएनजेपी) की स्थिति खराब रहने का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने आशीष पांडेय की याचिका पर नोटिस जारी किया और दिल्ली सरकार को अस्पताल के कामकाज में सुधार के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए। पांडेय एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती थे। कथित खामियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि आप मीडिया पर आते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि यह काम कर रहा है। यह पहला मौका नहीं है जब हम इसकी सुनवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से कुछ (आरोप) सही होने चाहिए। मैं उन पर शक नहीं करना चाहती। वह (दवा के) कारोबार में नहीं हैं। कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सीमाएं हैं लेकिन आपको तैयारी करने की ज़रूरत है।

याचिकाकर्ता के वकील आस्तिक गुप्ता ने दावा किया कि अस्पताल में भर्ती किए जाने के समय उनके मुवक्किल का कोई कोविड परीक्षण नहीं किया गया था, हर बिस्तर पर 2-3 मरीज थे और एक बार में तीन रोगियों को अल्ट्रासाउंड लैब ले जाया गया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 15-20 घंटे तक शव बिस्तर पर पड़े रहे जबकि मरीज फर्श पर थे।

# फर्जी फोटो अपलोड मामले में छात्र गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के एक प्रतिष्ठित स्कूल की छात्राओं और शिक्षिकाओं का पीछा करने और उनकी फर्जी तस्वीरें सोशल मीडिया पर डालने के आरोप में बिहार से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के छात्र को गिरफ्तार किया गया है।

पटना निवासी महावीर (19) आईआईटी-खगड़कपुर से बीटेक कर रहा है। पुलिस के मुताबिक, उसने उत्तरी दिल्ली के एक प्रतिष्ठित स्कूल की 50 से अधिक छात्राओं और शिक्षिकाओं को परेशान किया है।

उन्होंने बताया कि महावीर फर्जी कॉलर आईडी का इस्तेमाल करता था और पीड़िताओं से वर्चुअल नंबर से व्हाट्सऐप पर संपर्क करता था। अपनी पहचान छुपाने के लिए वह आवाज़ बदलने वाली ऐप का भी इस्तेमाल करता था।

पुलिस ने बताया कि वह पीड़िताओं के नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी प्रोफाइल बनाता था और उनपर छात्राओं की छेड़छाड़ की गई तस्वीरों को अपलोड करता था। 'साइबर स्टॉकिंग' (इंटरनेट पर पीछा करने) को लेकर बुधवार को स्कूल प्रशासन से शिकायत मिलने के बाद मामला सामने आया।

### डीयू ने ओबीसी सेकेंड ट्रांच पदों को भरने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के असिस्टेंट रजिस्ट्रार ( कॉलेजिज ) ने दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों / निदेशकों / संस्थानों को एक सर्कुलर जारी कर शैक्षणिक पदों की भरी जाने वाली रिक्तियों से संबंधित ओबीसी आरक्षण रोस्टर के सेकेंड ट्रांच के पदों के बारे में दिशा निर्देश जारी किए है । ओबीसी पदों को भरने के लिए एक दशक बाद यह सर्कुलर जारी किया गया है। ओबीसी सेकेंड ट्रांच के पदों को भरने संबंधी सर्कुलर जारी करने का आम आदमी पार्टी के शिक्षक संगठन दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन ( डीटीए ) के अध्यक्ष डॉ. हंसराज सुमन ने स्वागत किया है । साथ ही सेकेंड ट्रांच के पदों को भरने को लेकर एडहॉक शिक्षकों व शोधार्थियों में खुशी का माहौल है । उनका कहना है कि पिछले एक दशक से इन पदों को भरने की मांग की जा रही थीं ।

# डेंगू, मलेरिया एवं चिकुनगुनिया की रोकथाम को कवायद तेज



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली नगर निगम में शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा वजीराबाद स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में लगभग 1500 पुलिस कर्मचारियों को डेंगू, मलेरिया एवं चिकुनगुनिया की उत्पत्ति, कारकों और उसकी रोकथाम के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर उपस्वास्थ्य अधिकारी, डॉ माधुरी पंत, कीटविज्ञानी, सुश्री शालिनी कोहली तथा जनस्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों सहित शाहदरा उत्तरी क्षेत्र में स्थित पुलिस थानों से काफी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

उपस्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम और पुलिस विभाग दोनों ही जनसेवा के लिए कार्य करते हैं इसलिए मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए दोनों का आपसी सहयोग जरूरी है। उपस्वास्थ्य अधिकारी ने बैठक में आए सभी पुलिसकर्मियों से पूर्वी दिल्ली नगर निगम की इस मुहिम में अपना सहयोग करने की अपील की। इसके अलावा शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र द्वारा क्षेत्रीय मुख्यालय में अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य पूर्वी दिल्ली नगर निगम में मच्छर जनित बीमारियों के रोकथाम एवं उपचार हेतु विभिन्न विभागों की भागीदारी को सुनिश्चित करना था।

**LOST & FOUND**

Nikunj Daga S/o Raj Kumar Daga and Aakshay Daga S/o Ashok Kumar Daga both residence of 7/18, Kalkaji Exten. New Delhi-110017, We declare that (Allotment letter, Seller Buyer Agreement and Possession letter of plot No.-57, Block-E, Sector-107, in Mega Township known as "Uniword City" situated in sector-97, 106 and 107 at SAS Nagar Mohali, Punjab) has been lost/ misplaced not traceable.

**LR No-774807/2021**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार पूजा जैन, प्रथम तल , प्रॉपर्टी न. 116-बी, रिक्टर न. 12, किला न. 13, सोम बाजार चौक, न्यू लायाल पूर कॉलोनी, गाँव खुरेजी खास इल्लाका शाहदरा, दिल्ली, को अमर जैन से खरीदने जा रहे है तथा आदित्या बिरला फाइनान्स लिमिटेड के साथ बंधक रख रहे है, तथा अमर जैन के पास उक्त संपत्ति से सम्बंधित, 1. राजो देवी की वसीयत का प्रोबेट, 2. स्नेह लता जैन की वसीयत का प्रोबेट,और 3. मूल मुख्तयरनामा न. 36772, दिनांक 26.09.2002 नही है. यदि उक्त संपति पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाये पूजा जैन, अमर जैन और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा.अगर कोई व्यक्ति उक्त संपति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न. पर इस प्रकाशन के 8 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति की जानकारी दे दे.

एडरॅम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट,सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही-७५.
मः- ९८९९०१३९१८

**पहचान की अपील**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **नामालूम पुत्र नामालूम** निवासी नामालूम आयुः लगभग 55 वर्ष, कदः 5'9'', रंग सांवला, मज़बूत शरीर, गोल चेहरा, सफेद दाढ़ी, पहचान के लिए: दाहिने हाथ पर ओम का निशान जो दिनांक 05.10.2021 को सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में डीडी संख्या 39-ए दिनांक 05.10.2021 थाना सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी सज्जन को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो नीचे लिखे पते पर सूचित करें।

थाना प्रभारी
थाना सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली
फोनः 011-24106345, 24106346

DP/871/SW/2021

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अब्दुल करीम वानी, महबूबा अख्तर, मैसर्स गुलाम अहमद वानी, आर-8, प्रथम तल, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-II, दिल्ली, खाता नंबर - एलबीडीईएल00001654457 | प्लॉट नंबर आर-8, प्रथम तल, ब्लॉक-आर, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-II, दिल्ली, | 09-07-2021 रू. 74,27,377/- | 08-01-2020 |
| 2. | मनीष जैन, कोहिनूर ज्वैल स्टूडियो, मधु जैन, रूपल जैन, 81 वीर नगर, जैन कालोनी, दिल्ली, खाता नंबर - एलबीडीईएल00001587524 | डी-81, द्वितीय तल, वीर नगर, निकट राणा प्रताप बाग, जैन कालोनी, दिल्ली, | 09-07-2021 रू. 33,06,793/- | 31-03-2020 |
| 3. | नितिन राजेन्द्र अदाके, प्रतिमा नितिन अदाके, फ्लैट नंबर 603, बिल्डिंग सी 2, सन एम्पायर, वडगांव बुडरक, निकट सनसिटी, पुणे, महाराष्ट्र, खाता नंबर - एलबीडीईएल00001080229 | फ्लैट नंबर 603, छठा तल, सी 2,एम्पायर सन वडगांव बुडरक, निकट सनसिटी, पुणे, महाराष्ट्र, | 09-07-2021 रू. 17,31,665/- | 08-11-2020 |
| 4. | ओम प्रकाश छोनकर, कौशल्या देवी, 34-डी, मयूर विहार, फेज-II, पाकेट-बी, दिल्ली, खाता नंबर - एलबीडीईएल00000787949 | ए-12, शालीमार गार्डन-II, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 05-07-2021 रू. 2,47,925.4/- | 29-09-2020 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 08-10-2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
प्रत्याभूत क्रेडिटर

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**
**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**चल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत चल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना । एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटर (रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/ प्रभारित निम्नवर्णित चल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है, जैसी है जो भी है तथा जो भी वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | दिनेश (कर्जदार), LAROH00034435594 | हुंडई मोटर्स लिमिटेड एक्सेंट, निर्माण वर्ष 2016 पंजीकरण सं. एचआर46डी0050 | रू. 6,28,941.15/- (अक्टुबर 04, 2021 तक) | रू. 1,10,000/- रू. 25,000/- | अक्टुबर 25, 2021 को दो. 12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | अक्टुबर 30, 2021 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी कार देखो की वेबसाइट **(URL Link-https://auction.cardekho.com)** पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेशिती दिनांक **अक्टुबर 29, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अन्तिम
अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर यह/ये प्रत्याभूत आस्तिं/या की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को उनके प्रस्ताव उपरोक्त धरोहर जमा राशि (कॉलम 'ङ' में वर्णितअनुसार) सहित एक मोहरबंद लिफाफे में 'सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रस्ताव'', शीर्षांकित कर इस प्रकार प्रस्तुत करें कि **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट, **कार देखों, कॉमेट इमार डिजिटल ग्रीन्स 11 वां माला टावर-बी सैक्टर-61 (सोहना रोड) बहरानपुर नया गुड़गांव -122102** स्थित कार्यालय में दिनांक **अक्टुबर 29, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व पहुंच जानी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक संचालक के लिए नीलामकार के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। ईएमडी डीडी/ पीओ राष्ट्रीयकृत अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड'** के पक्ष में एवं **दिल्ली** में देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के निबंधन एवं शर्तों या निविदा जमा कराने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर **8584874809** या कार देखें मोबाइल नम्बर **7412066541** पर सम्पर्क करें।
निविदाएं केवल बैंक/ई-नीलामी विक्रेता। पदाधिकारी द्वारा अन्तिम तिथि एवं कट-ऑफ समय से पूर्व, पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त एवं पंजीकृत की गई निविदाएं ही नीलामी हेत मान्य होगी। प्राधिकृत अधिकारी बगैर कोई कारण बताए किसी भी बोली या समस्त बोलियों को अस्वीकार करने का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया **www.icicibank.com/n4p4s** सम्पर्क करें।

तिथि : अक्टुबर 08, 2021
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Jagdeep Bhalla **"Mortgagor"** who claims to be owner and in possession of **Industrial Unit no. 50, Block-Mahila Udyami Park-01, Sector-Ecotech-03, Greater Noida (UP) (hereinafter called the said property)** by virtue of Sale Certificate dated 31.08.2020 **executed by Punjab National Bank (Oriental Bank of Commerce on the date of Sale)** bearing Doc No 15695 and said Jagdeep Bhalla has agreed to create mortgage of the said Property in favour of our clients, IDFC First Bank Limited, Branch Rajendra Place, N.D.. All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **7 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan** (Advocate)
For Diwan and Company LLP, Advocates and Solicitors
House No.2 (LGF), NRI Complex, N. Delhi-19 M. 9818399999

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड,**
**लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी (नैनीताल)**
(Phone/Fax) : 05946-223352 E-mail- ee_ndhal@rediffmail.com

पत्रांक : 3085/2 ए0सी0
दिनांक : 05/10/2021

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, हल्द्वानी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 13.10.2021 को आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.10.2021 से दिनांक 12.10.2021 तक किसी भी कार्यदिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 13.10.2021 अपरान्ह 03.00 बजे तक निम्नाकित कार्यालयों में निविदा बॉक्स में डाले जा सकते है। निविदा के साथ वाँछित धरोहर राशि एन०एस०सी०, डाकघर बचत बैंक पास बुक अथवा भारत में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी के पदनाम से बन्धक हो, लगाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रु० 100/- के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर रु० 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्त के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है।
1-कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो0नि0वि0, नैनीताल 2-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, हल्द्वानी। 3-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, रामनगर 4-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, रूद्रपुर।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (₹) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने हेतु समय | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एन0एच0-87 मोटर मार्ग में मण्डी गेट से अन्सारी फर्नीचर तक (कि0मी0 81.600 से 85.000) पैंच मरम्मत का कार्य। | 17800.00 | 1000.00 + GST | 120 दिन | 04 माह | डी एवं उच्चतर |
| 2 | जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र लालकुऑ के अन्तर्गत बरेली रोड़ से तल्ली हल्द्वानी क्षेत्र के आन्तरिक मार्गों के पहुँच मार्गों का इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा निर्माण कार्य। | 15000.00 | 1000.00 + GST | 120 दिन | 04 माह | डी एवं उच्चतर |

निविदा दिनांक 14.10.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, हल्द्वानी के कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी।

1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी

# भारत आकर घड़ियों की दुकान शुरू करके परिवार का पालन शुरू किया...

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

### ओमप्रकाश बन्धु ने बंटवारे के समय की बातों को किया सांझा

वर्ष 1947 के गदर के समय ओमप्रकाश बन्धु बहुत छोटे थे, लेकिन उस गदर की दास्तां उनके पिताजी जगदीश चन्द्र ने उन्हें बताई थी। हर बात पत्थर की लकीर की तरह अपने जेहन में बिठाए हुए ओमप्रकाश बन्धु जब सुनाते हैं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। खैर, किसी तरह उनका परिवार भारत पहुंच गया था। यहां आकर काम-धंधा शुरू किया और परिवार का गुजारा होता रहा।

ओमप्रकाश बन्धु बताते हैं कि उनके पिता पांच भाई-बहन थे। सभी विवाहित थे। गांव विन्डो, तहसील तौंसा, जिला डेरा गाजी खान में रहते थे। अच्छी जमीन जायदाद थी। उनके पिता जगदीश चंद्र (लाला जी) ने पाकिस्तान में नवाब से गुहार लगाई थी कि उन्हें सुरक्षा दी जाए। नवाब ने अपने कुछ लोगों को उनके परिवार रक्षा के लिए भेजा और वह रात्रि को उन्हें कराची तक पहुंचाया। ओमप्रकाश बन्धु के मुताबिक लाला जी के पास उस समय 10 हजार रुपये का इम्पीरियल बैंक जोधपुर का चेक था। उस राशि से वे कराची से पानी वाले जहाज में मुंबई पहुंचे।


ओमप्रकाश बन्धु

मुंबई से दिल्ली और फिर दिल्ली से गुरुग्राम आ गये। गोशाला ग्राउंड में टेंटों में कई परिवारों की रिहायश थी। उन्हें गुरुग्राम के मांडीखेड़ा (अब मेवात में है) में जमीन अलॉट की गई।

पूरा परिवार मांडीखेड़ा में जा बसा। उनके पिता जगदीश चंद्र की नौकरी पलवल में लग गई। ओमप्रकाश के मुताबिक उनके पिता व चाचा साहब राम वहां से उन्हें गुरुग्राम ले आए। यहां चाचा ने घड़ियों का काम शुरू किया। उनके पिता को दिल्ली में नौकरी मिल गई। उस समय पंजाब सरकार ने 40 वर्ग गज की कोठियां बनाई। उनके परिवार को गुरुग्राम के अर्जुन नगर में एक कोठी अलॉट हुई। यहां रहकर परिवार ने खुद को स्थापित किया। आज परिवार हर तरह से मौज में है।

# संजय मित्तल बने व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

**कैलाश मंगला।** होडल

**आप** के संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के दिशा-निर्देशानुसार व्यापारी प्रकोष्ठ संगठन के विस्तार को लेकर दक्षिण हरियाणा अध्यक्ष अमन गोयल ने गुरुवार को नेशनल हाइवे हसनपुर चौक के निकट कार्यकर्ताओं की बैठक ली और पार्टी का विस्तार किया। अध्यक्ष अमन गोयल ने व्यापार प्रकोष्ट का संजय मित्तल को पलवल जिले का अध्यक्ष मनोनीत किया।

इस मौके पर उनके साथ हरियाणा के प्रशिक्षण प्रभारी मांगेराम शर्मा, व्यापारी संगठन के महावीर, सोनू मित्तल, राजीव मित्तल, रोहताश मित्तल, जगदीश मित्तल एवं फरीदाबाद के जिला उपाध्यक्ष सरदार तेजवंत सिंह बिट्ठू, इकबाल, अरशद, दीपक मित्तल, विशाल श्रीवास्तव, योगराज शर्मा भिड़ूकी, युवा संगठन के जिला उपाध्यक्ष रवि मौजूद रहे।

इस मौके पर अमन गोयल ने लखीमपुरी खीरी की घटना एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के किसान विरोधी बयान को लेकर प्रेसवार्ता को भी सम्बोधित किया। लखीमपुरी खीरी की घटना को लेकर उन्होंने कहा कि अजय मिश्रा पहले भी किसानों को लेकर विवादित बयान देते रहे हैं कि सुधर जाओ वरना मारे जाओगे।

## संक्षिप्त समाचार



### स्कूली बच्चों को निशुल्क किताबें व बस्ते बांटे

**हापुड़।** गौतम बुद्ध हैंडिकैप्ड चैरिटेबल स्कूल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में बृहस्पतिवार को स्कूली बच्चों को निशुल्क किताब एवं बैग वितरित किए गए। इंस्टीट्यूट के प्रधानाचार्य रामभूल सिंह ने बताया कि कोविड-19 के चलते स्कूल बंद होने के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हुई है लेकिन अब स्कूलों को शर्तो के साथ खोला गया है। जिसके चलते बृहस्पतिवार को समाजसेवी देवी सिंह उर्फ देवी चाचा प्रोफेसर, असि. प्रोफेसर ओमपाल सिंह, अध्यक्ष सचिन कुमार कैन, बिट्ठू, जतिन आदि के सहयोग से स्कूल में करीब दो सौ बच्चों को निशुल्क किताब व बस्ते वितरित किए गए हैं। इस मौके पर इंस्टिट्यूट के प्रबंधक अशोक आजाद ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सर्व शिक्षा अभियान को साकार करते हुए जनहित में स्कूल द्वारा पिछले कई वर्षो से गरीब व विकलांग बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही हैं। उपप्रधानाचार्य सुषमा, राहुल, सुमन आदि मौजूद रहे।

### जयंत ने की आर्शीवाद पथ यात्रा की शुरुआत



**हापुड़।** बाबूगढ़ क्षेत्र के नूरपुर की मढैया गांव में राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह पहुंचे और योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। टीवी एक्ट्रेस कंगना रनौत और मुख्यमंत्री योगी की मुलाकात पर कमेंट भी किये। गांव नूरपुर मे पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी मंच से बोलेहमने जो आशीर्वाद पथ कार्यक्रम शरू किया है। हमें उन लोगों से लड़ाई लड़नी है जिनके कथनी, करनी में बहुत अंतर है, हमें उनसे लड़ना है। एक एक्ट्रेस कंगना रनौत ने किसानों को आतंकी कहा है। यह लखनऊ में योगी से मिली जिन्हें भगवान राम की तरह तपस्वी बताया है। लखीमपुर घटना का ज़िक्र करते हुए बोले कि मुझे रोकने के लिए पूरा प्रशासन लगा हुआ था, 18 साल के कुलप्रीत की बहनें और चाचा मुझे मिले। लखीमपुर में बहुत दु:खद माहौल है।

### भेदभावपूर्ण नामांकन प्रक्रिया के विरोध में अभाविप

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दिल्ली ने बीते 4 अक्टूबर से शुरू हुए नामांकन प्रक्रिया में हो रही भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस सेंटर में शाम 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक धरना दिया। गौरतलब हो कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने सत्र 2021-22 के नामांकन हेतु बीते 1 अक्टूबर को पहली कट ऑफ जारी की थी जिसमें पिछले वर्षो की तुलना में अनियमित उछाल देखने को मिला, यह उछाल सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों के लिए भेदभावपूर्ण था क्योकिं उनके पास शहरों में रहने वाले छात्रों के मुकाबले संसाधन और अवसर कम होते है। इस ऊँचे कट ऑफ के कारण केवल कुछ बोर्ड के छात्र ही देश के सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में दाखिला लेने में सक्षम हो पा रहे है, जो कि काफी गलत है। दिल्ली प्रान्त मंत्री एवं राष्ट्रीय मीडिया संयोजक सिद्धार्थ यादव ने कहा कि देश के सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के लिए छात्र पूरे साल की मेहनत करते है लेकिन इस बार जो कट ऑफ आयी है उसने 99 प्रतिशत लाने वाले छात्र को भी विश्वविद्यालय की सड़कों पर अपने नामांकन के लिए घूमने पर मजबूर कर दिया है।

### टीकाकरण एवं मुफ्त राशन शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के भाजपा विधायक व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार के निवार्चित प्रमुख के रूप में 20 वर्ष पूरे करने पर नि:शुल्क टीकाकरण एवं राशन वितरण शिविर का आयोजन किया। यह कार्यक्रम संपूर्णा सामाजिक संस्था महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन, सेक्टर-9, रोहिणी के प्रांगण में किया। इस शिविर का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने किया। विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि नि:शुल्क टीकाकरण एवं मुफ्त राशन शिविर आयोजित करने का मूल उद्देश्य सभी लोगों, विशेषकर समाज के वंचित वर्गों को कोरोना महामारी से लड़ाई में टीकाकरण के लिए प्ररित करना है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में टीका लगवाने वाले सभी लोगों को 12 किलोग्राम की मुफ्त राशन किट वितरित किया गया। फ्री राशन किट में आटा, दाल, चावल, चीनी, मसाले एवं तेल इत्यादि राशन का सभी जरूरी सामान सम्मिलित है। इस शिविर के माध्यम से 1000 नि:शुल्क टीकाकरण और मुफ्त राशन किट वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिविर का आयोजन अक्षय पात्र फाउंडेशन, होप ऑन्कोलॉजी क्लिनिक, एजेडबी एंड पार्टनर्स तथा प्रसिद्व सामाजिक संस्था संपूर्णा के सहयोग से किया गया।

### ओलंपिक पदक विजेता कुश्ती खिलाड़ी सम्मानित



**नई दिल्ली।** दिल्ली के किशनगंज में नवीकृत इंडियन रेलवे कुश्ती अकादमी के अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने गुरुवार को ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक (रियो 2016), बजरंग पुनिया व रवि दहिया (टोकियो 2020) को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक नवीन गुलाटी, उत्तर रेलवे के खेल-कूद संघ के अध्यक्ष एके खंडेलवाल, उत्तर रेलवे खेल-कूद संघ के सचिव कौस्तुभ मणि और अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे । कुश्ती अकादमी में अभ्यास करने के लिए अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं । अकादमी में नए कुश्ती मैट, जिम उपकरण और अन्य उन्नत सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

### पीपीपी मॉडल पर होगा पार्कों का रखरखाव

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा निगम के क्षेत्राधिकार में स्थित पार्कों की देखभाल के लिए पीपीपी मॉडल पर आधारित योजना की शुरूआत की है जिसके अंतर्गत पूर्वी निगम के अधीन पार्कों के लगभग 950 एकड़ क्षेत्र में से 15 प्रतिशत क्षेत्र अर्थात करीब 135 एकड़ को रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को रखरखाव के लिए दिया जाएगा। इस कार्य के लिए पूर्वी निगम द्वारा संबंधित आरडब्ल्यूए को तीन महीने में प्राथमिकता के आधार पर भुगतान किया जाएगा। बता दें कि पीपीपी मॉडल पर आधारित इस योजना को पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने अग्रिम स्वीकृति दे दी है। महापौर ने बताया कि इस योजना के तहत आरडब्ल्यूए को पार्क का रखरखाव का दायित्व दिया जाएगा और वहीं मालियों की नियुक्ति, पार्क की सिंचाई व्यवस्था, हरियाली एवं उसके सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक कार्य करवाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में डीएसआर, सीपीडब्ल्यूडी के रेट के अनुसार पार्कों के रखरखाव के लिए संबंधित आरडब्ल्यूए को हर महीने 2.14 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर से भुगतान किया जाएगा।

# टावर गिराने में एओए की मदद लेगा प्राधिकरण

## सुपरटेक बिल्डर के अवैध अतिक्रमण पर तीसरे दिन भी हुई कार्रवाई, 90 फीसदी जमीन मुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के सेक्टर-93 में सुपरटेक बिल्डर द्वारा ग्रीन बेल्ट की जमीन पर किए अवैध अतिक्रमण को हटाने के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण का अभियान गुरुवार भी जारी है। बुधवार तक प्राधिकरण ने इस ग्रीन बेल्ट की करीब 90 फीसदी जमीन को अपने कब्जे में ले लिया था। हालांकि यहां लगे डीजे जनरेटर सेट और दूसरे उपकरणों को हटाने में वक्त लगेगा।

लेकिन अफसरों का कहना है कि इस पूरे अभियान में तेजी रखी जाएगी। जल्द ही पूरी जमीन पर प्राधिकरण का अधिकार लिया जाएगा। इस जमीन की फेंसिंग कराने का काम शुरू कर दिया गया है। आने वाले दिनों में इसकी स्थाई रूप से चारदीवारी की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा ट्विन टावरों के बेसमेंट में स्थित दीवार को गिराने का काम जारी रहा। इसको मशीन के बजाए मैन्युल तरीके से गिराया जा रहा है। ग्रीन बेल्ट की यह जमीन बिल्डर के कब्जे में है। इसका खुलासा एसआईटी की जांच और ड्रोन से हुए सर्वे में हुआ था।

अफसरों के मुताबिक सुपरटेक एमरॉल्ड का मैप बनाने वाली दीपक मेहता एसोसिएट्स और मोदार्च आर्किटेक्ट की संलिप्पता भी इस मामले में उजागर हुई है।

एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट में इनके खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी के आधार पर नोएडा प्राधिकरण ने काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर को पत्र लिख कर एजेंसी को डीबार करने के बाद पंजीकरण निरस्त करने के लिए कहा है। दूसरी ओर अभी तक टावर गिराने से संबंधित योजना तैयार करने के लिए नोएडा प्राधिकरण व सीबीआरआई के बीच ही बैठक चल रही थी। लेकिन अब इसमें एओए (अपार्टमेंट एसोएिशन) व बिल्डर को भी शामिल किया जाएगा। सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट की एओए ने संबंधित टावरों को गिराते समय आसपास के टावरों में नुकसान होने और सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि 32 मंजिल के इन टावरों के गिरते समय कंपन होगा। मलबा तेजी से बिखरेगा। इससे आसपास के रिहायशी टावरों को खतरा हो सकता है। खास तौर पर टावर-1 की दूरी निर्माणधीन टावर नंबर.17 से महज 9 मीटर दूरी पर है।

ऐसी में कोई सुरक्षित विकल्प ही टावरों को तोड़ने के लिए चुना जाए। सोमवार को सीबीआरआई कार्ययोजना सौंप देगा। इसके बाद संबंधित औपचारिकताएं पूरी कर टावर गिराने के लिए एजेंसी का चयन किया जाएगा। इसके लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। हालांकि इसमें वक्त लगेगा। जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक अब 2 महीने से कम का वक्त बचा है।

### युवती ने फांसी का फंदा लगाकर दी जान

**नोएडा।** थाना फेस-2 क्षेत्र के भंगेल गांव में रहने वाली 22 वर्षीय युवती ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना फेस-2 के थानाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय ने बताया कि भंगेल गांव में रहने वाली नीरज उर्फ संजना पुत्री गंगा दयाल ने बुधवार रात को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। उपाध्याय ने बताया कि एक अन्य मामले में चौदह वर्षीय किशोरी के बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि भंगेल गांव में रहने वाली किशोरी के परिजनों ने तीन दिन पूर्व रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि विक्की नामक युवक ने किशोरी का बलात्कार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# महिला अस्पताल में शुरू हुआ ऑक्सीजन प्लांट

### सांसद वीके सिंह ने किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



जिला महिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद जनरल वीके सिंह ने गुरुवार को किया।

जिले में अब तक कुल दस ऑक्सीजन प्लांट शुरू हो चुके हैं जबकि एक जल्दी ही लोनी में शुरू होगा। इस अवसर पर वीके सिंह ने कहा कि जिले में ऑक्सीजन की कमी नही होने दी जाएगी। गाजियाबाद में पर्याप्त ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी लहर के आने से पहले ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन प्लांट लगाने की तैयारी है।

इस अवसर पर प्रदेश के राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने कहा कि प्रदेश में कोरोना की सम्भावित तीसरी लहर से बचाव के लिए पर्याप्त इंतज़ाम कर दिए गए हैं। अब यदि तीसरी आती है तो उम्मीद है कि लोगो को ऑक्सीजन की कमी नही होगी। मौके पर डीएम राकेश कुमार सिंह, सीएमओ भवतोष शंखधर, सीएमएस संगीता गोयल, एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

### दीनदयाल उपाध्याय के सपने को पीएम ने किया पूरा : गुप्ता

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि आज ही के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साल 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी और आज 20 साल पूरे हो गए। गुप्ता ने सेवा और समर्पण अभियान के तहत दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण किया है। गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए कहा कि जब तक समाज के आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति को समाज और देश के मुख्यधारा में नहीं जोड़ा जाएगा तब तक भरतीय जनता पार्टी का सपना पूरा नहीं होगा और आज उसी सपने को प्रधानमंत्री मोदी ने सच करके दिखाया है।

# कार चलाते समय बुजुर्ग को आया हार्टअटैक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर के सेक्टर 21 के रहने वाले बुजुर्ग गुरुवार सुबह घर से किसी काम से निकले थे। इस दौरान सेक्टर 18 में अट्टा पीर चौराहे पर कार चलाते समय उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। इस वजह से बुजुर्ग का कार पर से नियंत्रण खो गया।

कार से नियंत्रण खो देने के कारण उनकी कार दो स्कूटी और ऑटो से टकरा गई जिसमें एक स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली सेक्टर 20 प्रभारी मुनीश चौहान ने बताया कि सेक्टर 21 में रहने वाले वीरेंद्र सिंह किसी काम से अपनी आई.10 कार से जा रहे थे। इस दौरान सेक्टर 18 में सब मॉल के पास अट्टा पीर चौराहे पर बुजुर्ग को दिल का दौरा पड़ गया। इसके कारण बुजुर्ग अपनी कार से नियंत्रण खो बैठे और अनियंत्रित कार चौराहे से गुजर रहे दो स्कूटी और एक ऑटो चालक से जा टकरा। दुर्घटना में स्कूटी चालक विनोद गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं ऑटो चालक को भी मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने हार्ट अटैक के कारण बेहोश पड़े बुजुर्ग वीरेंद्र सिंह को भर्ती कराया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

# महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाना होगा : आनंदी

**पायनियर समाचार सेवा।** हापुड़



मोदीनगर रोड स्थित ब्रह्मा देवी सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में आयाजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जनपद हापुड़ के अंतर्गत ब्रह्मा देवी बालिका विद्यालय का महत्वपूर्ण स्थान है जिसमें आज शिशु वाटिका आरंभ की गई है। उन्होंने कहा कि नारी केवल मां, पत्नी के रूप में सम्मानित होने हेतु नहीं है बल्कि आजादी के बाद नारी सभी क्षेत्रों में हिस्सा ले रही है आज की महिला राष्ट्रपति से लेकर विदेश मंत्री रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री के पद पर आसीन हो रही है।

महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं किसी भी देश की प्रगति महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक विकास पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भी महिला सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल की तरफ से 10 कंप्यूटर व ई-लाइब्रेरी ब्रह्मा देवी बालिका छात्रावास की छात्राओं को प्रदान की। इस अवसर पर हापुड विधायक विजयपाल आढ़ती, जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर आदि मौजूद रहे।

# ब्रांडेड बोतलों में घटिया शराब, तीन गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

आबकारी विभाग की संयुक्त टीमों ने यहां की पोस्ट कॉलोनी लोहिया नगर में छापा मारकर इस तरह का खेल करने वाले तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

यह लोग दिल्ली, हरियाणा व अन्य राज्यों से घटिया ब्रांड की शराब यहां लाते थे और यहां पर बड़े ब्रांड की खाली बोतलों में भरकर उसको बाजार में बेचकर मोटी अवैध कमाई कर रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से लाखों रुपए की शराब के अलावा ब्रांडेड कंपनियों की खाली बोतलें, ढक्कन, रैपर व पैकिंग करने के उपकरण भी बरामद किए हैं।

जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आबकारी विभाग की संयुक्त टीम में सम्मिलित आबकारी निरीक्षक अरुण कुमार सेक्टर 6, आशीष पांडेय सेक्टर 4, अखिलेश बिहारी वर्मा सेक्टर 1 ,मय स्टाफ एवं पुलिस टीम थाना सिहानी गेट ने लोहियानगर में छापा मारा तथा वीरपाल यादव , रमेश कुमार व भूपेंद्र कुमार निवासी बदायूं को गिरफ्तार लिया।


बरामद अवैध शराब की बोतलों।

# संयुक्त जिला चिकित्सालय में फिर शुरू हुई सर्जरी

### सर्जन के तबादले के बाद डॉक्टर न होने से हो रही थी परेशानी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



संजयनगर स्थित संयुक्त जिला चिकित्सालय में अब फिर से सामान्य सर्जरी हो सकेंगी।

दरअसल पिछले वर्ष सर्जन डा. अखिलेश मोहन का तबादला सीएमओ मेरठ के पद पर हो गया था। संयुक्त जिला चिकित्सालय में कोई जनरल सर्जन न होने की वजह से सामान्य सर्जरी नहीं हो पा रही थीं, हालांकि आर्थोपेडिक सर्जन डा. एसएन सिंह हड्डी के मामलों में सर्जरी कर रहे थे, इसके अलावा सिजेरियन प्रसव भी किए जा रहे थे। यह भी दीगर है कि इस बीच अधिकतर समय तक संयुक्त जिला चिकित्सालय कोविड लेबल-दो अस्पताल रहा, कोविड के मामले कम होने के बाद चिकित्सालय में सामान्य सेवाएं फिर से बहाल की गईं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. भवतोष शंखधर ने बताया शासन से जनपद को कुल मिलाकर 13 चिकित्सक मिले हैं। इनमें लखनऊ से आए जनरल सर्जन डा. संजय गुप्ता भी शामिल हैं। जिला एमएमजी अस्पताल में पहले से ही तीन जनरल सर्जन डा. मिलिंद गौतम, डा. अवधेश और डा. महेंद्र तैनात हैं, इसलिए डा. संजय गुप्ता की तैनाती संयुक्त जिला चिकित्सालय में करने के आदेश दिए गए हैं। बता दें कि पिछले वर्ष संयुक्त जिला चिकित्सालय में तैनात जनरल सर्जन डा. अखिलेश मोहन को शासन से सीएमओ मेरठ के पद पर तैनात कर दिया गया था, तब से एक भी जनरल सर्जन संयुक्त जिला चिकित्सालय में नहीं है। डा. संजय गुप्ता की संयुक्त जिला चिकित्सालय में तैनाती के बाद सामान्य सर्जरी की जरूरत वाले मरीजों को राहत मिलेगी, उन्हें सर्जरी के लिए दूसरे अस्पतालों में रेफर नहीं किया जाएगा। संयुक्त जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. संजय तेवतिया ने बताया सामान्य सर्जरी फिर से शुरू होने से मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया अस्पताल में आर्थोपेडिक सर्जन डा. एसएन सिंह हड्डी के मामलों में सर्जरी करते हैं, इसके अलावा सिजेरियन प्रसव की भी चिकित्सालय में व्यवस्था है।

# ग्रेनो के आंतरिक सेक्टरों में जल्द शुरू होगी बस सेवा

### सीईओ नरेंद्र भूषण ने औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में आवागमन करने वाले लोगों को सहूलियत देने के लिए प्राधिकरण बसें चलाएगा इन का शुभारंभ जल्दी हो जाएगा।

ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के सीईओ नरेंद्र भूषण ने औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की थी। इस दौरान उद्यमियों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की गई। सीईओ ने आश्वासन दिलाया कि औद्योगिक क्षेत्रों में बसें चलाने के साथ.साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम किया जाएगा। इनके संचालन से रोजाना काम करने आने वाले हजारों लोगों को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

दरअसल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण औद्योगिक संगठनों के साथ लगातार संवाद कर उद्यमियों को आने वाली समस्याओं का निराकरण करा रहा है।

बुधवार को इसी सिलसिले में ऑनलाइन बैठक हुई थी। इसमें आईआईए आईईए लघु उद्योग भारती और अग्नि समेत कई संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में आईआईआई ग्रेटर नोएडा के पदाधिकारी एसपी शर्मा ने कहा कि शहर के औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ते हुए बसों का संचालन किया जाए।

# मरीजों के लिए एम्बुलेंस का टोटा, अधिकारी ले रहे मौज

## ड्राइवरों के अभाव में धूल फांक रही सात नई एम्बुलेंस

कविता। फरीदाबाद

**सरकार** की तरफ से कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग को सात नई एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई थी। लेकिन यह सभी एम्बुलेंस ड्राइवर न होने के कारण धूल फांक रही है। जिले में कुछ एम्बुलेंस चालक तो प्रशासनिक अधिकारियों की पत्नियों की गाड़ियों पर तैनात किए गए हैं। वहीं दूसरी तरफ एम्बुलेंस न मिलने के कारण रास्ते में डिलीवरी हो जाती है या फिर मरीजों की जान तक चली जाती है।



बीके अस्पताल परिसर में धूल फांक रहीं सात नई एम्बुलेंस।

**एम्बुलेंस चालकों से काम :** जिले में तैनात अधिकारियों की गाड़ियों पर विभागीय ड्राईवरों की जगह एम्बुलेंस चालकों से काम लिया जा रहा है। जिस कारण से जिले में मरीजों के लिए आई सात एम्बुलेंस धूल फांक रही है। जिले में कुल 63 एम्बुलेंस चालक होने चाहिए। लेकिन मात्र 31 चालक ही है। जिसमें से तीन एम्बुलेंस चालकों को अधिकारियों व उनकी पत्नियों की गाड़ियां चलानी पड़ रही हैं।

सूत्रों की माने तो एक एम्बुलेंस चालक को एक आला प्रशासनिक अधिकारी की पत्नी की गाड़ी पर तैनात किया गया है। दूसरा चालक इनसे बड़े एक अधिकारी की गाड़ी पर पिछले लंबे समय से तैनात है। तीसरा एम्बुलेंस चालक स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी की गाड़ी चला रहा है। जबकि इन अधिकारियों को गाड़ियां चलाने के लिए सरकार ने ड्राइवर दे रखे हैं।


बीके अस्पताल परिसर में बना एम्बुलेंस कंट्रोल रूम।

**आठ की बजाय 12 घंटे काम :** अधिकारियों की लापरवाही से कंट्रोल रूम में मात्र 28 ही एम्बुलैंस चालक बचे हुए हैं। जिससे उन्हें आठ की बजाय उन्हें 12-12 घंटे काम करना पड़ रहा है।

जिले में फिलहाल सात नई एम्बुलेंस सहित 63 चालकों की जरूरत है। जिसमें से 32 पोस्ट खाली पड़े हैं। पिछले दिनों भर्तियां निकाली गई थी लेकिन वह रद्द होने से कार्यरत चालकों को परेशानी उठाते हुए 12-12 घंटे काम करना पड़ रहा है।

**यह है स्थिति :** जिले के बीके अस्पताल में मौजूद चार एम्बुलेंस पर 12 ड्राइवर तैनात है। वहीं बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल में दो एम्बुलेंस पर चार ड्राइवर हैं। मोहना स्वास्थ्य केन्द्र में एक एम्बुलेंस पर दो ड्राइवर है। दयालपुर स्वास्थ्य केन्द्र में एक एम्बुलेंस पर दो ड्राइवर है। धौज स्वास्थ्य केन्द्र में एक एम्बुलेंस पर दो ड्राइवर हैं। सेक्टर-30 स्थित एफआरयू में एक एम्बुलेंस पर दो ड्राइवर हैं। सेक्टर-तीन एफआरयू में एक एम्बुलेंस पर दो ड्राइवर हैं।

# बीके के ऑक्सीजन प्लांट का पीएम मोदी ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

## अस्पताल में अब मरीजों को नहीं होगी ऑक्सीजन की किल्लतः सीमा त्रिखा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


जिला सिविल अस्पताल फरीदाबाद के ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र का ऑनलाइन उद्घाटन करते पीएम नरेंद्र मोदी।


ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र का अनावरण कर उद्घाटन करते विधायक राजेश नागर, सीमा त्रिखा और अन्य लोग।

**कॉर्पोरेट** सामाजिक दायित्व के अंतर्गत जिला सिविल अस्पताल फरीदाबाद ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र (सिलेंडर भरने की सुविधा के साथ) 1000 एलपीएम क्षमता का उद्घाटन आज विधिवत रूप से किया गया।

इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में लोगों को हर प्रकार का योजना का लाभ दिए जाने के लिए एक संकल्प के साथ कार्य योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है और इस क्रम में विषय-वस्तु की शुरुआत की गई है ताकि करोना महामारी से पीड़ित लोगों के लिये परिस्थिति अनुसार ऑक्सीजन सिलेंडर की समय पूर्ति करा कर राहत प्रदान की जा सके।

उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में कॅरोना महामारी के दौरान बहुत ही संयम और सवेदना के साथ इस समय काल से निपटा जा रहा है ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या का कॅरोना के दौरान सामना न करना पड़े। इस अवसर पर उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि जिला प्रशासन प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में संबंधित क्षेत्रों में हर प्रकार की योजना का लाभ दिए जाने के लिए युद्ध का कार्य कर रहा है और इस संबंध में आने वाली किसी भी समस्या के समाधान के लिए व्यक्ति संबंधित विभाग के अधिकारी से जाकर संपर्क कर सकता है। इस बारे में यदि कोई समस्या आती है। इस संबंध में जिला प्रशासन के संज्ञान में जरूर लाए ताकि समस्याओं का समस्या का समाधान किया जा सके। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इसी श्रंखला में देश के 35 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और राहत कोष (पीएम केयर्स फंड) से स्थापित 35 प्रेशर स्विंग एडजॉर्प्शन (पीएसए) ऑक्सीजन संयंत्रों का ऑन लाइन उद्घाटन कर इस बारे असमजन को अपना जनसंदेश भी दिया। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर, सीमा त्रिखा, गंगा शंकर मिश्र, सीएमओ डॉ विनय गुप्ता, पीएमओ डॉ. सविता यादव, सहित जिले के अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष तौर पर उपस्थित थे।

# जन कल्याण सेवा संगठन ने किया भंडारे का आयोजन


जन कल्याण सेवा संगठन के नवरात्र पर लगाए लंगर में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नवरात्रों** के शुभ अवसर पर जन कल्याण सेवा संगठन द्वारा गरीबों एवं जरूरतमंद लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया। आगामी 9 दिनों में लगातार अलग-अलग स्थानों पर भंडारे लगाए जाएंगे, ताकि जरूरतमंदों को इसका फायदा मिल सकें। संगठन के प्रधान राजकुमार मामोरिया ने कहा कि जन कल्याण के सभी सदस्य लोगों में स्वच्छता का अलख जगाने के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है। हमारे देश की जनसंख्या का काफी हिस्सा गरीबी रेखा में जीवन यापन कर रहा है जिनको जरूरतमंद चीजों का अभाव है इसलिए यह नेक कार्य निस्वार्थ भाव से किया जा रहा है। मामोरिया ने कहा समाज के सभी सेवादारों एवं सामाजिक लोगों को गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज पराशर, अशोक कुमार मामोरिया, प्रवीन कुमार, मनीष शर्मा, पवन रावत, दीपक पंडित, प्रदीप कुमार मामोरिया, राहुल मामोरिया, गुलशन कथूरिया, मयंक मामोरिया, सौरव पाल, फिरोज खान का प्रधान राजकुमार मामोरिया ने आभार जताया।

# महिलाओं को कानूनों के प्रति किया गया जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## महिला एवं पुरुष को कानून में बराबर का है अधिकार

**जिला** विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सीजेएम कम सचिव मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि इस वर्ष भारत स्वतंत्रता के 75वे वर्ष को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में मना जा रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने फतेहपुर चंदीला फरीदाबाद में सभी को अपने मौलिक अधिकारों के प्रति सजग करने के लिए पैनल अधिवक्ता, सामाजिक संगठनों के माध्यम से लोगों को जागरुक करने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इसके तहत लोगों को जागरूक करते हुए बताया की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाएं महिलाए, बच्चे व बुजुर्ग (सीनियर सिटिजन) चाहे वे किसी वर्ग के हो,पढे लिखे या न हो उनकी आय कुछ भी हो उन्हे मुफ्त कानूनी सहायता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाती है। महिलाओं के क्या अधिकार हैं उनके प्रति जागरूक किया गया। विमल खंडेलवाल ने बताया कि बाल कल्याण एवं आंगनवाड़ी कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी। उनको टोल फ्री नंबर 0129 2261898 भी दिए गए यदि किसी को कोई इस प्रकार की घटना होते हुए मिले तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सेक्टर 12 कोर्ट में स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

जनता को अपने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। विशेष रूप से महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान लोगों को सावधानी बरतने के लिए भी संदेश दिया गया। वह समाज से अपील की गई कि अपने बच्चों को पढ़ाई से वंचित ना रखें।

# ऊठाने को जिसको विवश हर शूर, उसी का किया चकनाचूर

**फरीदाबाद।** श्रीधार्मिक लीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि गुरुवार को रामलीला मंजन में सीता स्वयंवर हुआ। जिसमें श्री राम ने धनुष तोड़कर जनक नंदनी सीता से विवाह रचाया। सबसे पहले दृश्य में राजा जनक के दूत राव जी सभी राजाओं व राम-लक्ष्मन को सीता स्वमंवर का निमंत्रण देने जाते हैं।

उसके बाद जनक के दरबार में देश देशांतर के राजा सीता से विवाह रचाने की कामना लेकर आते हैं, लेकिन कोई भी राजा धनुष को हिला तक नही पाता, फिर लंकापति राजा रावण स्वंमवर में आते हैं और शिव का धनुष होने की वजह बताकर बिना धनुष तोड़े सीता से विवाह की बात कहते हैं। जहां लक्ष्मन क्रोधित होकर रावण से सवादं करते हैं इन संवादों में रावण का अभिनय कर रहे तजिन्द्र खरबंदा ने दर्शकों पर अपनी कला का जादू बिखेरा, जब कोई राजा स्वंमवर का प्रण पूरा नही कर सका तो दुखी व क्रोधित होकर राजा जनक सभी क्षत्रियों की वीरता को ललकारते हैं।

# किस्मत से मिलती है खाकी, वर्दी के सम्मान का रखे ख्याल : सीपी

## अपराध नियंत्रण को पुलिस आयुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

## जघन्य अपराधों की फाइल तय समय में पूरा करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


पुलिस कमिश्नर कार्यालय में बैठक लेते कमिश्नर विकास कुमार अरोडा।

**पुलिस** कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा प्रत्येक जोन में जाकर उनके उपायुक्त और उनके क्षेत्र में आने वाले सभी पुलिस प्रभारियों की क्राइम मीटिंग ले रहे हैं। पुलिस आयुक्त ने कल एनआईटी जोन उपायुक्त और उनके क्षेत्र में आने वाले सभी थाना चौकी, क्राइम ब्रांच, महिला थाना, ईओडब्ल्यू सेल के प्रभारियों के साथ क्राइम बैठक की थी।

उन्होंने सेंट्रल जोन और बल्लभगढ़ जोन के उपायुक्त और उनके क्षेत्र में आने वाले सभी थाना, चौकी, क्राइम ब्रांच, महिला थाना, ईओडब्ल्यू सेल के साथ मीटिंग की है। मीटिंग के दौरान विकास कुमार अरोड़ा ने सभी पुलिसकर्मियों को साफ तौर पर कहा है कि ईमानदारी से कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। जो इमानदारी से भटकेगा और शिकायत मिल गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जघन्य अपराध जैसे कि हत्या, लूट, डकैती, जैसे मामलों में फाइल को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। अच्छे कार्यों (सत्कर्म) में विश्वास रखने वाले विकास कुमार अरोड़ा का कहना है कि भगवान ने हमें जो कार्य सौंपा है। उसे हमें बखूबी निभाना चाहिए। किस्मत वाले लोगों को खाकी वर्दी मिलती है वर्दी के सम्मान को कभी झुकने नहीं देना चाहिए। गरीब और जरूरतमंद की हमेशा मदद करें पुलिस के पास किसी ना किसी घटना से पीड़ित लोग आते हैं उनके साथ व्यवहार अच्छा रखें ताकि उनका भी पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े ।

# शहर भर के मंदिरों में पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नवरात्रों** में मां की आराधना करने वाले भक्तों को कुछ न कुछ जरूर मिलता है। मां अपने भक्तों को नौ दिनों में वह सबकुछ दे देती है। जिसकी भक्तों को चाह होती है। नवरात्र के प्रथम दिन औद्योगिक नगरी फरीदाबाद के महारानी वैष्णो देवी मंदिर, काली मंदिर, हनुमान मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, श्रीराम मंदिर जवाहर कालोनी स्थित विभिन्न मंदिरों में मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। लोगों ने घरों में और मंदिरों में कलश की स्थापना के साथ शैलपुत्री का पूजन किया।

## सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर में हुई ज्योति प्रचंड

**पावन** सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर 1बी ब्लॉक में पूर्व मेयर अशोक अरोड़ा के पुत्र एवं युवा नेता भारत अशोक अरोड़ा ने टिंकू कुमार, कमल अरोड़ा व राकेश पंडित के साथ मिलकर माता रानी की ज्योति प्रचंड की। उन्होंने विधिवत रूप से माता रानी की पूजा अर्चना की और कहा कि मां दुर्गा की उपासना का पावन पर्व आज से प्रारंभ हो रहा है। नवरात्रि को पूरे देशभर में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। साल में नवरात्रि दो बार आते हैं।


एनएच-1बी स्थित पावन सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर में महारानी की ज्योति प्रचंड करते समाज सेवी भारत अशोक अरोडा।

एक बार चैत्र नवरात्रि और दूसरे शारदीय नवरात्रि। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान अशोक अरोड़ा ने आई हुई समस्त संगत का धन्यवाद किया। नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर विनोद चावला, राधेश्याम कुमार, पवन कुमार, बंसीलाल अरोड़ा, बल्लू कुमार आदि मौजूद रहे।


तिकोना पार्क स्थित महारानी वैष्णव देवी मंदिर में मां की जोत जलाते प्रधान जगदीश भाटिया व अतिथि।

## वैष्णोदेवी मंदिर में हुई भव्य पूजा

**महारानी** वैष्णोदेवी मंदिर में पहले दिन मां शैलपुत्री की भव्य पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना आंरभ हो गया। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर मां शैलपुत्री की भव्य पूजा अर्चना में हिस्सा लिया और मां से अपने मन की मुराद मांगी। इस अवसर पर मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने मां शैलपुत्री की भव्य पूजा अर्चना का शुभारंभ करवाया। मंदिर में मां शैलपुत्री के समक्ष ज्योत जलाई गई। पुनीत अवसर पर मंदिर में प्रमुख उद्योगपति आनंद मल्होत्रा, चेयरमैन प्रताप भाटिया, प्रदीप झांब, रमेश सहगल, सोनिया बत्तरा, आर के जैन, नेतराम गांधी, फकीरचंद कथूरिया, राहुल मक्कड़, संजय कुमार एवं देहर पुंजानी शामिल थे।

## हिमाचल से आई जोत

**एनएच-पांच** रेलवे रोड स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में श्रीसनातन धर्म सभा के प्रधान महंत ललित गिरी गोस्वामी पंच दशनाम जूना अखाड़ा हिमाचल प्रदेश से ज्वाला मां को ज्योत के रूप में लेकर आए। उनके साथ उनके गुरुदेव महंत अर्जुन गिरी महाराज पंच दशनाम जूना अखाड़ा, रवि हीरा, रितेश गोसाईं भी गये थे। प्रथम नवरात्रि पर हिमाचल से लाई गई मां ज्वाला रूपी ज्योति 9 दिनों के लिए मंदिर प्रांगण में महंत ललित गिरी गोस्वामी व उनकी धर्मपत्नी महिला मंडल प्रधान मीनाक्षी गोस्वामी, सरपरस्त एनएल गौसाई, अशोक अरोड़ा, सतीश अरोड़ा ने पंडित विनोद शास्त्री, प्रदीप शास्त्री तथा मनीष दुबे द्वारा विधिवत पूजा अर्चना मंत्रोच्चारण द्वारा स्थापना की गई।

## आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

**एनएच**-पांच स्थित सर्वेश्वर मंदिर के महंत मुनिराज जी ने बताया कि नवरात्रों के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी मां की पूजा की जाती है। ब्रह्मचारिणी माता रूद्राक्ष की माला व पुष्प धारण करके ब्रह्मचार्य का पालन करती है। वह अपने भक्तों को बुद्धि इत्यादि का आर्शीवाद देती है। विद्यार्थियों को ब्रह्मचारिणी की पूजा करने के लिए दूध से अभिषेक कर फलों का भोग लगाना चाहिए। इससे विद्या की प्राप्ति होती है और श्रेष्ठ संस्कारों की उत्पत्ति होती है। आज ब्रह्मचारिणी मां को अनार की बली चढ़ाएं। जो बह्मचारी विद्यार्थी ब्रह्मचारिणी मां का पूजन करते है, उनको श्रेष्ठ ज्ञान की प्राप्ति होती है।


एनएच-5 स्थित बांके बिहारी मंदिर में नवरात्र के अवसर पर मां की जोत जलाते महंत ललित गोसाई

# संक्षिप्त समाचार

## विद्यार्थियों को किया वोट बनवाने के लिए जागरुक

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त फरीदाबाद के दिशा निर्देशानुसार स्वीप के कोऑर्डिनेटर डॉ एमपी सिंह ने गवर्नमेंट बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ के 2100 विद्यार्थियों को वोट बनवाने हेतु जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ एमपी सिंह ने बताया कि लोकतंत्र को मजबूत करने में युवाओं की अहम भागीदारी होती है। जो विद्यार्थी 18 वर्ष की उम्र पूरी कर लेते हैं उनको एनवीएसपी पोर्टल पर जाकर फॉर्म-6 भरकर अपनी वोट स्वयं बना लेनी चाहिए। यदि किसी प्रकार की कोई परेशानी होती है तो टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल करके जानकारी हासिल कर लेनी चाहिए। यदि सभी पात्र प्रतिभागियों की वोट समय रहते बन जाती है और मतदान वाले दिन सभी अपने मत का सही प्रयोग करते हैं तो लोकतंत्र मजबूत होता है। डॉ एमपी सिंह ने कहा कि यदि पढ़े-लिखे युवा और पढ़े लिखे अधिकारी और कर्मचारी यदि मत का सही प्रयोग नहीं करेंगे तो विकसित और विकासशील देश नहीं बन पाएगा। इसलिए सभी युवाओं को आगे आना चाहिए और अपने आस पड़ोस में रहने वाले लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। जिनकी वोट नहीं बनी है उनकी वोट बनवाने मैं मदद करनी चाहिए और एथिकल वोटिंग का प्रचार और प्रसार करना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस के इंचार्ज डॉ रामचंद् समाजशास्त्र के प्रवक्ता इंद्र सिंह, कवि देवेंद्र कुमार ने भी अपने विचार साझा किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर यादव ने डॉ एमपी सिंह का स्वागत करते हुए धन्यवाद किया और आश्वस्त किया कि हमारे सभी विद्यार्थी और अध्यापक सरकार की मुहिम में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार के नेतृत्व मे जल शक्ति अभियान के तहत एक रैली निकाली गई जिसमें लोगों को पानी का सदुपयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर अर्थशास्त्र के प्रवक्ता हुकम सिंह राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता राजेश कुमार अंग्रेजी के प्रवक्ता बशीर खान भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कोरोना का एक मामला आया पॉजिटिव

**फरीदाबाद।** जिले में बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस का एक मामला पॉजिटिव आया है। जिले में रिकवरी रेट भी 99.28 प्रतिशत पर पहुंच गया है। कोरोना पॉजिटिव का कोई भी केस अस्पताल में नहीं है। जबकि जिले में छह एक्टिव केस होम आईसोलेशन पर है। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में पिछले 24 घंटे में 979 लोगों टेस्ट किए गए। अब तक जिला में 1147283 लोगों का टेस्ट करवाया गया। इनमें से 99859 लोग कोराना पॉजिटिव पाए गए। जबकि 1046647 लोग नेगेटिव मिले। बृहस्पतिवार को जिले में 979 सैम्पिल लिए गए। जिसमें अभी 777 लोगों के रिजल्ट आने बाकी है। कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डा. रामभगत ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार जिला में अब तक 1006092 लोगों को अब तक सर्वेलांस पर रखा गया है। जिन्होंने 28 दिनों का सर्वेलांस पूरा कर लिया है उनकी संख्या 1006047 हो गई है। इसके अलावा 99859 कोराना पोजिटिव लोगों को सर्वेलांस पर रखा गया है।

## जिले में 3956 लोगों को लगाया गया टीका


स्टाफ नीलम से टीका लगवाते हुए संजय कालोनी निवासी रानी।

**फरीदाबाद।** जिले में बृहस्पतिवार को 3956 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। जिसमें सरकारी अस्पताल में 18 प्लस आयुवर्ग में 1669 को प्रथम और 1400 को द्वितीय डोज लगी। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 255 को और सैकेंड डोज 267 लोगों को लगाई गई। 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 40 को और सैकेंड डोज 32 ने लगवाई। वहीं निजी अस्पताल में 18 प्लस आयुवर्ग में 44 ने प्रथम डोज और 209 ने लोगों ने द्वितीय डोज लगाई गई। 45 प्लस आयुवर्ग में चार को प्रथम और 23 लोगों ने द्वितीय डोज लगाई गई। वहीं 60 प्लस आयुवर्ग में 13 नागरिकों को डोज लगाई गई।

## प्रधान पद के लिए निगम कर्मियों ने भरे नामांकन पत्र

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय सफाई मजूदर संघ की शाखा नगर निगम सफाई मजदूर यूनियन के प्रधान पद के लिए जितेंद्र राजपूत चौहान, रामदास चिंडालिया व महेश मंगू ने अपने नामांकन दाखिल किए हैं। आगामी 16 अक्टूबर को मतदान द्वारा होगा चुनाव। नगर निगम सफाई कर्मचारियों के होने वाले चुनाव में कर्मचारियों का उत्साह देखते ही बनता था तीनों ही प्रत्याशियों के समर्थक ढोल बाजे और जयकारों के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बीके चौक स्थित नगर निगम कर्मचारी यूनियन कार्यालय पर पहुंचे। जहां चुनाव अधिकारी राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, चुनाव अधिकारी नानक चंद खेरालिया के समक्ष जाकर यूनियन कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रत्याशी के नामांकन के दौरान सुनील तमोली, चतर सिंह, सतबीर शास्त्री, मामचंद छजलाना, धर्मेन्द्र उज्जैनवाल, राजेंद्र चिंडालिया, राजू मंढोतिया, नरेश वेद्य, हरिचंद, विजयपाल तथा रामभूल आदि उपस्थित रहे। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के पूर्व पदाधिकारी सुनील कंडेरा ने कहा कि चुनाव अधिकारी ने चुनाव अधिसूचना जारी कर वोटर लिस्ट जारी कर दी गई है। वोटर लिस्ट में गलती सुधारने के लिए 9 अक्टूबर तक वोटर लिस्ट में आपत्ति दर्ज कराने का समय निश्चित किया गया है तथा फाइनल वोटर लिस्ट 11 अक्टूबर को जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि संघ के संविधान के अनुसार संघ का सदस्य ही चुनाव लडने् और मतदान करने का अधिकारी होगा। 8 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1बजे तक नामांकन पत्र वापस लेने का समय तय किया गया है। 8 अक्टूबर को ही दोपहर 2 बजे चुनाव चिन्ह वितरण किए जाएंगे और 16 अक्टूबर को एनआईटी कार्यालय में 3 बूथ तथा ओल्ड फरीदाबाद मैं 2 बूथ व बल्लभगढ़ में भी 2 बूथ बनाए गए हैं। जिसकी अनुमति निगम आयुक्त से ले ली गई है। मतदान का समय प्रातः 8 से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतदान के बाद तुरंत मतगणना कर चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

## 'मिसाइल वैज्ञानिक' डॉ रेड्डी होंगे मानद उपाधि से सम्मानित

**फरीदाबाद।** विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण विशिष्टता रखने वाले व्यक्तियों को सर्वोच्च सम्मान देने की महत्वपूर्ण पहल करते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद दीक्षांत समारोह के उपलक्ष में मानद उपाधि प्रदान करने की एक नई परंपरा शुरू करने जा रहा है। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने दो विशिष्ट व्यक्तियों को पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान करने का निर्णय लिया है। इनमें पहला नाम प्रतिष्ठित एयरोस्पेस वैज्ञानिक डॉ जी सतीश रेड्डी का है, जोकि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष हैं, और दूसरे नाम फरीदाबाद के सफल उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता नवीन सूद का है। सूद वीजी इंडस्ट्रीज, फरीदाबाद के चेयरमैन हैं। विश्वविद्यालय जोकि पहले वाईएमसीए इंजीनियरिंग संस्थान था, के पूर्व छात्र भी हैं। इन विशिष्ट व्यक्तियों को पीएचडी की मानद उपाधि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जोकि जो विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं, के द्वारा 8 अक्टूबर, 2021 को विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान की जाएगी। यह जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दी। भारत के रक्षा और वैज्ञानिक क्षेत्रों में डॉ. जी सतीश रेड्डी का नाम सम्मान से लिया जाता है। डॉ. जी सतीश रेड्डी को स्वदेशी तकनीकों को विकसित करने उनकी सोच और क्षमता के लिए जाना जाता है। उन्होंने ऐसी प्रणालियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जो एक मिसाइल को हाइपरसोनिक वेग से 300 किमी दूर एक उपग्रह तक ले जाती हैं। नवीन सूद कई अन्य सामाजिक एवं परोपकारी गतिविधियां में भी लगे हुए है। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया, खुशी एक एहसास जैसे सामाजिक धर्मार्थ ट्रस्ट के लिए उनका कार्य सराहनीय रहा है। सूद वाईएमसीए मॉब एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं।

## सीएमजीजीए कार्यक्रम को मिली सफलता : डॉ अमित

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक एवं सीएमजीजीए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमित अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी (सीएमजीजीए) कार्यक्रम ने विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में अपार सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि इन युवाओं के साथ हमें लगातार आगे बढ़ना है। अमित अग्रवाल आज विभिन्न जिलों की उपायुक्तों के साथ ई-ऑफिस, सक्षम हरियाणा, समर्थ हरियाणा, वेलफेयर स्कीम, मेरी फसल मेरा ब्योरा, पॉस्को जैसे विषयों पर आयोजित समीक्षात्मक बैठक को संबोधित करते हुए कही।

## लखीमपुर कांड
### बड़ी चुनौती

**चुनावों** के पहले लखीमपुर खीरी कांड ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष सबसे बड़ी बाधा पेश की है। इस प्रकरण से लगता है कि जैसे उत्तर प्रदेश में कानून के शासन की तुलना में चुनावी राजनीति ज्यादा हावी होती जा रही है। इस स्थिति में केवल रविवार को मरे आठ लोगों के परिवारों को परेशानी हो रही है। कांग्रेस नीत विपक्षी खेमे के राजनेताओं की हमदर्दी चयनित रूप से केवल चार मृत किसानों के प्रति है। केवल भाजपा ही मृतक अन्य चार पीड़ितों की बात कर रही है। इसका अर्थ है कि राजनेता अमानवीय तरीके से मृतकों में भी विभाजन पैदा कर रहे हैं। यह चयनित हमदर्दी कहां ले जाएगी? क्या सभी मृतकों के परिवारों को समान आर्थिक मुआवजा नहीं मिलना चाहिए? संयोग से भारतीय किसान यूनियन नेता राकेश टिकैत ने लेनदेन की शुरुआत की और वे मजबूरी में एक करोड़ की मांग से प्रति पीड़ित 45 लाख की मांग तक नीचे आए। इसके साथ ही प्रति परिवार एक सदस्य की नौकरी एक अतिरिक्त मुद्दा है जिस पर निर्णय की प्रतीक्षा है। सवाल है कि चार गैर-किसान पीड़ितों के हित पर कौन ध्यान दे रहा है? हिंसा के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को स्थिति पर नियंत्रण करना चाहिए था। राजनेताओं को मौके पर न जाने देने का निर्णय उचित है क्योंकि इससे केवल लोगों की भावनायें भड़कतीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनाव में 300 से अधिक सीटें जीतना चाहते हैं, पर ऐसा लगता है कि रविवार को वे एक संकट में फंस गए। उनको फौरन स्थिति पर नियंत्रण करना चाहिए था। उन्होंने स्थिति से आंतरिक रूप से निपटने का निर्णय किया क्योंकि प्रकरण में आरोप केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा और उनके बेटे पर लगे हैं।



चाहे गांव में प्रवेश की अनुमति मिलती या नहीं, पर विपक्ष को सुर्खियां जरूर मिलतीं। वैसे राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी की छवि इस बात से खराब हुई है कि हिंसा व बलात्कार के अनेक मामलों में भाजपा नेताओं की कथित संलिप्तता के आरोप लगे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में गोरखपुर में एक बिजनेसमैन की मौत पर पुलिस की खिंचाई की है। लखीमपुर खीरी कांड में सिख किसान प्रभावित हुए हैं जो पूरे देश में पिछले एक साल से तीन कृषि कानूनों की वापसी की मांग कर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषक रविवार की घटना का राज्य चुनावों में भाजपा की चुनावी संभावनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेषण करने लगे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक सप्ताह का समय देकर राकेश टिकैत ने आग सुलगाए रखने का प्रयास किया है। ऐसे में किसानों को लखीमपुर में गाजियाबाद व दिल्ली सीमा की तरह स्थाई विरोध प्रदर्शन शिविर लगाने के लिए तैयार किया जा सकता है। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी पहले ही लखीमपुर की ओर दौड़ रहे हैं। अखिलेश यादव अपनी पार्टी का विरोध अभियान चला रहे हैं, गांधी परिवार अपनी पूरी ताकत के साथ मौजूद है तथा कांग्रेस के दो मुख्यमंत्री भी उसका साथ दे रहे हैं। रविवार की हिंसा ने विपक्षी दलों को एकजुट होने का अवसर दे दिया है जो वर्तमान समय में स्थानीय स्तर पर चुनाव-पूर्व गठबंधन बनाने का प्रयास कर रहे थे और उनकी संभावनायें अच्छी नहीं लग रही थीं। हिंसा और हमलों की घटनाओं में बार-बार होने वाली मौतों से राज्य की छवि खराब हो सकती है। इसके साथ ही पुलिस बल पर दाग लग सकते हैं जहां पहले ही निराशा की भावना पनप रही है। इस प्रकार लखीमपुर कांड चुनाव के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

# वनों की कटाई पर्यावरण के लिए घातक

## वन मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करते हैं। हालांकि, जंगलों पर निर्भरता के बावजूद हम अभी भी उन्हें नष्ट कर रहे हैं।



**बीकेपी सिन्हा**
(लेखक भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं)



भारत के भविष्य के लिए महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू के दृष्टिकोण बहुत अलग थे। गांधी की ग्राम स्वराज की अवधारणा में कहा गया है कि आत्मनिर्भर गांव सतत आर्थिक विकास की आधारशिला हैं। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, गांधीवादी अर्थशास्त्र ने गांव की लकड़ी, कृषि वानिकी और जैविक खेती की वकालत की। जवाहरलाल नेहरू गांधी के शिष्य थे लेकिन उनका मानना था कि औद्योगीकरण प्रगति की कुंजी है। इसलिए, स्वतंत्रता के बाद, भारत ने भारी औद्योगीकरण जैसे स्टील मिलों, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों, नदी घाटी परियोजनाओं और यूरिया संयंत्रों आदि के आधार पर विकास के मुख्यधारा के पश्चिमी मॉडल का पालन किया। इसलिए, संसाधनों को जुटाने की अपनी चिंता में, सरकार ने एक मौन जारी किया सभी विविध वनों को तेजी से बढ़ने वाली प्रजातियों, जैसे नीलगिरी और चिनार (लघु रोटेशन- 8-10 वर्ष) के साथ बदलने के लिए दिशा-निर्देश, इस तथ्य के बावजूद कि ये वन भूमिहीन और गरीब किसानों के लिए उनके ईंधन, चारा और अन्य के लिए आजीविका का स्रोत थे। घर की जरूरतें जैसे डंडे, पोस्ट और मचान। नतीजतन, हिमालय की तलहटी में सभी विविध वनों को तेजी से बढ़ने वाली प्रजातियों द्वारा बदल दिया गया था जिनमें बहुत कम या कोई कम वृद्धि नहीं थी। वनों की कमी के कारण, मिट्टी के कटाव के कारण या नदी तलछट को बनाए रखने में विफलता के कारण उर्वरता में गिरावट आई है।

स्वतंत्रता के बाद, कृषि विस्तार वन संसाधनों के ह्रास का प्रमुख कारण बन गया। गहन खेती और व्यावसायिक वृक्षारोपण (चाय, कॉफी, गन्ना, आदि) में वृद्धि ने वन भूमि को कृषि में परिवर्तित कर दिया। नदी घाटी परियोजनाओं, शहरीकरण, खनन गतिविधियों जैसी विभिन्न विकास परियोजनाओं ने वनों की कटाई और वन भूमि के क्षरण में प्रमुख योगदान दिया। यह बात आज भी सच है। भारतीय वन नीति 1952 ने कुल भूमि क्षेत्र के एक तिहाई तक वन क्षेत्र को बढ़ाने की आवश्यकता को मान्यता दी। शीर्ष पर पेशेवर पैरवीकारों ने सूचित नागरिकों के इनपुट को ध्यान में रखे बिना इन नीतियों को आकार दिया।

हरित क्रांति के दौरान, नदी घाटी सिंचाई/विद्युत परियोजनाओं के लिए रास्ता बनाने के लिए लाखों हेक्टेयर जंगलों को जोता गया या नष्ट कर दिया गया। विनाशकारी पारिस्थितिक प्रभावों के अलावा, वनों की कटाई के परिणामस्वरूप बाढ़ आई है और उपजाऊ मिट्टी की पोषक परत का नुकसान हुआ है। जब भारत सरकार को वानिकी की बिगड़ती स्थिति का एहसास हुआ, तो उसने 1976 में राष्ट्रीय कृषि आयोग (एनसीए) का गठन किया। एनसीए की अंतरिम रिपोर्ट में, सामाजिक वानिकी को ग्रामीण जरूरतों को पूरा करने के लिए वानिकी के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में मान्यता दी गई थी।

सामाजिक वानिकी क्या है, इस बारे में अक्सर स्पष्टता का अभाव होता है। यह माना जाता था कि एक मुद्रीकृत अर्थव्यवस्था के बाहर सामाजिक जरूरतों को पूरा करने का इरादा रखने वाला कोई भी वानिकी सामाजिक वानिकी था। तब सामाजिक का क्या अर्थ है? रोपण का उद्देश्य क्या है? क्या यह समुदाय की निर्वाह आवश्यकताओं के लिए भोजन उपलब्ध कराना है, बाजार में उपभोग के लिए लगाए गए क्षेत्र का विस्तार करना है, या जंगल की प्राकृतिक पारिस्थितिकी का संरक्षण करना है? सामाजिक वानिकी के कार्यक्रम सफल और दयनीय विफलताओं का मिश्रण थे। यह ग्रामीण परिवारों को ईंधन लकड़ी और चारा उपलब्ध कराने के प्राथमिक उद्देश्य को पूरा करने में पूरी तरह से विफल रहा है। आम तौर पर, इस कार्यक्रम से केवल बड़े किसान ही लाभान्वित होते थे। साथ ही, आदिवासी सदस्य जो वनों की रक्षा और बढ़ावा देने के इच्छुक थे, उन्हें इस प्रक्रिया से बाहर रखा गया था। मवेशियों के ब्राउज़िंग या चरने पर कोई नियंत्रण नहीं था। वनीकरण प्रक्रिया में भूमिहीन लोगों को शामिल नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीण गरीबी और बेरोजगारी और भी बदतर हो गई है। इस प्रकार भूमिहीन और छोटे किसानों ने विविध वनों में प्रवेश करना शुरू कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप वनों की कटाई और गिरावट की एक और लहर आई।

पृथ्वी शिखर सम्मेलन और जलवायु परिवर्तन वार्ता के बाद, वन और वन भूमि के लिए नए उपायों की एक श्रृंखला की कल्पना की गई और कार्यान्वित की गई या लागू की जा रही है। 42वें संवैधानिक संशोधन और वन संरक्षण अधिनियम 1980 के परिणामस्वरूप, शहरी वानिकी और पट्टी वृक्षारोपण जैसे कई नए उपाय पेश किए गए। इस अधिनियम का उद्देश्य वनों की कटाई को कम करना, जैव विविधता का संरक्षण और वन्यजीवों की रक्षा करना है। इस प्रकार, भारत में वृक्षों के आवरण में क्रमिक वृद्धि देखी गई है, लेकिन प्राकृतिक वनों का क्षरण जारी है। 1988 में, राष्ट्रीय वन नीति वाणिज्यिक हितों पर ध्यान केंद्रित करने से वनों और भागीदारी प्रबंधन की पारिस्थितिक भूमिका को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानांतरित हो गई। हाल ही में वन अधिकार अधिनियम 2006 को अधिनियमित करके वनवासियों को नियमित और सशक्त बनाने के प्रयास किए गए थे। हालाँकि, इस अधिनियम के परिणामस्वरूप वन क्षेत्रों में नए अतिक्रमणों की बाढ़ आ गई है। भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अनुसार, 4.1 मिलियन एकड़ वन भूमि पर निवास और खेती के व्यक्तिगत वन अधिकारों को मान्यता दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के 13-2-2019 के आदेश के बाद, मंत्रालय ने राज्यों को सभी खारिज किए गए मामलों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है।

भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2017 का निष्कर्ष- वन सर्वेक्षण रिपोर्ट तीन घनत्व वर्गों, झाड़ी और गैर-वन क्षेत्रों में वन आवरण में परिवर्तन दिखाती है। जैसे ही 12,183 वर्ग किमी एमडीएफ का घनत्व वीडीएफ तक बढ़ गया, 4,148 वर्ग किमी वीडीएफ को क्रमश: एमडीएफ/ओएफ/स्क्रब/एनएफ में परिवर्तित कर दिया गया, जो इन क्षेत्रों में गिरावट/वनों की कटाई को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, 17,520 वर्ग किमी एमडीएफ को ओएफ, स्क्रब और एनएफ में परिवर्तित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप घनत्व में कमी आई। एनएफ के 24,175 वर्ग किमी और 6,360 वर्ग किमी स्क्रब में सुधार हुआ है, जो बेहतर संरक्षण और रोपण उपायों का संकेत देता है।

इसलिए, वीडीएफ का घनत्व घने और बहुत घने जंगलों के क्षेत्रों में बढ़ गया है, जो कुल 4,148 वर्ग किमी एमएएफ है। फिर भी, तथ्य यह है कि कुछ क्षेत्रों में वनों की कटाई अभी भी बेरोकटोक हो रही है। वन उत्पादों के विपरीत, वन प्रभाव एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरित नहीं होते हैं। स्थलाकृति, जलवायु या एडैफिक कारकों की परवाह किए बिना वनों की आवश्यकता सार्वभौमिक है।

भारत के वन सर्वेक्षण की स्थिति रिपोर्ट 2019 में सीमित उपग्रह इमेजरी पैमाने के कारण वीडीएफ, एमडीएफ, ओएफ, स्क्रब और गैर-वन पर डेटा शामिल नहीं है; इससे वन भूमि के फिर से जंगली होने का खतरा पैदा हो गया है। यह मानव-पशु संघर्ष के खतरे और प्रभावों को बढ़ाने वाला है, आगे वनों की कटाई का कारण बनता है, जैविक विविधता और जीन पूल को नुकसान पहुंचाता है, और जीवों, बीजाणुओं, पराग, कीड़ों, परागण एजेंटों की आवाजाही के लिए दुर्जेय अवरोध बनने के साथ-साथ पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। वन स्थायी कृषि प्रणालियों के अभिन्न अंग हैं, विशेष रूप से सीमांत परिस्थितियों में, और भूमि को होने वाले नुकसान से बचाने, भोजन, चारा और निर्माण सामग्री प्रदान करने और आनुवंशिक विविधता में सुधार करने में कई भूमिका निभाते हैं। यही कारण है कि मुख्य व्यक्ति आमतौर पर वनपाल नहीं होता है, बल्कि कोई ऐसा व्यक्ति होता है जो समुदाय के करीब होता है और समुदाय और पेशेवरों के बीच उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर सकता है। वन विभाग को वनों के संरक्षण और संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन पेशेवर वनपालों ने राजनीतिक आकाओं को उनकी दीर्घकालिक और अल्पकालिक संरक्षण योजनाओं का समर्थन करने के लिए राजी करने के लिए संघर्ष किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर हस्तक्षेप किया है और भारत के संविधान के तहत वन संरक्षण और प्रबंधन के संबंध में राज्य को निर्देश दिया है। डोरोथी स्टैंग का दावा है कि 'जंगल की मृत्यु हमारे जीवन का अंत है।'

वन दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण पारिस्थितिक तंत्रों में से एक हैं। जानवरों के लिए आवास और मनुष्यों के लिए रोजगार प्रदान करने के साथ-साथ वन मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करते हैं। वनों पर निर्भर होने के बाद भी हम उन्हें नष्ट कर रहे हैं। वनों की विभिन्न भूमिकाओं से जुड़े महत्व पर अक्सर वनवासियों और पर्यावरणविदों के बीच असहमति होती है। भागीदारी प्रबंधन द्वारा ही भूमि की स्थिरता सुनिश्चित की जा सकती है, जिसके लिए सरकार की प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। इसलिए, एक मायने में, भारत आज पेड़ों को लोगों की सेवा करने की वानिकी की क्षमता के लिए एक क्रूसिबल टेस्ट केस के रूप में खड़ा है- लोगों का मतलब सभी प्रकार के क्षेत्रों के लोग हैं।

# किसी बड़े षड्यंत्र का संकेत है धर्मांतरण

**प्रियदर्शी दत्ता**
(लेखक स्वतंत्र शोधकर्ता एवं स्तम्भकार हैं)



हर सप्ताह इस्लाम में 'जबरन धर्मांतरण' मामले में नए खुलासे हो रहे हैं। जून में उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद-विरोधी प्रकोष्ठ ने इसका खुलासा किया था। गिरफ्तार कुछ लोगों में पूर्व-हिंदू शामिल हैं जो धर्मांतरण के बाद कट्टर मुसलमान बन गए थे। इनमें मौलाना उमर गौतम, कुणाल अशोक चौधरी उर्फआतिफव धीरज जगताप देशमुख शामिल हैं। नई दिल्ली के जामियानगर में स्थित इस्लामी दावा सेंटर-आईडीसी का प्रमुख मौलाना गौतम का जन्म 1964 में श्याम प्रताप सिंह गौतम के रूप में हुआ था। वह 1984 में मुसलमान हो गया और उसने पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर में परास्नातक पढ़ाई छोड़ दी। आईडीसी ने अपनी वेबसाइट पर अपने द्वारा इस्लाम में धर्मांतरित लोगों को 'पुन: वापस' बताया है। यह छिपने का एक तकनीकी तरीका लगता है, लेकिन यह वास्तव में इस्लामी कल्पना से भी प्रभावित हो सकता है। 'दुनिया की संप्रभुता अल्लाह के पास है' और इस प्रकार हर व्यक्ति जन्म से एक मुसलमान है, लेकिन उसे कलमा पढ़ कर औपचारिक रूप से इस्लाम स्वीकार करना चाहिए। दुनिया पर अल्लाह की संप्रभुता की अवधारणा पाकिस्तानी संविधान में पाई जाती है। असदुद्दीन ओवैसी ने 5 जनवरी, 2015 को हैदराबाद की एक सार्वजनिक सभा में जोर देकर कहा था कि इस दुनिया में वास्तव में हर व्यक्ति मुसलमान के रूप में पैदा होता है और उसके माता-पिता उसे दूसरे धर्मों में धर्मांतरित कर देते हैं। यूट्यूब में उपलब्ध इस भाषणा में ओवैसी ने कहा था कि असली 'घर वापसी' उस समय होगी जब सभी लोग इस्लाम स्वीकार कर लेंगे। कुछ विश्वासियों के अनुसार सूरज, चांद तथा अन्य ग्रह भी मुसलमान हैं क्योंकि वे अल्लाह द्वारा निर्धारित रास्ते पर चलते हैं।

अब तक ईसाई एंजीलवाद या इवैंजिलिज्म या लोगों को ईसाई बनाने की तुलना में इस्लामी धर्मांतरण पर ज्यादा ध्यान नहीं था। दावा या अल्लाह के रास्ते पर आमंत्रण इस्लामी अध्ययन का एक स्थापित व स्वीकृत विषय है। 1980 में दारुल उलूम, नदवतुल उलेमा, लखनऊ में दावा पर चार साल का पाठ्यक्रम शुरू किया गया था। ऐसे में संस्था के तत्कालीन कुलपति मौलाना सैयद अब्दुल हसन अली नदवी उर्फअली मियां का एक कथन याद करना उचित होगा। यह दावा पर मूल रूप से अरबी में दिए उनके आठ भाषणों की श्रृंखला के पहले भाषण में कहा गया था। 'शरीया और उसके प्रति दायित्वों के महत्व से इनकार करने का सवाल ही नहीं उठता है जिनकी महानता पूरी तरह स्वीकृत तथ्य है। लेकिन यह प्राथमिकता या अव्वलियत का सवाल है कि दूसरों की तुलना में किस आयाम को प्राथमिकता मिलेगी? यदि इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो मेरी समझ से



अल्लाह के रास्ते पर आमंत्रण और निर्देश का प्रभुत्व है तथा यह शरीया व पवित्र कुरान में दिए अन्य आदेशों पर गालिब है। इसका कारण यह है कि विश्वास या ईमान एक निर्देश या हिदायत है जिस पर विश्वास करना अल्लाह के रास्ते पर आमंत्रण तथा उसके निर्देशों पर निर्भर है। समय के अनुसार परिस्थितियां बदलती हैं और लोगों को अल्लाह के रास्ते पर आमंत्रित करने के लिए चालाकी और बौद्धिक चपलता की जरूरत है। इसके साथ ही अल्लाह के रास्ते पर आमंत्रित करने वाले की मानव मनोविज्ञान की गहरी जानकारी होनी चाहिए। उसे समाज की कमजोरियों की भी अच्छी तरह जानकारी होनी चाहिए। अंतिम रूप से यह नहीं कहा जा सकता है कि उसे एक काम करना चाहिए और दूसरे काम से परहेज करना चाहिए। यह भी नहीं कहा जा सकता है कि उसे क्या स्वीकार कर दावा को एक खास तरीके से पेश करना चाहिए। उसे एक समाज में कुछ खास स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है जो दूसरे समाजों से बिल्कुल अलग हों। इसलिए वह निश्चित नियमों व कानूनों से बाध्य नहीं होगा।' यह कथन 1981 में प्रकाशित 'इन्वाइटिंग टु द वे आफ अल्लाह' के पेज 8-9 पर दर्ज है। इसका अंतर्निहित अर्थ है कि लोगों को इस्लाम में शामिल कराने के तरीकों के औचित्य या अनौचित्य का सवाल निरर्थक है। ऐसे में समाज के 'कमजोर बिंदुओं', जैसे, गरीबी, जातीय विभाजक रेखाओं, आदि पर निशाना लगाना उचित है।

स्वर्गीय अली मियां बीसवीं शताब्दी में कट्टरपंथी इस्लाम के एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत प्रमुख विद्वान थे। उन्होंने अनेक पुस्तकें लिखी हैं और भाषण दिए हैं। इस्लामी भावना के संरक्षक श्रृंखला में उनकी जीवनी हकीम-उल-इस्लाम शाह वलीउल्ला का प्रमुख स्थान है। अली मियां 18वीं शताब्दी के दार्शनिक शाह वलीउल्ला को अपना प्रतीक मानते हैं। उन्होंने विघटित हो रहे मुगल साम्राज्य को देखते हुए इस उप-महाद्वीप में इस्लाम का शासन इस सीमा तक स्थापित करने का प्रयास किया था कि उन्होंने अहमद शाह अब्दाली को भारत पर आक्रमण के लिए आमंत्रित किया था। दावा इस्लामी वर्चस्व पुन: स्थापित करने का एक रास्ता हो सकता है। लेकिन भारत के लिए इसके उद्देश्य और ज्यादा गंभीर हैं। यह अहिंसक रूप से हिंदूवाद के 'मूर्ति पूजा' तथा 'बहुदेववाद' को ध्वस्त करने का तरीका है जिनको इस्लामी दृष्टिकोण से 'जाहिलिया' या अंधकारमय कहा जाता है। आरएसएस अक्सर मुसलमानों को हिंदुओं के साथ साझा पूर्वजों की याद दिलाती है तथा उनके डीएनए में समानता की बात करती है। लेकिन इस्लाम के दृष्टिकोण से साझा पूर्वज एक प्रकार का अंधकारमय काल था। ऐसे में इस अज्ञान के प्रति झुकाव का अर्थ कटुता व घृणा पैदा करने के सिवा और कुछ नहीं हो सकता है। मार्च, 1980 में प्रख्यात दारुल उलूम, देवबंद की शताब्दी के अवसर पर बोलते हुए अली मियां ने कहा था, 'मैंने अरबों को अनेक अवसरों पर बताया है कि अल्लाह ने उनको महत्वहीन स्थिति से उठा कर इस्लाम के रास्ते से महत्वपूर्ण स्थिति में बैठाया है। मैं अब यही बात आपसे कहना चाहता हूं और इसे यथासंभव पूरी दृढ़ता के साथ कहना चाहता हूं कि अतीत में आप कुछ नहीं थे और आपको सारी चीजें इस्लाम से मिली हैं। अब आप इस्लाम धर्म का गौरव धारण कर सकते हैं। अपने अतीत के बारे में सोचिए। भारत में आप किसकी पूजा करते थे? आप पेड़ों व पत्थरों जैसी मामूली चीजों की पूजा करते थे। आपको इस घोर अज्ञान तथा गरिमाहीन स्थिति से कौन बाहर लाया?' यह भाषण 'लिव टु लीड: अ काल टु इंडियन मुस्लिम्स' के पेज 4-5 पर प्रकाशित है। इन सवालों का स्पष्ट जवाब दावा या अल्लाह के रास्ते पर आमंत्रण है। दावा का अर्थ सभी देशी विश्वासों पर वर्चस्व है। आईडीसी केवल इसी पटकथा पर काम कर रहा है। वे अदालत में तर्क दे सकते हैं कि इस्लाम के दृष्टिकोण से उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है।

## आप की बात

### निर्धनता एक अभिशाप

**निर्धनता** के कारण लगभग भारत में आधी आबादी दर्द भरा जीवन जी रही है। निर्धनता का मुख्य कारण, अशिक्षा , भ्रष्टाचार , बढ़ती जनसंख्या , कमजोर कृषि , अमीरी ओर गरीबी के बीच बढ़ती खाई आदि है। गरीबी इस कदर है की इंसान अपनी इच्छा ना पूरी कर पाने के कारण आत्मा हत्या, मर्डर, चोरी, किडनैपिंग जैसे काम करने पे मजबूर है। आए दिन तरह-तरह की घटना सुनने में आती है। कभी- कभी तो ऐसी घटना सुनने को आती है जिनको सुनके रूह काप जाती है । जैसे चन्द पैसों के लिए उसने उसका मर्डर कर दिया , गुंडे भेज के मरवा डाला बहुत सी खबरे आती है बस गरीबी की वजह से ऐसे कदम उठाते है। सच - झूठ , बड़ा- छोटा , मान -अपमान कुछ भी नहीं दिखता अब बस पैसा मिले और हम गरीब से अमीर हो जाए किसी के सामने झुकना ना पड़े अब बस यही दिखता है कारण क्या है पैसा और गरीबी, चाहे उसके लिए किसी का हिस्सा भी लेलो लेकिन अमीर होना है चाहे उसके घर में चूल्हा ना जल रहा हो बच्चे भूखे हो पर उससे कोई मतलब नहीं गरीब नहीं होना है करोड़पति बनाना है ओर इसमें ज्यादा वहीं इंसान फस जाते है गरीब रहते है जो सीधे - साधे होते है जिन्हें उतना ज्ञान नहीं होता है कि क्या करना है।

- **पलक त्रिवेदी**, उन्नाव

### सामाजिक ढांचे को तोड़ते नेता

**जिस** राष्ट्र का स्वयं इतना वृहद इतिहास और सांस्कृतिक अवधारणाएं रही हो आज वही राष्ट्र अपने देश के कुछ संकीर्ण राजनैतिक महत्वाकांक्षा वाले नेताओं के कारण पूरे विश्व में अपयश का कारण बन रहा है। जिस देश में सिंहासन और राजनैतिक अधिकारों को तिनके के समान समझकर हमारे देश के महापुरुष सन्यास धारण कर लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते थे। आज उसी देश के नेता देश के सामाजिक मूल्यों और उसकी व्यवस्था को भंग करके निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए कोई भी अवसर गवाना नही चाहते, चाहे राष्ट्रीयता के सूत्र में बंधे भारतीय पुन: संकीर्ण जातिवाद की चपेट में ही क्यों न आ जाएं। ताजा घटनाक्रम लखीमपुर खीरी का है, जिसमें भिंडरावाले जैसे देशद्रोही और आतंकवादी के चित्र लगे कपड़े पहन स्वयं को किसान बताकर जिस प्रकार से हिंसा और उपद्रव किया गया है, वह निश्चित ही अक्षम्य अपराध है। परन्तु किसान आंदोलनों की आड़ में अपने राजनैतिक हितों को साधना यह वामपंथियों की पुरानी नीति रही है चाहे 1952 का आराजी किसान आंदोलन हो या 1954 का भूमि सुधार आंदोलन हो। हर बार उन्होंने अपने हितों को साधने के लिए समाज के एक धड़े को दूसरे से लड़वाया है।

- **पारस जैन,** मेरठ

### कांग्रेस की दशा

**यह** पत्र 'वेंटिलेटर पर है देश की सबसे पुरानी पार्टी' के संदर्भ मे है। कांग्रेस की हालत उस मांझी की तरह है जो भंवर मे फंसता जा रहा है और इससे बाहर आने का कोई रास्ता सूझ नहीं रहा है। पहले पंजाब प्रकरण जिसमे दोनों भाई बहनों ने पार्टी की मिट्टी पलीद करवा दी, उसके बाद कन्हैया, जिग्नेश जैसे लोगों को पार्टी मे शामिल करना जिन नेताओं का अपना कोई जनाधार नहीं है जिसके बूते वह कांग्रेस की नैया को पार लगा सकें। सोनिया गांधी ने निर्णय लेने की जो ज़िम्मेदारी अपने बेटे बेटियों को सौंपी है उसमे वह विफल ही दिखाई दिए हैं अब तक। और जिस तरह से कॉंग्रेस के वरिष्ट नेता कपिल सिब्बल के घर के बाहर नारेबाजी और पथराव हुआ इससे ना केवल कांग्रेस की बल्कि गांधी परिवार की छवि भी धूमिल हुई है। कांग्रेस इस समय एक बेलगाम घोड़े की तरह हो गयी है। चाटुकारिता की राजनीति भले ही गांधी परिवार को पसंद आती हो लेकिन इसके दुष्परिणाम सदैव पार्टी को भारी पड़ते आए हैं लेकिन गांधी परिवार ने आंखें मूंदकर शुतुरमुर्ग वाली शैली अपना रखी है।

- **बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**यूपी** सरकार ने कहा कि हम जाने के लिए स्वतंत्र हैं और अब वो हमें रोक रहे हैं। किस तरह की अनुमति है यह?

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

**मैंने** ताइवान के बारे में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात की है। हम सहमत हैं...हम ताइवान समझौते का पालन करेंगे।

- **जो बिडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**दलित** बंधु योजना निश्चित रूप से मुसलमानों के लिए ही नहीं बल्कि सभी समुदायों के गरीबों के लिए शुरू की जाएगी।

- **के चंद्रशेखर राव**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री

# यूपी को मिली 127 ऑक्सीजन प्लांट की सौगात

## ● डिजिटल लिंक के जरिये पीएम ने किया वर्चुअल लोकार्पण

**चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने डफरिन, चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने पीजीआई, डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने छावनी बोर्ड अस्पताल, मंत्री आशुतोष टंडन ने केजीएमयू, मंत्री स्वाति सिंह ने लोकबंधु अस्पताल में किया उद्घाटन**









**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीएम** केयर्स फंड से यूपी में स्थापित 127 ऑक्सीजन प्लांट का वर्चुअल लोकार्पण डिजिटल लिंक के जरिये गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने एम्स ऋषिकेश से किया। वर्चुअल लोकार्पण के मौके पर प्रदेश सरकार के चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह डफरिन अस्पताल में, चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना पीजीआई में और डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा छावनी बोर्ड अस्पताल में तथा महिला बाल विकास मंत्री स्वाति सिंह लोकबंधु अस्पताल में उपस्थित थीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीजीआई को भेंट किये गए 1000 लीटर क्षमता का पीएसए ऑक्सीजन प्लांट से वर्तमान में पीएमएसएस वाई ब्लॉक को ऑक्सीजन की आपूर्ति की जाएगी। नवीन इमरजैंसी ब्लॉक के क्रियान्वित होते ही इस ऑक्सीजन प्लांट द्वारा वहां निर्बाधित ऑक्सीजन आपूर्ति प्रदान की जाएगी। प्रदेश सरकार के वित्त, चिकित्सा शिक्षा व संसदीय मामलों के मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा फीता काटकर ऑक्सीजन प्लांट का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ आरके धीमन, प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाति सिंह भी उपस्थित थे। वहीं डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा ने लखनऊ छावनी बोर्ड अस्पताल में 250 एलपीएम पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया। इस ऑक्सीजन संयंत्र से 60 बिस्तर लखनऊ छावनी बोर्ड अस्पताल को ऑक्सीजन की आपूर्ति और रोगियों को राहत प्रदान करेंगे। इस अवसर पर डॉ शर्मा ने पीएम केयर्स फंड द्वारा वित्त पोषित दो संयंत्रों के स्थापना की सराहना की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में स्वीकृत 555 ऑक्सीजन संयंत्रों में से 392 वर्तमान में चालू हैं, जो उस गति को दर्शाता है, जिसके साथ राज्य और केंद्र सरकार ने कोविड 19 चुनौती का सामना करने के लिए कदम बढ़ाया है। डॉ शर्मा ने कोविड 19 से निबटने के लिए युद्धस्तर पर काम करने के लिए राज्य और केंद्र सरकारों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोविड 19 स्थिति से निबटने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की रणनीति का विश्व स्वास्थ्य संगठन और नीति आयोग ने स्वागत किया है। इससे पूर्व जीएस राजेश्वरन प्रधान निदेशक रक्षा संपदाए मध्य कमान ने लखनऊ छावनी बोर्ड अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर डॉ दिनेश शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर लखनऊ छावनी से विधान सभा सदस्य सुरेश तिवारी विशिष्ट अतिथि थे। वहीं प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय में 750 एलपीएम आक्सीजन प्लांट का उदघाटन किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्लांट को स्थापना से प्रभावित लोगों को ठीक होने में मदद मिलेगी।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के शताब्दी फेज़ 2 में पीएम केयर फंड से स्थापित 3000 एलपीएम क्षमता के ऑक्सीजन प्लांट का शुभारम्भ नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने किया। इस मौके पर टंडन ने कहा कि कोरोना काल में देश को ऑक्सीजन की कमी से जूझना पड़ा था। कई लोगों ने ऑक्सीजन की कमी के कारण जान भी गंवाई, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कोविड के समय किये गए चिकित्सकीय कार्यों के लिए केजीएमयू कुलपति समेत, डाक्टरों ,नर्सों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल बिपिन पुरी ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

# चुनाव से पहले न्यू अयोध्या सिटी का तोहफा देने की तैयारी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**न्यू** अयोध्या सिटी का शिलान्यास विधानसभा चुनाव से पहले होगा। योगी सरकार ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। दिसम्बर माह के पहले हफ्ते में सरकार इस धार्मिकनगरी का तोहफा राज्य की जनता को दे सकती है। सीएम की मंशा से शासन के अधिकारियों ने आवास विकास परिषद को अवगत करा दिया है। प्रस्तावित नगरी अयोध्या को देश दुनियां के धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर अहम स्थान दिलाने में सफल होगी।

दरअसल सीएम योगी आदित्यनाथ चाहते हैं कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने के साथ साथ अयोध्या का भी विकास करके इसे खूबसूरत बनाया जाये। इसके लिये अयोध्या में अनेक विकास योजनाओं पर काम चल रहा है। विकास के प्रस्ताविक कार्यो में नयी अयोध्या का बसाया जाना भी शामिल है। यह काम आवास विकास परिषद कर रहा है। वैदिक सिटी के रूप में बनने वाली भव्य अयोध्या टाउनशिप में आम लोगों को भी आवास मिल सकेगा। देश दुनिया के राज्यों के अतिथि गृह, मठ, मंदिर, आश्रम, अस्पताल व आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस ग्रीन फील्ड टाउनशिप में आवासीय भूखंड भी होंगे, जिनकी संख्या दस हजार होगी। राजधानी लखनऊ में आयोजित न्यू इंडिया अरबन कांक्लेव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टाउनशिप के थ्री डी मॉडल से रूबरू कराया जा चुका हैं। टाउनशिप को लेकर कुछ नई जानकारियां भी सामने आई हैं, जिसमें आम लोगों को आवासीय सुविधा प्रदान किया जाना भी शामिल है। राममंदिर पर फैसला आने के बाद अयोध्या के विकास के लिए बन रही योजनाओं में भव्य अयोध्या ग्रीन फील्ड टाउनशिप अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह टाउनशिप अयोध्या के उपनगर के तौर पर होगी। टाउनशिप में स्थान पाने के लिए देश दुनिया की संस्थाएं प्रयासरत हैं। कर्नाटक सरकार ने अपना राज्य अतिथि गृह बनाने के लिए प्रस्ताव दिया है। कर्नाटक सरकार के प्रतिनिधि भव्य अयोध्या टाउनशिप की भूमि का स्थलीय निरीक्षण भी कर चुके हैं। यही नहीं कई देशों के कई नामी संस्थान भी भव्य अयोध्या में भूमि पाने के लिए अपना प्रार्थनापत्र उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर चुके हैं। दो से तीन महीनों में योजना के भूखंडों का मूल्य भी निर्धारित हो जाने की संभावना है। इसके लिए ली एसोसिएट्स का सहयोग लिया जा रहा है। आवास आयुक्त अजय चौहान का कहना है कि टाउनशिप में आधुनिकता के साथ पौराणिकता का समावेश होगा। ब्रह्मस्थान से राममंदिर का शिखर दिखाई देगा तो सौ मीटर चौड़े मार्ग अलग विशेषता लिए होंगे। शाहनेवाजपुर, मांझा बरहेटा, तिहुरा में प्रस्तावित इस योजना में दस हजार आवासीय भूखंड विकसित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त टाउनशिप में एक समय में 40 हजार पर्यटकों व श्रद्धालुओं के ठहरने का प्रबंध होगा।

## महंत नृत्य गोपालदास आज हो सकते हैं डिस्चार्ज

**लखनऊ।** राजधानी के मेदान्ता हॉस्पिटल में भर्ती श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपालदास की तबीयत में पहले से काफी सुधार है। उनका आक्सीजन सपोर्ट हटाने के साथ ही यूरिन भी सही पाई गई है। ऐसे में शुक्रवार को उन्हें डिस्चार्ज किया जा सकता है। अस्पताल के निदेशक डॉ राकेश कपूर के अनुसार महंत की स्तिथि में सुधार है। उनका ऑक्सीजन सपोर्ट हट गया है तथा यूरिन भी सही पाई गई है। जिसके पश्चात उनकी पेशाब की नली भी हटा दी गयी है। उनकी स्थिति स्थिर एवं संतोषजनक है। डॉ कपूर ने बताया कि कल संभवत: उन्हें मेदांता हॉस्पिटल से डिस्चार्ज करके वापस अयोध्या ले जाया जायेगा।

## सपा व्यापार सभा ने मनाई महाराजा अग्रसेन की जयंती

**लखनऊ।** समाजवादी व्यापार सभा की ओर से पार्टी मुख्यालय लखनऊ में दानवीरता की प्रतिमूर्ति एवं महाराजा अग्रसेन की जयंती सादगी से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गर्ग तथा संचालन महासचिव अभिमन्यु गुप्ता ने की। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, शैलेन्द्र यादव ललई विधायक एवं उदयवीर सिंह एमएलसी आदि कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। समाजवादी व्यापार सभा की बैठक में जहां महाराजा अग्रसेन के मानवीय गुणों, दानशीलता तथा अहिंसा व्रत पालन आदि की चर्चा की गई वहीं वर्तमान सरकार के समय व्यापारियों के उत्पीड़न की शिकायत की गई। व्यापारी सभा में सन् 2022 के चुनावों में समाजवादी पार्टी को बहुमत से जिताने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में कहा गया कि समाजवादी पार्टी की सरकार में ही अग्रसेन जयंती पर अवकाश घोषित हुआ था। सपा में ही व्यापारियों को सम्मान मिला है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने अपने समापन भाषण में कहा कि भाजपा सरकार में किसानों और व्यापारियों की हत्याएं हो रही है। व्यापारी वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। लोगों को फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा किसान और व्यापारी आपसी सम्बंधों में जुड़े हैं। किसान कंगाल होगा तो व्यापार घटेगा। अ

# भाजपा देश निर्माण की राजनीति करती है: स्वतंत्र देव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भाजपा** अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि देश के गौरव पंडित दीनदयाल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई का जीवन एक तपस्वी की तरह था जिन्होंने देश के निर्माण के लिए देश की सेवा करते हुए अपना जीवन व्यतीत किया। इन सभी के प्रयासों से आज पार्टी यहां तक पहुंची है।

भाजपा अध्यक्ष गुरुवार को लखनऊ महानगर के पूर्व मंडल एक की बूथ संख्या 368 पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन के विषय में भी सभी को मालूम है की चाय बेचने से शुरुआत कर पहले गुजरात के मुख्यमंत्री बने और उसके बाद देश के प्रधानमंत्री। आज भी उनके परिवार का एक भी व्यक्ति उनके शाल तक का उपयोग नहीं करता है उसकी नीलामी होती है और उस से प्राप्त पैसा भी जनकल्याण की योजनाओं को पूरा करने में खर्च होता है। श्री सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सिद्धांत है राष्ट्रवाद और विकासवाद। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी सभी योजनाओं का बराबर से लाभ मिले। जिसमें सभी धर्म और वर्गों को बराबर से लाभ मिलता है कहीं भी कोई वंशवाद या परिवारवाद नहीं दिखाई देता है। जब विदेशी काशी नगरी पहुंचते हैं वहां की व्यवस्था और परिवर्तन देखकर वह अचंभित हो जाते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आपकी पार्टी है और आपको ही अन्य लोगों को इसका जवाब देना है । आपको यह मैं पुन: विश्वास दिलाता हूं कि आप के नेता ईमानदार हैं, परिश्रमी हैं जो अपने व्यक्तिगत जीवन के लिए नहीं जीते हैं वह देश के लिए और गरीबों की खुशहाली के लिए कार्य कर रहे हैं। आप जब अपना एक वोट कमल को देते हैं तो वोट सीधे मोदी और योगी को मिलता है। उन्होंने कहा कि मोदी प्रधानमंत्री बनते हैं तो मंदिर का निर्माण होता है, राज्य में दंगा नहीं होता है और न बम गिरता है । आप एक वोट देते हैं तो आप भले ही जाति, मोहल्ले के व्यवहार के आधार पर देते हैं पर वह वोट देश के विकास के लिए जाता है। आज देश के 125 करोड़ देशवासियों के समर्थन की ही ताकत है कि मोदी जी चाइना की धरती पर जाते हैं तो भारत माता की जय जय कार होती है, अमेरिका की धरती पर वंदे मातरम का नारा लगता हैं।

बैठक में उपस्थित लखनऊ प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में बूथ स्तर पर सेवा ही समर्पण भाव से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

# थानों के भ्रमण के दौरान लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करें अधिकारी: डीजीपी

## ● दोषी विवेचकों के खिलाफ कार्रवाई के पुलिस महानिदेशक ने दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** के डीजीपी मुकुल गोयल ने निर्देश दिए हैं कि जिलों के पुलिस कप्तान यह सुनिश्चित करें कि विवेचनाओं का निस्तारण निर्धारित समय अवधि में हो। अनावश्यक रूप से विवेचनाओं के निस्तारण में विलंब न किया जाए। जिले के पुलिस अधिकारियों द्वारा थानों के भ्रमण के दौरान लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की जाए तथा थाने के कार्यालय भवन, बैरक व अवासीय भवनों आदि की साफ सफई एवं अभिलेखों का रख रखाव आदि का निरीक्षण किया जाए।

डीजीपी ने यह भी निर्देशित किया है कि भ्रमण के दौरान पुलिस अधिकारी थानों पर नियुक्त कर्मचारियों का सम्मेलन भी आयोजित करें। उनकी बीट बुक का भी निरीक्षण किया जाए। समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी द्वारा नियमित अन्तराल पर थानों की लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की जाए एवं लम्बित विवेचनाओं की गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण कराने के प्रभावी प्रयास किए जाएं। गम्भीर प्रकृति के अपराधों के विवेचनाओं की समीक्षा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गहराई से की जाए तथा अनावश्यक रूप से लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में दोषी विवेचकों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। थानों पर लम्बित विवेचना व जांचों की समीक्षा करने वाले अधिकारियों द्वारा विवेचना की स्थिति जांच रजिस्टर आदि का अवलोकन किया जाए। पूर्व में थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक को दिए गए निर्देशों पर कार्यवाही की भी समीक्षा की जाए।

# लखीमपुर खीरी घटना की सिटिंग जज से कराई जाए न्यायिक जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखीमपुर** खीरी हिंसा में मारे गए किसानों से मिलने के लिए अपने लखनऊ आवास से निकलने से पहले मीडिया से बात करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा से न्याय की उम्मीद नहीं है। नए वीडियो साक्ष्यों के बाद भी भाजपा सरकार को कुछ नज़र नहीं आ रहा है। भाजपा सरकार की कथनी करनी में बहुत अन्तर है। उसको सत्ता के दंभ का मोतियाबिंद हो गया है।

अखिलेश ने कहा कि लखीमपुर खीरी में किसानों को बर्बरता से कुचला गया। यह घटना किसानों के प्रति भाजपा सरकार के रवैए को दर्शाती है। अखिलेश यादव ने कहा कि लखीमपुर खीरी घटना की सिटिंग जज से न्यायिक जांच हो तभी पीड़ित किसान परिवारों को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि एफआईआर के बाद भी अभी तक गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई।

यादव ने कहा कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अपने पद से इस्तीफा क्यों नहीं देते हैं, घटना का आरोप गृह राज्य मंत्री के बेटे पर है। क्या उनके पद पर रहते हुए पीड़ित किसान परिवारों को न्याय मिलेगा, अखिलेश यादव ने कहा कि याद कीजिए नोएडा में जिम ट्रेनर के साथ क्या हुआ था। गोरखपुर में व्यापारी के साथ क्या हुआ, लखनऊ में मल्टीनेशनल कंपनी के अधिकारी के साथ क्या हुआ। पुलिस ने झांसी में पुष्पेंद्र को मारा आज तक न्याय नहीं मिला। कानपुर के व्यापारी मनीष गुप्ता की गोरखपुर के होटल में पीट पीटकर हत्या कर दी गई, अभी तक उस परिवार को न्याय नहीं मिला। कहा जा रहा है कि आरोपी पुलिस वाले फरार हैं। क्या वे बिना पुलिस की मदद के फरार हैं। इसी तरह से एक आईपीएस भी फरार है।

यादव ने कहा कि घटनाओं के बाद पहले दिन से ही भाजपा के लोग मुद्दों में उलझाने में लग जाते हैं। भाजपा सरकार पीड़ितों को न्याय दिलाने के बजाय घटनाओं को उलझाने में लग जाती है। लखीमपुर खीरी में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री किसानों को धमकी देते हैं। किसानों को अपमानित करते हैं। यादव ने कहा कि पुलिस, मंत्री के इशारे पर काम कर रही है। भाजपा लगातार किसानों को अपमानित करने का काम कर रही है।

# स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 200 करोड़ से शुरू होंगी विभिन्न योजनाएं: डा निर्मल

## ● निदेशक मण्डल की बैठक में लिया गया निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डा लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि प्रदेश के अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 200 करोड़ रुपये की धनराशि से निगम द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जायेगी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति के चयनित लाभार्थियों को बैंकों द्वारा अपेक्षित सहयोग न दिये जाने के कारण यह निर्णय निदेशक मण्डल की बैठक में लिया गया। यह धनराशि निगम को सीधे राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम से प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम से लिए गये 171 करोड़ रूपये ऋण की धनराशि का 95 प्रतिशत धन राशि का भुगतान राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम को किया जा चुका है। इसलिए अब यह बड़ी राशि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम को उपलब्ध हो सकेगी। डा निर्मल ने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के सहयोग से उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति के छात्रों को शिक्षा ऋण योजना भी प्रारम्भ किये जाने का निर्णय लिया गया है। निदेशक मण्डल ने उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम में आऊटसोर्स कार्मिकों के मानदेय में नवम्बर 2021 से वृद्धि करने का भी निर्णय लिया है। यह भी फैसला लिया गया है कि उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम में उपलब्ध सीएसआर फण्ड से अनुसूचित जाति के छात्रावासों में सोलर लाईट, सोलर गीजर एवं आरओ लगाने की व्यवस्था की जायेगी।

# भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पीएम मोदी सहित यूपी के 13 नेता

## ● योगी सरकार के तीन मंत्रियों को मिली जगह



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी की अस्सी सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उत्तर प्रदेश से नाता रखने वाले पीएम नरेन्द्र मोदी सहित कुल 13 लोगों को स्थान मिला है। इस कार्यकारिणी में योगी सरकार के तीन मंत्रियों को भी भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी स्थान मिला है। इनमें दो मंत्री तो ऐसे है जो पिछले विधानसभा चुनाव से पहले बसपा का दामन छोड़कर भाजपा में आए थे। माना जा रहा है कि दोनों के कामकाज और संगठन के लिये किये गये कार्यों को देखते हुये शीर्ष नेतृत्व ने इन्हें अहम जिम्मेदारी दी है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल योगी सरकार के तीसरे मंत्री दारा सिंह चौहान है।

भाजपा की अस्सी सदस्यीय कार्यकारिणी में योगी सरकार के दोनों मंत्रियों के अलावा जिन अन्य लोगों के नाम है उनमें वाराणसी से सांसद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री वरिष्ठ नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी, राज्यसभा सदस्य मुतार अब्बास नकवी, चंदौली से सांसद डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय, अमेठी से सांसद स्मृति जुबिन ईरानी, फतेहपुर से सांसद साध्वी निरंजन ज्योति तथा मुज फरनगर से सांसद डॉ संजीव बालियान हैं। यूपी से इस कार्यकारिणी में 13 नेता हैं। इनके साथ बरेली से सांसद पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष गंगवार, योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री दारा सिंह चौहान, स्वामी प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक तथा राज्यसभा सदस्य अनिल जैन भी उत्तर प्रदेश से भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में हैं।

# मंत्री की बर्खास्तगी व उनके बेटे की गिरफ्तारी तक जारी रहेगी मेरी लड़ाई

## ● नवरात्र के पहले दिन कांग्रेस महासचिव ने अर्जुनगंज के घंटी वाली मरी माता के मंदिर में की पूजा अर्चना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखीमपुर** खीरी हिंसा में मारे गए दो किसानों के परिजन से मिलने बहराइच जाने से पहले प्रियंका गांधी ने बृहस्पतिवार को नवरात्र के प्रथम दिन अर्जुनगंज लखनऊ स्थित घंटी वाली मरी माता के मंदिर में पूजा अर्चना की। बहराइच रवाना होने से पहले प्रियंका गांधी ने कहा कि मैं जांच पर टिप्पणी नहीं करना चाहती क्योंकि यह अभी तक शुरू नहीं हुई है। लेकिन मैं यह कहना चाहती हूं कि निष्पक्ष जांच के लिए मंत्री को पद से इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि उनके पास गृह विभाग है और यह सब उसके अंतर्गत आता है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि पीड़ितों के परिवारों ने उनसे कहा कि उन्हें सरकार द्वारा घोषित मुआवजे में कोई दिलचस्पी नहीं है बल्कि वे न्याय चाहते हैं।

मंत्री को बर्खास्त और इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें रोकने के लिए पूरे पुलिस बल तैनात कर दिया गया और उसने पीड़ितों के परिवारों को घेर लिया ताकि कोई उनसे मिलने वहां न पहुंच सके। लेकिन सरकार ने अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस बल नहीं लगाया। घटना वाले दिन पुलिस कहां थी। क्या पुलिस सिर्फ नेताओं को रोकने के लिए है, कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मृतकों के परिवारों को दी गई पोस्टमॉर्टम की प्रतियां पढ़ने लायक नहीं थीं। उन्होंने कहा कि मैं अपनी लड़ाई तब तक जारी रखूंगी जब तक मंत्री को बर्खास्त नहीं कर दिया जाता और उनके बेटे को गिरफ्तार नहीं कर लिया जाता।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में यूपीसीडा ने किया 5000 करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में निवेश आकर्षित करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को जोड़ने के लिए बनाई गई निवेशक अनुकूल नीतियों के परिणाम स्वरूप राज्य ने कई खाद्य प्रसंस्करण कम्पनियों को आकर्षित किया गया है और मुख्यमंत्री की इस सोच को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीएसआईडी) के ठोस प्रयासों से कोविड 19 की विषम परिस्थितियों के दौरान भी यूपीएसआईडी ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 5000 करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित किया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की खाद्य प्रसंस्करण नीति निवेशकों को विभिन्न सब्सिडी और विपणन सहायता सहित कई वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

महामारी से प्रभावित अवधि के दौरान विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन करने के लिए कार्यालय आने के लिए अपने आवंटियों की कठिनाइयों का अनुभव करते हुए यूपीसीडा ने सभी निवेशकों की सुविधा के लिए अपनी 24 सेवाओं के ऑनलाइन प्रदान करना शुरू कर दिया था। इससे पूर्व में देवरिया से पश्चिम में सहारनपुर, उत्तर में पीलीभीत से दक्षिण में चित्रकूट तक पूरे राज्य में कंपनियों को अपनी इकाइयां स्थापित करने में मदद मिली तथा उनकी परिचालन आवश्यकताओं के लिए उनके सुविधानुसार स्थान से आवेदन करना तथा उनको सेवाएं प्रदान करनासुगम बनाया गया। इन निवेशों से किसानों की आय बढ़ाने के अवसर उत्पन्न होने के साथ साथ कुशलए अर्ध कुशल और अकुशल श्रमिकों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

महामारी प्रभावित अवधि के दौरान यूपीसीडा द्वारा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के कई प्रमुख निवेशकों को भूमि आवंटित करते हुए इकायों की स्थापना हेतु आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गईं। कुछ प्रमुख खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों में यूके की एबी मौरी, पेप्सिको, आईटीसी लिमिटेड और कोकाकोला शामिल हैं। अपने निवेशक अनुकूल दृष्टिकोण और सकारात्मक पहल के साथ यूपीएसआईडी ने कोविड 19 की प्रतिकूल स्थिति में भी 2800 करोड़ से अधिक विदेशी प्रत्यक्ष निवेश आकर्षित किया है। यूके की कंपनी एबी मौरी ने 1100 करोड़ निवेश करने की योजना बनाई है। पीलीभीत में और चित्रकूट जिले में 400 करोड़य ये दोनों संयंत्र बेकर्स यीस्ट का निर्माण करेंगे और इनसे लगभग 5000 श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। एक अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको ने मथुरा में 814 करोड़ का निवेश किया है जिसका उद्घाटन हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया था। इस इकाई से क्षेत्र में 5000 से अधिक आलू किसानों को लाभ पहुंचाते हुए 1500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है।

यूपीएसआईडीए ने आईटीसी लिमिटेड को भी जमीन आवंटित की है जो हरदोई जिले के संडीला क्षेत्र में अपने संचालन में 800 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। 60 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की जा रही प्रस्तावित इकाई द्वारा आटा, जूस और चिप्स आदि का उत्पादन होगा और 1000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। कोका कोला ने 500 करोड़ रुपये के निवेश से यूपीएसआईडी के बाराबंकी जिले के कुर्सी रोड औद्योगिक क्षेत्र में अपनी इकाई स्थापित की है। कंपनी की योजना अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 4200 बोतल प्रति मिनट करने की है जिसमें 200 करोड़ से अधिक का अतिरिक्त निवेश योजित है। इससे लगभग 500 स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग द्वारा भूमि की मांग को समझते हुए यूपीसीडा अब बरेली जिले के बहेड़ी क्षेत्र में एक फूड पार्क परियोजना शुरू करने के लिए तैयार है। यह फूड पार्क 246.12 एकड़ में विकसित किया जा रहा है। यूपीएसआईडी के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि बहेड़ी फूड पार्क में भूमि आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी क्योंकि पार्क में बुनियादी ढांचा विकास कार्य अंतिम रूप में हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 8 अक्टूबर, 2021



वल्लभनगर व धारियावाद विस उपचुनाव

# कांग्रेस और भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा की

**भाषा।** जयपुर

**सत्तारूढ़ कांग्रेस** और विपक्ष दल भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को राजस्थान के वल्लभनगर (उदयपुर), और धारियावाद (प्रतापगढ़) विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। उल्लेखनीय है कि धारियावाद से भाजपा विधायक गौतम लाल मीणा का 19 मई को कोरोना वायरस संक्रमण से निधन हो गया था। वहीं वल्लभनगर से कांग्रेस विधायक गजेंद्र सिंह शक्तावत का भी 20 जनवरी को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद निधन हो गया था।

कांग्रेस ने शक्तावत की पत्नी प्रीति शक्तावत को वल्लभनगर से चुनाव मैदान में उतारा है और नागराज मीना को भाजपा के खेत सिंह मीना के खिलाफ धारियावाद से टिकट दिया गया है। वहीं भाजपा ने वल्लभनगर (उदयपुर) सीट पर हिम्मत सिंह झाला और धारियावाद (प्रतापगढ़) के लिए खेत सिंह मीना को उम्मीदवार बनाया है।

भाजपा ने धारियावाद से गौतम लाल मीना के परिवार के किसी सदस्य को टिकट देने की बजाय अन्य नेता खेत सिंह मीना को चुनाव मैदान में उतारा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार खेत सिंह को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का समर्थन प्राप्त है। वहीं वल्लभनगर (उदयपुर) सीट पर पार्टी ने स्थानीय राजपूत उम्मीदवार हिम्मत सिंह झाला को टिकट दिया है।

दोनों विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर है। 11 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच व संवीक्षा होगी तथा 13 अक्तूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 30 अक्टूबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना दो नवंबर को करवाई जाएगी। राज्य की 200 सीटों वाली विधानसभा में इस समय कांग्रेस के 106 विधायक हैं जबकि भाजपा के 71, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के तीन और माकपा और भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के दो-दो विधायक हैं, वहीं 13 निर्दलीय विधायक है। दो सीटें रिक्त हैं।

## पारिवारिक संपत्ति बिक्री मामले में पूर्व सांसद और मंत्री समेत 12 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी खारिज

**जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने नागौर की पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा द्वारा अपने चाचा और पूर्व राज्य पर्यटन मंत्री उषा पूनिया समेत 12 अन्य लोगों पर संपत्ति के एक हिस्से को उन्हें अंधेरे में रखकर बेचने संबंधी दर्ज कराई गई प्राथमिकी को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने प्राथमिकी रद्द करने का आग्रह करने वाली याचिकाकर्ताओं की याचिका को अनुमति देते हुए बुधवार को कहा कि इस मामले में लगाए गए आरोप से न तो प्रथम दृष्टया कोई अपराध बनता है और न ही यह प्रतीत होता है कि कोई अपराध हुआ है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि संपत्ति उसके चाचा एवं पूर्व सांसद भानु प्रकाश मिर्धा ने बिना उनके पिता की सूचना के बेची थी। लेकिन अदालत ने यह पाया कि शिकायतकर्ता को 1988 में निष्पादित संपत्ति की बिक्री की जानकारी थी।

## भाजपा राकांपा नेता को बदनाम करने की कोशिश कर रही: जयंत पाटिल

**पुणे।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री जयंत पाटिल ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेताओं को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। आयकर विभाग द्वारा कथित कर चोरी के आरोप में राज्य के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के परिवार के सदस्यों से जुड़े कुछ व्यवसायों और कुछ रियल एस्टेट डेवलपर्स पर छापेमारी के बाद पाटिल ने यह बात कही है। छापे मुंबई, पुणे, सतारा और महाराष्ट्र और गोवा के कुछ अन्य शहरों में मारे जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि जारी अभियान के तहत डीबी रियल्टी, शिवालिक, जरंदेश्वर सहकारी चीनी कारखाना (जरंदेश्वर एसएसके) जैसे व्यापारिक समूहों और पवार की बहनों से जुड़े व्यवसायों से संबंधित परिसरों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ दस्तावेज बरामद हुए हैं और उनका विश्लेषण किया जा रहा है।

# मप्र में लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों के लिए भाजपा ने की अपने उम्मीदवारों की घोषणा

**भाषा।** भोपाल

**भारतीय जनता पार्टी** ने मध्य प्रदेश में खंडवा लोकसभा उपचुनाव के लिए ज्ञानेश्वर पाटिल को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा की ओर से जारी विज्ञप्ति में बृहस्पतिवार को बताया गया कि पार्टी ने राज्य की एक लोकसभा सीट खंडवा और तीन विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है।

भाजपा ने खंडवा लोकसभा उपचुनाव के लिए ज्ञानेश्वर पाटिल, जबकि तीन विधानसभा सीटों: जोबट से उपचुनाव के लिए सुलोचना रावत, रैगांव से प्रतिमा बागरी तथा पृथ्वीपुर से शिशुपाल सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। चारों उपचुनाव 30 अक्टूबर को होंगे तथा मतगणना दो नवंबर को होगी।

भाजपा सांसद नंदकुमार सिंह चौहान के निधन के कारण खंडवा लोकसभा सीट पर उपचुनाव करना पड़ रहा है। भाजपा ने उनके पुत्र हर्षवर्धन सिंह चौहान को टिकट नहीं देते हुए खंडवा जिला पंचायत के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पाटिल को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं खंडवा लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व विधायक राजनायण सिंह पूर्णी को मैदान में उतारा है।

कांग्रेस विधायक कलावती भूरिया के निधन के कारण खाली हुई अलीराजपुर जिले की जोबट (एसटी) विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा ने सुलोचना रावत को टिकट दिया है जबकि कांग्रेस ने महेश पटेल को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व विधायक रावत हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुई हैं। इससे पहले वह 1998 और 2008 में दो दफा कांग्रेस के टिकट पर इस सीट से जीती थीं।

भाजपा के विधायक जुगल किशोर बागरी के निधन से खाली हुई सतना जिले की रैगांव (एससी) सीट से भाजपा ने बागरी की बहू प्रतिमा बागरी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने यहां से कल्पना वर्मा को टिकट दिया है।

वर्मा इससे पहले 2018 के विधानसभा चुनाव में बागरी के खिलाफ चुनाव लड़ चुकी हैं। पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस विधायक बृजेंद्र सिंह राठौर के निधन से खाली हुई निवाड़ी जिले की पृथ्वीपुर सीट से भाजपा ने शिशुपाल सिंह को मैदान में उतारा है वहीं कांग्रेस ने राठौर के पुत्र नितेंद्र राठौर को अपना उम्मीदवार बनाया है। शिशुपाल ने पिछला चुनाव समाजवादी पार्टी से लड़ा था इसके बाद वह भाजपा में शामिल हो गए।



प्रयागराज में नवरात्र पर्व के पहले दिन पवित्र गंगा में स्नान करते हुए श्रद्धालु

## अपनी विचारधारा न थोपे तमिलनाडु सरकार, सप्ताहांत पर मंदिर में दर्शन की दे इजाजत: भाजपा

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा कि अगर राज्य की द्रमुक सरकार ने सप्ताहांत पर मंदिरों में पूजा अर्चना करने पर प्रतिबंधों को 10 दिन के भीतर नहीं हटाया और अपनी विचारधारा थोपने की कोशिश की तो उसे लोगों का रोष झेलना पड़ेगा। अन्नामलाई ने कहा कि सप्ताहांत पर मंदिर में दर्शन करने पर प्रतिबंध लगाकर राज्य सरकार श्रद्धालुओं पर अपनी विचारधारा थोपने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस जनित महामारी का बहाना बनाकर शुक्रवार से रविवार तक मंदिरों को बंद रखने का कोई तार्किक कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि जब सिनेमाघर खुले हैं और सरकार बच्चों के लिए पुन: स्कूल खोलने जा रही है जिनके लिए टीका भी नहीं आया है, तो ऐसे में मंदिरों पर प्रतिबंध लगाने का कोई मतलब नहीं है।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने दुर्गापूजा पंडालों में सिंदूर खेला, आरती, को अनुमति दी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कोविड-19 स्थिति को देखते हुए दुर्गा पूजा पंडालों में दर्शकों की संख्या सीमित करने के अपने पहले के आदेशों में संशोधन करते हुए पंडालों के अंदर अंजलि, आरती, सिंदूर खेला जैसी सभी गतिविधियों और विधानों को अनुमति दे दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह छूट इसी शर्त पर मान्य है जब पूजा पंडालों के अंदर लोगों की अधिकतम संख्या और अन्य शर्तों का पालन किया जाए, जैसे दोहरा टीकाकरण एवं मास्क पहनना। उच्च न्यायालय के पहले के आदेश को संशोधित करते हुए न्यायमूर्ति आई. पी. मुखर्जी और अनिरुद्ध राय की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि उपर्युक्त शर्तों का पालन करने पर सभी गतिविधियां और पूजा की परंपरा जैसे अंजलि, आरती, सिंदूर खेला आदि की पंडाल के अंदर अनुमति होगी। उच्च न्यायालय ने अक्टूबर 2020 में आदेश दिया था कि छोटे पूजा की स्थिति में प्रतिदिन एक समय में पंडाल के अंदर 15 से अधिक व्यक्ति नहीं होने चाहिए।

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**
**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**चल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत चल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटर (रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/ प्रभारित निम्नवर्णित चल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है, जैसी है जो भी है तथा जो भी वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | रविंदर कुमार (कर्जदार), LAROH00035177651 | मारुति उद्योग लिमिटेड वैगन आर एलएक्सआई निर्माण वर्ष 2016 पंजीकरण सं. एचआर46ई5117 | रू. 7,09,764.86 (अक्टुबर 04, 2021 तक) | रू. 1,20,000/- रू. 25,000/- | नवम्बर 08, 2021 को दो. 12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | नवम्बर 15, 2021 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी कार देखो की वेबसाइट **(URL Link-https://auction.cardekho.com)** पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेशिती दिनांक **नवम्बर 12, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अन्तिम
अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर यह/ये प्रत्याभूत आस्तिं/या की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को उनके प्रस्ताव उपरोक्त धरोहर जमा राशि (कॉलम 'ङ' में वर्णितअनुसार) सहित एक मोहरबंद लिफाफे में 'सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रस्ताव'', शीर्षांकित कर इस प्रकार प्रस्तुत करें कि **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट, **कार देखों, कॉमेट इमार डिजिटल ग्रीन्स 11 वां माला टावर-बी सैक्टर-61 (सोहना रोड) बहरानपुर नया गुड़गांव -122102** स्थित कार्यालय में दिनंक **नवम्बर 12, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व पहुंच जानी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक संचालक के लिए नीलामकार के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। ईएमडी डीडी/ पीओ राष्ट्रीयकृत अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड'** के पक्ष में एवं **दिल्ली** में देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के निबंधन एवं शर्तों या निविदा जमा कराने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर **8584874809** या कार देखें मोबाइल नम्बर **7412066541** पर सम्पर्क करें।
निविदाएं केवल बैंक/ई-नीलामी विक्रेता। पदाधिकारी द्वारा अन्तिम तिथि एवं कट-ऑफ समय से पूर्व, पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त एवं पंजीकृत की गई निविदाएं ही नीलामी हेत मान्य होगी। प्राधिकृत अधिकारी बगैर कोई कारण बताए किसी भी बोली या समस्त बोलियों को अस्वीकार करने का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया **www.icicibank.com/n4p4s** सम्पर्क करें।

**तिथि : अक्टुबर 08, 2021**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) तथा पता | प्रतिभूत परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पता/ प्रवर्तित होनेवाली परिसम्पत्ति | प्रेषित सूचना तिथि/सूचना तिथि के अनुसार बकाया | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रुपिंदर कौर, अमरदीप सिंह चुघ, एबीएम ट्रैवल्स ऐंड टूर्स प्रा. लि., बलवंत सिंह चुघ, बी-5/805 सहारा ग्रेस, सहारा मॉल के पीछे, एमजी रोड, गुड़गांव, हरियाणा, खाता:- एलबीडीईएल00003164146 | लैट नं. बी4/804, 7वां तल, सहारा ग्रेस, एमजी रोड, गुड़गांव, हरियाणा | 30.08.2021 रु. 13596954/- | 11.06. 2021 |
| 2 | विशाखा खत्री राणा, नरेन्द्र सिंह, मकान सं. 1458ए, सेक्टर बी, पॉकेट 1, वसंत कुंज, दिल्ली, खाता:- एलबीडीईएल00005124606 | लैट नं. 1458ए, भूतल, एसएफएस-सीएटी-II, पॉकेट 1, सेक्टर बी, वसंत कुंज, दिल्ली | 02.09.2021 रु. 12975229/- | 06.05. 2021 |
| 3 | रुपिंदर कौर, अमरदीप सिंह चुघ, एबीएम ट्रैवल्स ऐंड टूर्स प्रा. लि., बलवंत सिंह चुघ, बी-5/805, सेक्टर-29, गुड़गांव, हरियाणा, खाता:- एलबीडीईएल00003164145 | लैट नं. बी4/804, 7वां तल, सहारा ग्रेस, एमजी रोड, गुड़गांव, हरियाणा | 30.08.2021 रु. 13153409/- | 11.06. 2021 |
| 4 | टमित सिंसिंवाल, नीलम सिंसिंवाल, मकान सं. 8, भूतल, मार्वल होम्ज, भूखण्ड सं. बी-17, सेक्टर-61, नोएडा, उत्तर प्रदेश, खाता:- एलबीडीईएल00002406217 | लैट नं. 1202एम, 12वां तल टॉवर-I, क्लॉउड-9, भूखण्ड सं. -आर-सी 1/2, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 02.09.2021 रु. 12699174/- | 06.05. 2021 |
| 5 | संध्या अग्रवाल, निर्मला मित्तल, अमित मित्तल, ईश्वर चंद, आरजेड 174 बी/16 तुगलकाबाद एक्सटेंशन, दिल्ली, खाता:- एलबीएफडीबी00004862225 | भूखण्ड सं. 185, ब्लॉक नं.-ए, विला नं.-44, सेक्टर-41-42 अर्बन एस्टेट, ग्रीन वैली, फरीदाबाद, हरियाणा | 02.09.2021 रु. 12421105/- | 07.06. 2021 |
| 6 | संध्या अग्रवाल, निर्मला मित्तल, अमित मित्तल, ईश्वर चंद, आरजेड 174 बी/16 तुगलकाबाद एक्सटेंशन, दिल्ली, खाता:- एलबीएफडीबी00004862225 | भूखण्ड सं. 185, ब्लॉक नं.-ए, विला नं.-44, सेक्टर-41-42 अर्बन एस्टेट, ग्रीन वैली, फरीदाबाद, हरियाणा | 02.09.2021 रु. 12421105/- | 07.06. 2021 |
| 7 | संध्या अग्रवाल, निर्मला मित्तल, अमित मित्तल, ईश्वर चंद, आरजेड 174 बी/16 तुगलकाबाद एक्सटेंशन, दिल्ली, खाता:- एलबीएफडीबी00004862225 | भूखण्ड सं. 185, ब्लॉक नं.-ए, विला नं.-44, सेक्टर-41-42 अर्बन एस्टेट, ग्रीन वैली, फरीदाबाद, हरियाणा | 02.09.2021 रु. 12421105/- | 07.06. 2021 |
| 8 | अनुज शर्मा, सोनिया शर्मा, एम 12 द्वितीय तल, पश्चिमी पटेल नगर, दिल्ली, खाता:- एलबीडीईएल00003618393 | लैट सं. सीजीजी-174, टॉवर-जी, 17वां तल, विंग-4, फेज-I, भूखण्ड सं. 15, डीएलएफ कैपिटल ग्रीन, मोती नगर, शिवाजी मार्ग, दिल्ली | 02.09.2021 रु. 12165240/- | 11.06. 2021 |
| 9 | रजनी नरूला, कलाकार प्रिंट्स, सुमित नरूला, सीमा नरूला, पार्क ड्राइव 20, मलीबू टाउन सोहना रोड, गुड़गांव, हरियाणा, खाता:- एलबीजीयूआर00004047129 | भूखण्ड सं. 20, पार्क ड्राइव रोड, ग्राम फतेहपुर, मलीबू टाउन, गुड़गांव-122001 | 02.09.2021 रु. 11507457/- | 07.06. 2021 |
| 10 | प्रशान्त मिश्रा, देविका शर्मा, मकान सं. 51 एवं 52, प्रथम तल, पॉकेट-6, सेक्टर-25 रोहिणी, दिल्ली खाता:- एलबीडीईएल00005044172 | लैट सं.-1402, 14वां तल सनशाइन, हेलिओज-टॉवर-बी, भूखण्ड सं.-जीएच-005बी, सेक्टर-78, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 | 02.09.2021 रु. 10433847/- | 11.06. 2021 |
| 11 | आदित्य मेहरा, गोपाल मेहरा, 1210/26 इंदिरा कॉलोनी, कैलाश पुरी रोड, कृष्णा गंज अजमेर, अजमेर, राजस्थान, खाता:- एलबीडीईएल00005053751 | लैट सं.-एफ-304, तृतीय तल टॉवर-एफ, नाइनेक्स सिटी, सेक्टर-76, गुरुग्राम, हरियाणा | 02.09.2021 रु. 10173613/- | 07.06. 2021 |
| 12 | सौरव कुमार, अंजलि सहरावत, बी 502, हेरिटेज वन, सेक्टर 62, गुड़गांव, हरियाणा, खाता:- एलबीजीयूआर00003334697 | लैट सं.-1706, टॉवर-के एवं डी, 16वां तल, गोदरेज समिट, सेक्टर-104, गुड़गांव, हरियाणा | 02.09.2021 रु. 10608597/- | 30.04. 2021 |
| 13 | नीरज पटौदिया, वंदना पटौदिया, सी-191, द्वितीय तल, आनंद विहार, दिल्ली, खाता:- एलबीडीईएल00001845744 | मकान सं. ए-236, संपूर्ण द्वितीय तल, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली | 02.09.2021 रु. 10990195/- | 10.06. 2021 |
| 14 | अनीता यादव, राकेश कुमार, मकान सं. 260, सेक्टर 10ए, गुड़गांव, हरियाणा, खाता:- एलबीजीयूआर00003625311 | मकान सं.-260, सेक्टर-10ए, अर्बन एस्टेट, गुड़गांव, हरियाणा | 30.08.2021 रु. 9819714/- | 06.05. 2021 |
| 15 | राजेश सिंह चौहान, शिवेन्द्र सिंह चौहान, लैट सं. 09062 एटीएस ग्रीन पैराडिसो चाई-04, नोएडा, उत्तर प्रदेश, खाता:- एलबीडीईएल00002713157 | डी-703, 7वां तल, टॉवर डी, गोदरेज समिट, सेक्टर-104, गुड़गांव | 02.09.2021 रु. 9341006/- | 31.05. 2021 |
| 16 | एस के नंदा एफ ऐंड बी फूड सेंटर, रामा नंदा, विजय प्रकाश नंदा, वीणा नंदा, नरेन्द्र प्रकाश नंदा, प्रतीक नंदा, सुरिंदर प्रकाश नंदा, एस के नंदा एफ ऐंड बी फूड सेंटर, बी 57, मायापुरी इंडस्ट्रियल एरिया फेज 1, दिल्ली, खाता:- एलबीडीईएल00005314811 | भू एवं प्रथम तल, भूखण्ड सं. सी-2, विशाल एन्क्लेव, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली | 27.08.2021 रु. 8811711/- | 30.04. 2021 |
| 17 | विनोद कुमार, प्रीति, मकान-1105 स्टेलर जीवन जीएच 03 सेक्टर-01, नोएडा, उत्तर प्रदेश, खाता:- एलबीएनओडी00003101385 | लैट सं.-2621, 26वां तल फेरारा इन एनएक्सआईपीएल, महागुन मेजारिया, भूखण्ड सं. जीएच-01/ए, सेक्टर-78, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 02.09.2021 रु. 9169300/- | 06.05. 2021 |
| 18 | इम्पाइरु एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, अभिमन्यु बोकन, रमेश अरोड़ा, नरेन्द्र सिंह बोकन, एससीओ नं. 389, 390, निकट इको मेट्रो स्टेशन, गुड़गांव, हरियाणा खाता:- एलबीजीयूआर00004149915 | भूखण्ड सं. 224, सेक्टर 14, अर्बन एस्टेट, गुड़गांव-122001 | 02.09.2021 रु. 8787659/- | 31.05. 2021 |
| 19 | सविता बजाज, बजाज होलोग्राफिक्स इण्डिया प्रा. लि., हेमराज बजाज, कपिल बजाज, भूखण्ड सं.-14 होप अपार्टमेंट, सेक्टर-15 पार्ट-2, गुड़गांव, हरियाणा, खाता:- एलबीएमएनजे00003460942 | लैट सं.-जीएए-014, टॉवर-ए, प्रथम तल, न्यू टो हाइट्स, डीएलएफ-II, सेक्टर-86, गुड़गांव | 02.09.2021 रु. 8927026/- | 31.05. 2021 |
| 20 | विपिन जोशी, प्रदीप्ति मेहता, 5ए 12 पुलिस स्टेशन के सामने, तिलक नगर पश्चिम, दिल्ली, खाता:- एलबीजीयूआर00002889353 | लैट सं.-504, टॉवर-डी, 5वां तल, सेक्टर-104, गोदरेज समिट, गुड़गांव, हरियाणा | 02.09.2021 रु. 9073564/- | 30.04. 2021 |
| 21 | तरुण जैन, शिखा जैन, ऊषा जैन, एवी एक्सपोर्ट्स, के 20 प्रथम तल, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली, खाता:- एलबीडीईएल00002357857 | लैट सं.-504, टॉवर-डी, 5वां तल, सेक्टर-104, गोदरेज समिट, गुड़गांव, हरियाणा | 02.09.2021 रु. 9073564/- | 30.04. 2021 |
| 22 | अनीता यादव, राकेश कुमार, मकान सं.-260, सेक्टर 10ए, गुड़गांव, हरियाणा, खाता:- एलबीजीयूआर00003625324 | मकान सं.-260, सेक्टर-10ए, अर्बन एस्टेट, गुड़गांव, हरियाणा | 30.08.2021 रु. 8631186/- | 06.05. 2021 |
| 23 | प्रणजीत तालुकदार, माबेन तालुकदार, मृणालिनी रचेल, बी-47डी3 तृतीय तल गंगोत्री एन्क्लेव अलकनंदा, दिल्ली, खाता:- एलबीडीईएल00002263653 | लैट सं.-ए-282, 28वां तल टॉवर-ए, रहेजा रेवंता, सेक्टर-78, गुड़गांव | 02.09.2021 रु. 8251138/- | 06.05. 2021 |
| 24 | अश्विनी कुमार शर्मा, श्वेता शर्मा, ई 2/ए, ई ब्लॉक, पूर्वी विनोद नगर, नई दिल्ली, दिल्ली खाता:- एलबीडीईएल00003142349 | लैट सं.-सी-104, 10वां तल, टॉवर-सी, दि पीसफुल होम्ज, सेक्टर-70ए, गुड़गांव | 02.09.2021 रु. 8039192/- | 11.06. 2021 |
| 25 | एस के नंदा एफ ऐंड बी फूड सेंटर, रामा नंदा, विजय प्रकाश नंदा, वीणा नंदा, नरेन्द्र प्रकाश नंदा, प्रतीक नंदा, सुरिंदर प्रकाश नंदा, एस के नंदा एफ ऐंड बी फूड सेंटर, बी 57, मायापुरी इंडस्ट्रियल एरिया फेज 1, दिल्ली, खाता:- एलबीडीईएल00004713455 | भू एवं प्रथम तल, भूखण्ड सं. सी-2, विशाल एन्क्लेव, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली | 27.08.2021 रु. 8082933/- | 30.04. 2021 |
| 26 | प्रवीण, सज्जन अरोड़ा, 10524 बागिची पीर जी, मेट्रो पिलर 100 के सामने, विक्रान्त नगर, सदर बाजार, दिल्ली, खाता:- एलबीएनओडी00004133251 | लैट सं.-ए-282, 28वां तल टॉवर-ए, रहेजा रेवंता, सेक्टर-78, गुड़गांव | 02.09.2021 रु. 8054669/- | 06.05. 2021 |
| 27 | विशाल वर्मा, पुनीता देवी, यू 22/76, प्रथम तल, डीएलएफ फेज 3, गुड़गांव, हरियाणा, खाता:- एलबीजीयूआर00004739168 | मकान सं. यू 22/76, प्रथम तल एवं द्वितीय तल, ड्वेलिंग यूनिट, डीएलएफ फेज-3, गुड़गांव, हरियाणा | 02.09.2021 रु. 7904594/- | 07.06. 2021 |
| 28 | विजय सिंह, नौशाद अली, 7/11, सेक्टर-2, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, खाता:- एलबीएनओडी00005127509 | भूखण्ड सं.-179, प्रथम तल, अभय खण्ड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 02.09.2021 रु. 7979193/- | 07.06. 2021 |
| 29 | नीरज प्रियदर्शी, ऊषा प्रियदर्शी, एक्सआईओएन प्रोग्रेसिव एजुकेशनल सोसाइटी, डी-135, सुशान्त लोक डीएलएफ फेज-3, गुड़गांव, हरियाणा, खाता:- एलबीजीयूआर00002251005 | लोरेंस विला-डी-135, सुशान्त लोक, फेज-III, गुड़गांव, हरियाणा | 02.09.2021 रु. 7853810/- | 07.06. 2021 |
| 30 | नीरज प्रियदर्शी, ऊषा प्रियदर्शी, डी-135, सुशान्त लोक डीएलएफ फेज-3, गुड़गांव, हरियाणा, खाता:- एलबीजीयूआर00002251006 | लोरेंस विला-डी-135, सुशान्त लोक, फेज-III, गुड़गांव, हरियाणा | 02.09.2021 रु. 7765177/- | 07.06. 2021 |
| 31 | प्रवी कपूर, कुंजिता कपूर, ए 58 प्रथम तल, सेक्टर 61, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, खाता:- एलबीएनओडी00002445736 | लैट सं.-एएम-के-904, 9वां तल टॉवर-के, अजनारा अंब्रोसिया जीएच-01, सेक्टर-118, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 | 02.09.2021 रु. 7200137/- | 11.06. 2021 |
| 32 | इकबाल हैदर, सैयद सलीम हैदर नकवी, एक्यूरेट इंजीनियरिंग वर्क्स, 3/161, राजेन्द्र नगर, सेक्टर-2, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, खाता:- एलबीडीईएल00004187498 | मकान सं.-3/161, ब्लॉक-3, सेक्टर-2, राजेन्द्र नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 30.08.2021 रु. 7708571/- | 06.05. 2021 |
| 33 | इकबाल हैदर, सैयद सलीम हैदर नकवी, एक्यूरेट इंजीनियरिंग वर्क्स, 3/161, राजेन्द्र नगर, सेक्टर-2, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, खाता:- एलबीडीईएल00004187498 | मकान सं.-3/161, ब्लॉक-3, सेक्टर-2, राजेन्द्र नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 30.08.2021 रु. 7708571/- | 06.05. 2021 |
| 34 | विशाल चावला, पूजा चावला, पूजा सेल्स, सी-149, निकट आदर्श पब्लिक स्कूल, विकासपुरी, दिल्ली, खाता:- एलबीडीईएल00005048478 | लैट सं.-149, प्रथम तल, ब्लॉक सी, विकास पुरी, दिल्ली-110058 | 30.08.2021 रु. 6543882/- | 11.06. 2021 |
| 35 | ज्योति लूथरा, राजीव लूथरा, मकान सं. 31, द्वितीय तल, ब्लॉक-बीएच, शालीमार बाग पूर्वी, दिल्ली, खाता:- एलबीडीईएल00004581605 | सम्पत्ति सं. 31, द्वितीय तल, ब्लॉक-बीएच टेन्योरः 246 पूर्वी शालीमार बाग, दिल्ली-110088 | 30.08.2021 रु. 6280916/- | 11.05. 2021 |
| 36 | नीरज पटौदिया, वंदना पटौदिया, सी-191, द्वितीय तल, आनंद विहार, दिल्ली, खाता:- एलबीडीईएल00001845745 | मकान सं. ए-236, संपूर्ण द्वितीय तल, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली | 02.09.2021 रु. 5228511/- | 10.06. 2021 |
| 37 | नावेद उर रहमान, मोह. नईम, इफत गुलाम अब्बास सैयद, शारजाह इस्लामिक बैंक, पो. बॉक्स नं.-4 शारजहा यूएई, शारजाह, खाता:- एलबीजीएचजेड00002539542 | लैट सं.-ए 006, जी भूतल, कैसा ग्रांड, भूखण्ड सं. 7ए, सेक्टर चाई-ट, ग्रेटर नोएडा | 17.07.2021 रु. 4895523/- | 31.08. 2020 |
| 38 | वर्द्धन इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, शिवाली अरोड़ा, राजीव अरोड़ा, वर्द्धन इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, सी 107, शिवालिक नई दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, दिल्ली, खाता:- एलबीजीयूआर00004898939 | लैट सं. 83, प्रथम तल एवं द्वितीय तल का पीछे का हिस्सा और तृतीय तल, ब्लॉक-डी, मालवीय नगर, दिल्ली | 14.07.2021 रु. 4799156/- | 31.12. 2020 |
| 39 | विकास भटनागर, विकास भटनागर, मैक्सामस फॉर्मा प्रा. लि., 315 सारजा मार्किट, तृतीय तल, नाहरपुर, दिल्ली, खाता:- एलबीडीईएल00002129290 | भूखण्ड सं.-12, ब्लॉक सं.-ए-2, द्वितीय तल, पश्चिम विहार, दिल्ली | 08.07.2021 रु. 4702159/- | 31.01. 2021 |
| 40 | विपिन छेत्री, रेबेका छेत्री, लैट सं. 1409, एम रेगालिया हाइट्स, शिप्रा सनसिटी, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, खाता:- एलबीजीएचजेड00002922171 | लैट सं. 904, नौवां तल, टॉवर ए, मेघदूतम एनकोर स्पोर्ट्स सिटी, भूखण्ड सं. जीएच-05, सेक्टर-समीपवर्ती टेक्जोन- IV, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 17.07.2021 रु. 4324264/- | 06.03. 2021 |
| 41 | अमित कुमार राणा, मोनिका, बी-34, सेक्टर-12, नोएडा, नोएडा, खाता:- एलबीएनओडी00002184466 | लैट सं. 614, 6ठवां तल, टॉवर डी, साया जिओन, भूखण्ड सं. जीएच 01, सेक्टर 4, नोएडा | 17.07.2021 रु. 3741926/- | 06.03. 2021 |
| 42 | विजय कुमार खत्री, सुमन राणा, लैट सं. 801, जीएच-3, एयरपोर्ट अथॉरिटी जीएचएस, सेक्टर-47, गुड़गांव, खाता:- एलबीडीईएल00001972787 | दूकान सं. यूजी 003 ऊपरी भूतल, मलीबू शॉपिंग ऑर्केड मलीबू टॉउने सोहना रोड, हरियाणा | 17.07.2021 रु. 3646399/- | 31.01. 2021 |
| 43 | चन्द्र मोहन बतवारा, 1032 सेक्टर-37, उत्तर प्रदेश, खाता:- एलबीडीईएल00004914674 | लैट सं. 1032, सेक्टर 37, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 12.07.2021 रु. 3391351/- | 31.01. 2021 |
| 44 | संजय कपूर, संजय कपूर, बी-241, सेक्टर-26, उत्तर प्रदेश, खाता:- एलबीडीईएल00003155923 | मकान सं. एस-569, आगे का भाग तृतीय तल, ग्रेटर कैलाश पार्ट II, दिल्ली | 08.07.2021 रु. 3264708/- | 31.01. 2021 |
| 45 | ईआरएन प्रसाद, एच एन पी 37 राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री, कॉलेज गढ़ी कैंट, उत्तराखण्ड, खाता:- एलबीजीयूआर00002396268 | यूनिट नं. एच/ए/202, एस एफ टॉवर-एच, बीथोवेन्स-8, सेक्टर 107, गुड़गांव, हरियाणा | 13.07.2021 रु. 3190661.81/- | 31.01. 2021 |
| 46 | पम्मी तेजराना, राहुल देव, 267 ए, पॉकेट सी, मयूर विहार, फेज 2, नई दिल्ली, दिल्ली, खाता:- एलबीडीईएल00001491797 | 267 ए, भूतल, पॉकेट-सी, त्रिलोकपुरी-2, मयूर विहार फेज-2, नई दिल्ली, दिल्ली | 03.07.2021 रु. 3112869.85/- | 31.01. 2021 |
| 47 | अभिषेक कुमार दारद, लॉजिक्स साइबर पार्क-सी-28 29, टॉवर-बी सीसी, उत्तर प्रदेश खाता:- एलबीएनओडी00004919941 | लैट सं. 1507, 15वां तल, टॉवर-एच, भूखण्ड सं. जीएच-16ई, यूचर एस्टेट सेक्टर-1, यूचर वर्ल्ड ग्रीन होम्ज प्रा. लि., ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 18.06.2021 रु. 3070496/- | 25.02. 2021 |
| 48 | मधु बिरलान, सुनील बिरलान, सी-507, पूर्वी किदवई नगर एनडीएमसी, दिल्ली, दिल्ली खाता:- एलबीडीईएल00002023276 | अपार्टमेंट नं.-302, तृतीय तल, टॉवर-बी4, रुद्र पैलेस हाइट्स, भूखण्ड सं. जीएच-02बी, सेक्टर-1, नोएडा एक्सटेंशन, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 14.07.2021 रु. 3062205/- | 31.05. 2018 |
| 49 | वरुण, अशोक कुमार, 1-एस क्यू जंतर मंतर, रोड एनडीएमसी, नई दिल्ली, दिल्ली, खाता:- एलबीएनओडी00005075463 | लैट सं. 916, 9वां तल हेजेल, ब्लॉक-2, जैसमिन ग्रेव खास विपेज, महरौली | 14.07.2021 रु. 3034409/- | 06.03. 2021 |
| 50 | अमित कुमार, अमित कुमार, सीएस 6 1308 सुपरटेक केपटाउन सेक्टर-74, उत्तर प्रदेश, खाता:- एलबीएनओडी00003134801 | कमर्शियल प्रोपर्टी सं. 522, 5वां तल, ब्लॉक-सी, स्क्वॉयर, हॉटशॉट डिवेलपर प्रा. लि., भूखण्ड सं. सी-02, सेक्टर-96, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 08.07.2021 रु. 2985925/- | 31.12. 2020 |
| 51 | मनन गांधी, मनन गांधी, 62 ऊपरी भूतल, ब्लॉक ए के, निकट गुरुद्वारा शालीमार बाग, दिल्ली, खाता:- एलबीजीएचजेड00004656266 | लैट सं. 62, ऊपरी भूतल, ब्लॉक एके, शालीमार बाग, दिल्ली | 08.07.2021 रु. 2847316/- | 31.01. 2021 |
| 52 | वौग्यू क्राट्स ऐंड डिजाइन्स प्रा. लि., वौग्यू क्राट्स ऐंड डिजाइन्स प्रा. लि., वौग्यू क्राट्स ऐंड डिजाइन्स प्रा. लि., 90/12, लोवर, भूतल, मालवीय नगर, खाता:- एलबीडीईएल00005317157 | लैट सं. बी-63, 6ठवां तल, मॉडेस्ट केतकी को-ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी, भूखण्ड सं. 8बी, सेक्टर-11, द्वारका, दिल्ली | 08.07.2021 रु. 2768000/- | 11.01. 2021 |

उपर्युक्त उधारकर्ताओं तक सूचना पहुंचाने के वैकल्पिक प्रयास किए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ता/ओं तथा/अथवा उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को सलाह दी जाती है कि उधार की बकाया धनराशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिवसों की अवधि के अंदर करें, अन्यथा वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाइयां की जाएंगी।

दिनांक : 08 अक्टूबर 2021
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# सेबी से पेट्रोनेट, आईजीएल के लिए खुली पेशकश से छूट मिलने की संभावना नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**बीपीसीएल निजीकरण**

**भारत के पूंजी** बाजार नियामक सेबी द्वारा बीपीसीएल का अधिग्रहण करने वाली कंपनी को पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड और इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के लिए अनिवार्य खुली पेशकश से छूट देने की संभावना नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि दोनों कंपनियों के गेल जैसे अन्य प्रवर्तकों को निजीकरण से बचने के लिए शेयर खरीद का विकल्प दिया जाएगा।भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पास देश के सबसे बड़े तरलीकृत प्राकृतिक गैस आयातक पेट्रोनेट में 12.5 प्रतिशत और शहरी गैस खुदरा विक्रेता आईजीएल में 22.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बीपीसीएल दोनों सूचीबद्ध कंपनियों की प्रवर्तक है और बोर्ड पदों पर काबिज है। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के मूल्यांकन के अनुसार बीपीसीएल में सरकार की पूरी 52.98 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहणकर्ता को पेट्रोनेट और आईजीएल के अल्पांश शेयरधारकों से 26 फीसदी शेयरों के अधिग्रहण के लिए खुली पेशकश करनी होगी। इस स्थिति से बचने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से छूट का अनुरोध किया गया था। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने कहा, हमें अनौपचारिक रूप से बताया गया कि छूट के अनुरोध को स्वीकार किए जाने की संभावना नहीं है क्योंकि सेबी का दायित्व अल्पसंख्यक शेयरधारकों के हितों की रक्षा करना है। यदि खुली पेशकश सफल होती है, तो बीपीसीएल का अधिग्रहणकर्ता पेट्रोनेट में भी सबसे बड़ा शेयरधारक बन जाएगा (बीपीसीएल का 12.5 प्रतिशत हिस्सा और 26 प्रतिशत जनता से) और आईजीएल में उसकी नियंत्रित हिस्सेदारी (बीपीसीएल का 22.5 प्रतिशत हिस्सा और 26 प्रतिशत जनता से) होगी। अधिकारी ने कहा, ऐसे में बीपीसीएल के साथ इन दोनों कंपनियां का भी विनिवेश हो जाएगा। ऐसा होने से रोकने के लिए पेट्रोनेट और आईजीएल के दूसरे प्रवर्तक भी 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए जवाबी पेशकश शुरू करेंगे, ताकि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में नियंत्रित हिस्सेदारी बरकरार रखी जा सके। उन्होंने कहा, हमारी स्पष्ट समझ है कि अन्य प्रवर्तकों के लिए शेयर खरीद पेशकश शुरू करने पर कोई रोक नहीं है और वे ऐसा करेंगे। आईजीएल में बीपीसीएल के साथ सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल समान रूप से प्रवर्तक है। दूसरी ओर पेट्रोनेट में गेल, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) संयुक्त रूप से प्रवर्तक हैं, जिनमें से प्रत्एक की 12.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# पेज एक का शेष

## सर्वोच्च न्यायालय...

के एक पूर्व न्यायाधीश कर रहे हैं। साथ ही उस पत्र की एक प्रति मांगी जिसका संज्ञान पीठ ने लिया है। पीठ ने सुनवाई शुक्रवार के लिए तय करते हुए मौखिक तौर पर कहा, आप हमें इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष जनहित याचिका की स्थिति के बारे में भी बताएं...इसे कल के लिए सूचीबद्ध कर रहे हैं। सभी निर्देश प्राप्त करें। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, प्रधान न्यायाधीश ने न्यायालय को मिले एक संदेश के बारे में बताया।

## लखीमपुर पर...

प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा की निंदा करते हुए उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। मेनका गांधी और वींरेंद्र सिंह भी किसानों के प्रति सहानुभूति जताते रहे हैं। सिंह के साथ राव इंद्रजीत सिंह के भी भाजपा नेतृत्व से रिश्तों में कुछ तल्खी आई है। हाल ही में एक रैली में राव इंद्रजीत सिंह ने पार्टी नेताओं पर तंज कसा था। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कार्यसमिति में वापसी की है। पिछली कार्यसमिति में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। हाल ही में केंद्रीय मंत्रिपरिषद से बाहर किए गए हर्षवर्धन, रविशंकर प्रसाद और प्रकाश जावड़ेकर कार्यसमिति में अपनी जगह बचाने में सफल रहे। फिल्म कलाकार मिथुन चक्रवर्ती, पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी और राज्यसभा सदस्य स्वप्न दासगुप्ता सहित पश्चिम बंगाल के छह नेताओं को कार्यसमिति में जगह दी गई हैं। इन सभी को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को भी कार्यसमिति में शामिल किया गया है। दिल्ली के तीन सांसदों केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, मनोज तिवारी और बिधूड़ी भी इसमें शामिल हैं। भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक कार्यसमिति में 50 विशेष आमंत्रित सदस्य और 179 स्थाई आमंत्रित सदस्य (पदेन) भी होंगे, जिनमें मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विधायक दल के नेता, पूर्व उपमुख्यमंत्री, राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीय मोर्चा अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री संगठन शामिल हैं। जिन 80 सदस्यों को कार्यसमिति में जगह दी गई है, उनमें 12 उत्तर प्रदेश से हैं। पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को भी कार्यसमिति में अच्छा खास प्रतिनिधित्व मिला है।

## आर्यन खान...

था जबकि बाकी पांच अन्य आरोपियों को अगले दिन गिरफ्तार किया गया था। बृहस्पतिवार को रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपियों को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट आर एम नेर्लिकर के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया। एनसीबी आरोपियों को 11 अक्टूबर तक हिरासत में रखना चाहती थी। एजेंसी ने अदालत से कहा कि उसने आर्यन और मर्चेंट के बयानों के आधार पर अचित कुमार को गिरफ्तार किया है। एनसीबी ने कहा कि साजिश का पर्दाफाश करने के लिए आरोपियों का कुमार से सामना कराए जाने की जरूरत है। सभी आरोपियों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने कहा कि एनसीबी की आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ाने की याचिका का मकसद कुमार से आरोपियों का सामना कराना है। कुमार को बुधवार शाम को गिरफ्तार किया गया था। उसे बृहस्पतिवार को अदालत के समक्ष पेश किया गया जहां से कुमार को नौ अक्टूबर तक एनसीबी की हिरासत में भेज दिया गया। अदालत ने कुमार की गिरफ्तारी के समय को ध्यान में रखते हुए कहा कि जब आर्यन और कुमार एनसीबी की हिरासत में थे और उन्हें अदालत में पेश किए जाने तक कोई जांच नहीं की गई। अदालत ने कहा कि बचाव पक्ष के वकीलों की दलील है कि एजेंसी को अब तक की गई जांच का ब्यौरा देना चाहिए जोकि उसके द्वारा दायर रिमांड आवेदन में दिखाई नहीं पड़ती है। अदालत ने कहा कि बिना पुष्ट कारण के हिरासत प्रदान नहीं की जा सकती है।

## आतंकियों ने...

पर वायरल होने के तुरंत बाद बड़ी संख्या में कश्मीरी प्रवासी सरकारी कर्मचारी सुरक्षित स्थानों की तरफ चले गए। उन्हें अपने भविष्य की चिंता सता रही है। एक वरिष्ठ कश्मीरी पंडित स्कूल शिक्षक ने द पायनियर को टेलीफोन पर बताया कि हम यहां नहीं रुकेंगे। अपना सामान बांध रहे हैं और अपने घर जम्मू लौट जाएंगे। यहां अल्पसंख्यक समुदाय असुरक्षित है। इस बीच, रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। पुलिस ने भी हत्याकांड में टीआरएफ के शामिल होने की बात कही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ स्कूल परिसर का दौरा करने के बाद डीजीपी दिलबाग सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि यह स्थानीय लोकाचार और मूल्यों को निशाना बनाने और कश्मीरी मुसलमानों को बदनाम करने की साजिश है। यह पाकिस्तान में एजेंसियों के निर्देश पर किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी ट्विटर पर हमले की निंदा की है। अपने ट्वीट में उन्होंने कहा कि आतंक के इस अमानवीय कृत्य के लिए निंदा के शब्द पर्याप्त नहीं हैं, लेकिन मैं मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। हमले की निंदा करते हुए जम्मू कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने कहा कि क्या प्रशासन अब सामान्यता के खोखले नारे लगाना बंद कर देगा?

**गम में डूबी पत्नी के सवालों के जवाब किसी के पास नहीं:** जम्मू। श्रीनगर में स्कूल परिसर के अंदर आतंकवादियों के हाथों मारे गए शिक्षक दीपक चंद का परिवार गहरे शोक में है। सुबह स्कूल के लिए निकलने से पहले दीपक ने पत्नी और परिवार के लोगों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी थीं। दीपक के एक करीबी रिश्तेदार ने द पायनियर को बताया कि दीपक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। उसके सवालों का जवाब किसी के पास नहीं है। वह लगातार यही पूछ रही है कि आखिर दीपक की हत्या क्यों की गई? वह यह भी सवाल उठा रही थीं कि जब सुरक्षा को खतरा था तो उनका तबादला क्यों नहीं किया गया?

**विदेश मंत्रालय ने सीमापार आतंकवाद ने चिंता बढ़ाई:** नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर में निर्दोष लोगों की लक्षित हत्याओं की निंदा करते हुए विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि इन हत्याओं ने सीमापार आतंकवाद को लेकर उसकी चिंताओं को रेखांकित किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। निर्दोष लोगों को मारा जा रहा है। यह लक्षित हत्याएं हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने सहयोगियों के साथ सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर चर्चा करते रहे हैं। जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में कई नागरिकों की हत्या किए जाने की घटनाएं सामने आई हैं।

## राजधानी में...

रुपये की लागत से बन रहा यह स्कूल एक साल के भीतर तैयार हो जाएगा। इसमें पढ़ाई से लेकर खेल संबंधी सभी सुविधाएं विश्व स्तर की होंगी। चार मंजिला स्कूल के हर फ्लोर पर दो लैब होंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस स्कूल में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर बच्चे पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन करेंगे। वर्ष 2015 में सरकार में आने के बाद से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करना शुरू किया था। इसी के मद्देनजर दिल्ली में विश्वस्तरीय मूलभूत ढांचे वाले सरकारी स्कूल बन रहे हैं।

# बाजार में खुदरा भागीदारी बढ़ने के साथ कई कंपनियों ने दी धोखाधड़ी की सूचना

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य एस के मोहंती ने बृहस्पतिवार को कहा कि शेयरों में खुदरा निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ने के बीच धोखाधड़ी की सूचना देने वाली कंपनियों में उछाल एक खतरनाक प्रवृत्ति है और इसे कम करने के लिए प्रयास किए जाने की जरूरत है। हाल के एक सर्वेक्षण के निष्कर्ष का हवाला देते हुए, मोहंती ने कहा कि 65 प्रतिशत कंपनियों ने इस साल धोखाधड़ी की घटनाओं की सूचना दी है। साथ ही, हमारे पास पूंजी बाजार में 1.5 करोड़ से अधिक नए खुदरा निवेशक हैं, जो अपने निवेश के साथ धैर्य रखने को तैयार हैं। मोहंती ने उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कहा, इसलिए, हम खुद को जिस तरह की स्थिति में पा रहे हैं, यह बहुत खतरनाक है। इसलिए, यह समय लोगों को सूचित करने, जागरूकता फैलाने और शिक्षित करने का है।

# केंद्र ने जीएसटी की कमी के लिए राज्यों को ऋण के रूप में 40,000 करोड़ रुपए जारी किए

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बृहस्पतिवार को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जीएसटी राजस्व में कमी की भरपाई के लिए 40,000 करोड़ रुपए जारी किए। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में अब तक कुल 1.15 लाख करोड़ रुपए ऋण के रूप में जारी किए गए हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, वित्त मंत्रालय ने जीएसटी मुआवजे में कमी को पूरा करने के लिए ऋण सुविधा के तहत राज्यों और विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों को आज 40,000 करोड़ रुपए जारी किए। विज्ञप्ति में कहा गया, इससे पहले 15 जुलाई 2021 को राज्यों और विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों को 75,000 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी। मौजूदा राशि के साथ चालू वित्त वर्ष में जीएसटी मुआवजे के बदले ऋण के रूप में जारी की गई कुल राशि 1.15 लाख करोड़ रुपए हो चुकी है। बयान में कहा गया कि अब तक कुल अनुमानित कमी के 72 प्रतिशत से अधिक की राशि जारी की जा चुकी है और शेष राशि यथासमय जारी कर दी जाएगी।


ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

देश को 20वां पदक पुरूष ट्रैप टीम स्पर्धा में मिला जिसमें भारतीयों को फाइनल में इटली से 4–6 से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बख्तयारूद्दीन मालेक, शार्दुल विहान और विवान कपूर की जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में सात टीमों में दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। जिसमें उन्होंने 525 में से 473 अंक जुटाए थे। इटली ने क्वालीफिकेशन में 486 के स्कोर से शीर्ष पर रहकर क्वालीफाई किया था। इससे पहले मनु ने इस स्पर्धा में चौथा स्वर्ण जीता और उसने एक कांस्य पदक भी जीता है। वहीं 14 वर्ष की कपूर का यह दूसरा स्वर्ण है। उसने 25 मीटर पिस्टल व्यक्तिगत वर्ग में भी स्वर्ण जीता था। भारत ने पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में रजत जीता जब आदर्श सिंह अमेरिका के हेनरी टर्नर लेवेरेट से फाइनल में हार गए। भारत अब तक नौ स्वर्ण, आठ रजत और तीन कांस्य जीतकर अंकतालिका में शीर्ष पर है। अमेरिका छह स्वर्ण और कुल 19 पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। मनु, रिदम और कपूर के लिए मुकाबला आसान रहा। उन्होंने जल्दी ही 10–4 की बढत बना ली और रैपिड फायर शॉट्स के बाद यह बढत 16–4 की हो गई।


**RESEARCH DESIGNS & STANDARDS ORGANISATION, LUCKNOW**
**E-OT Notice no. 08/2021 (Corrigendum-4-5) for Tender no. 03215005**

Principal Executive Director/Stores on behalf of President of India invites open tender (Two Packet System) and issue of corrigendum in the following tenders-

| SN | Tender number | Brief Description | Modification in Headings | From | To |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03215005 | **FATIGUE TESTING MACHINE** | **Tender closing Date** | **5/10/2021 (Tuesday)** | **11/11/2021 (Thursday)** |
| | | | Modification in Eligibility Condition Criteria and other modifications as per tender documents and uploading of pre-bid minutes. | | |

For complete details of tender conditions and Corrigendum issued in tender. please visit IREPS website www.ireps.gov.in

**Principal Executive Director/Stores/RDSO/Lucknow**

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलघन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | थिनस्किल्स कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, अनुरूप राज (निदेशक), मदन गोपाल अग्रवाल, अनुरूप राज, बीरेन्द्र सिंह गुसाईं, शाइली अग्रवाल, आशीष कुमार अग्रवाल, मदन गोपाल अग्रवाल, 232, द्वितीय तल, अंसल चैम्बर–II, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली खाता नंबर – 022405500612 | शॉप नंबर 35 (कॉमर्शियल बूथ), मार्केट कमेटी रादौर, नई अनाज मंडी, तहसील रादौरा, जिला यमुनानगर, हरियाणा–135133 | 25–08–2021 रू. 79,80,983.21/– | 21–04–2021 |
| 2 | भारत ट्रेडिंग कम्पनी, हरजीत सिंह, हरजीत सिंह, हरजीत सिंह, 5669, गली नंबर 80, रैगर पुरा, करोल बाग, दिल्ली खाता नंबर – 112905500302 | ए–2/1, लोअर ग्राउंड फ्लोर (बैक साइड) पश्चिम विहार, नई दिल्ली–110063 | 25–08–2021 रू. 30,61,490.93/– | 21–04–2021 |
| 3 | ओनिक्स इंडस्ट्रीज, यतिन मागू (स्वामी), अनु मागू, अशोक मागू, यतिन मागू, प्लॉट नंबर 3ए जीएफ, ब्लॉक–जे/10, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली, खाता नंबर – 629351001201 | प्लॉट नंबर 3ए जीएफ, ब्लॉक–जे/10, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली–110027 एवं ए–56–1, मायापुरी औद्योगिक क्षेत्र, फेज–2, एसबीआई मायापुरी के सामने, नई दिल्ली–110064 | 27–08–2021 रू. 4,11,22,468.53/– | 30–06–2021 |
| 4 | मेकशॉट इंजीनियर्स, मनोज कुमार (पार्टनर), रजनीश सिंह (पार्टनर), रिया रानी, रजनीश सिंह, अवंतिका कुशवाहा, मनोज कुमार, मेकशॉट इंजीनियर्स, ए–25 बी, न्यू जनता फ्लैट्स, डीएसआईडीसी, मादीपुर, दिल्ली, पंजाबी बाग, खाता नंबर – 629405042934 | कॉमर्शियल स्पेस नंबर 405 ए, चतुर्थ तल, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स ऑर्बिट प्लाजा, प्लॉट नंबर सी–2, क्रॉसिंग रिपब्लिक, डूंडाहेड़ा, एनएच–24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201009 | 25–08–2021 रू. 28,49,847.75/– | 02–04–2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 08–10–2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
प्रत्याभूत क्रेडिटर

# आतंकवाद का सबसे बड़ा समर्थक है पाक

## खुद को इसका पीड़ित बताने का ढोंग करता है: भारत

**भाषा**। संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त** राष्ट्र में पाकिस्तान के एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाने को लेकर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पाकिस्तान, आतंकवाद का सबसे बड़ा समर्थक तथा उसे बढ़ावा देने वाला देश है और खुद को इसका पीड़ित बताने का ढोंग करता है। साथ ही उसे हिंदू, ईसाई, सिख और बौद्ध सहित अपने सभी अल्पसंख्यकों का नस्ली सफाया करना बंद कर देना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन की काउंसलर एवं कानूनी सलाहकार डॉ. काजल भट्ट ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई सभी मोर्चों पर लड़े जाने की बात पर जोर दिया और कहा कि सभी सदस्य देशों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी कार्यक्रमों और सम्मेलनों में निहित अपने दायित्वों को पूरा करना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को खत्म करने के तरीकों पर महासभा की छठी समिति (कानूनी) की बैठक में भट्ट ने कहा, मैं इस बात पर निराशा व्यक्त करना चाहती हूं कि पाकिस्तान ने एक बार फिर इस महत्वपूर्ण मंच का दुरुपयोग करते हुए अपने झूठ को दोहराना शुरू कर दिया है। वह आतंकवाद का सबसे बड़ा समर्थक तथा उसे बढ़ावा देने वाला देश है और खुद को उसका पीड़ित बताने का ढोंग करता है।

भारत के नाम का जहां भी जिक्र किया गया, हम उसकी निंदा करते हैं और उसके आरोपों तथा आक्षेपों को खारिज करते हैं। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम द्वारा छठी समिति की बैठक में फिर से कश्मीर के मुद्दे को उठाने और अपनी टिप्पणी में भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाने के बाद भारत की ओर से यह कड़ी प्रतिक्रिया दी गई। भट्ट ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, भारत का हिस्सा था और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान से हिंदू, ईसाई, सिख और बौद्ध सहित अपने सभी अल्पसंख्यक समुदायों का नस्ली सफाया करना बंद करने की मांग करते हैं।

## भारत सीमा पार से आने वाले आतंकवादी संगठनों से प्रभावित

**संयुक्त राष्ट्र**। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने पाकिस्तान का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा है कि भारत सीमा पार से तस्करी किए गए अवैध हथियारों का उपयोग करने वाले आतंकवादी संगठनों से कई दशकों से प्रभावित है। साथ ही उन्होंने वैश्विक समुदाय से ऐसे आतंकवादी संगठनों को बढ़ावा देने वालों की स्पष्ट रूप से निंदा करने का आह्वान भी किया।

तिरुमूर्ति ने छोटे एवं हल्के हथियारों पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक बैठक में आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों को हथियार देने और उनकी तस्करी करने पर परिषद के ध्यान देने की आवश्यकता को दृढ़ता से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इन हथियारों का आतंकवादियों के हाथ में होना अधिक भयावह एवं घातक है, जो जानबूझकर तथा अंधाधुंध तरीके से इनका इस्तेमाल महिलाओं, बच्चों सहित निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने के लिए करते हैं। कई दशकों से मेरा देश, सीमा पार आतंकवाद एवं हिंसा से प्रभावित है।

# हजारों अरब छुपाने के लिए लाखों का भुगतान किया

## पैंडोरा पेपर्स ने वित्तीय अपराध को अंजाम देने वालों का किया पर्दाफाश

**एपी**। ओटावा

**वाशिंगटन** डीसी में स्थित गैर-लाभकारी न्यूजरूम और पत्रकारों के नेटवर्क इंटनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इंवेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट ने पैंडोरा पेपर्स जांच में खुलासा किया है कि अपना अवैध धन छुपाने की इच्छा रखने वालों के लिए अभी भी कई सुरक्षित पनाहगाह मौजूद हैं।

पैंडोरा पेपर्स संबंधी खबरों में जिन लोगों के नाम मीडिया में ज्यादा नहीं उछल रहे हैं, वे दुनिया के अमीर लोगों को और अमीर बनाने में मदद करने वाले लोगों में से हैं। यह वैसे लोग हैं जो कर बचाकर या चोरी करके अमीरों को अपना धन बढ़ाने में मदद करते हैं। ए लोग अपराधियों या भ्रष्ट तंत्र में शामिल लोगों के अवैध धन को छुपाने में मदद करते हैं। लोग अपने ग्राहकों की तरह भले ही अमीर ना हों लेकिन इन्हें हजारों अरग रूपए छुपाने के एवज में लाखों का भुगतान मिलता है। वर्षों से मजबूत जड़ें जमा चुका यह धन सुरक्षा उद्योग सलाहकारों, बैंकरों, वकीलों, अकाउंटेंट, नोटरी और एस्टेट एजेंसी जैसे पेशेवरों के गठबंधन से बना है जो अनाम छद्म कंपनियों, पारिवारिक दफ्तरों, ऑफशोर खातों (विदेशी बैंक खातों) और ट्रस्ट की मदद से दुनिया भर के अमीर लोगों को आयकर विभाग या कर वसूलने वाले सरकारी विभागों से उनका धन छुपाने में मदद करते हैं। बहुत ज्यादा भुगतान प्राप्त करने वाले ए लोग दुनिया भर के पेट्रोलियम से पैसे कमाने वालों, तानाशाहों और अपराधियों की मदद करते हैं।

मुख्य धारा में खराब छवि वाले देशों और अमीर लोगों से जुड़े वास्तविक अपराध, गड़बड़ियों और वित्तीय अनियमितताओं की कई खबरें आती हैं। लेकिन इस वित्तीय प्रणाली में शामिल उन बिचौलियों का क्या जो पूरी प्रक्रिया में मदद करते हैं और अपराधियों को बचकर निकलने का रास्ता दिखाते हैं? कुछ लोग प्रतिष्ठित पेशेवरों और उद्यमों को पैसे देते हैं ताकि उनके लिए राजनीतिक दरवाजे खुल सकें, उनपर लगे प्रतिबंधों के खिलाफ के लॉबिंग की जा सके, कानूनी लड़ाई लड़ी जा सके और धन तथा साख बढ़ाया जा सके। ऐसा करते हुए ए लोग और संस्थाएं कानून के दायरे को अपने हिसाब से बड़ा करते हैं और हमारे लोकतंत्र के सिद्धांतों को नीचे गिराते हैं। डेलॉयट एंटी-मनी लांड्रिंग प्रिपेयर्डनेस सर्वे रिपोर्ट 2020 के अनुसार, एक साल में जितनी धन राशि का शोधन होता है वह वैश्विक जीडीपी का दो से पांच प्रतिशत होती है। यह धन राशि वार्षिक 800 करोड़ अमेरिकी डॉलर से लेकर 2000 अरब अमेरिकी डॉलर तक होती है।

## नामित लॉस एंजिलिस के मेयर हंटर बाइडन की प्रदर्शनी में शामिल हुए

**वाशिंगटन**। भारत में अमेरिकी राजदूत के लिए नामित लॉस एंजिलिस के मेयर एरिक गार्सेटी पिछले सप्ताह हॉलीवुड में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन की ओर से आयोजित एक प्रदर्शनी में शामिल हुए। जो बाइडन के विपक्षी और कई सांसदों ने इस कदम के लिए गार्सेटी की निंदा की। गार्सेटी के नाम पर मोहर लगने के लिए अभी सुनवाई बाकी है।

सांसद जिम बैंक्स ने एक ट्वीट में कहा कि लॉस एंजिलिस के मेयर ने ऐसा कर खुद को कलंकित किया है और वह हंटर बाइडन की प्रदर्शनी में शामिल महत्वाकांक्षी खरीदारों में एक थे, जहां पांच लाख अमेरिकी डॉलर तक में कलाकृतियां बेची जा रही थीं। उन्होंने कहा कि मैं आश्वस्त हूं कि यह महज संयोग है। मदर जोन्स की खबर के अनुसार करीब 200 लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

दि अटलांटिक ने अपनी खबर में लिखा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हंटर की कला पर धन खर्च करने वाले लोग इसके बदले बड़ी अदायगी की उम्मीद कर रहे हैं।

## भारत यात्रा पर आएगा नेपाली कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**भाषा**। काठमांडू

**सत्तारूढ़** नेपाली कांग्रेस का एक तीन सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल भारत की चार दिवसीय यात्रा पर जाएगा। इस दौरान शिष्टमंडल का विदेश मंत्री एस जयशंकर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व विदेश मंत्री और नेपाली कांग्रेस के उप महासचिव प्रकाश शरण महत करेंगे। उनके साथ नेपाली कांग्रेस के नेता उदय शमशेर राणा और अजय चौरसिया भी होंगे। भाजपा के विदेश विभाग के प्रमुख विजय चौथाईवाले के निमंत्रण पर प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को भारत की यात्रा करेगा। चौथाईवाले ने पिछले महीने काठमांडू की यात्रा की थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने राजदूत को वापस भेजने के फ्रांस के फैसले का किया स्वागत

**एपी**। कैनबरा

**ऑस्ट्रेलिया** सरकार के मंत्रियों ने आखिरकार फ्रांस के ऑस्ट्रेलिया में अपने राजदूत को वापस भेजने के फैसले का स्वागत किया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों देश रद्द किए गए पनडुब्बी अनुबंध से हुए नुकसान से निपट सकते हैं। सत्तारूढ़ रूढ़िवादी लिबरल पार्टी के उप नेता एवं कोषाध्यक्ष जोश फ्राइडनबर्ग ने नाइन नेटवर्क टीवी से कहा, हम फ्रांस के ऑस्ट्रेलिया में अपने राजदूत को वापस भेजने के फैसले का स्वागत करते हैं और उम्मीद करते हैं कि हम हालिया घटनाक्रम से आगे बढ़ पाएंगे। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया ने हिंद-प्रशांत में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र के लिए नए त्रिपक्षीय सुरक्षा गठबंधन ऑकस (एयूकेयूएस) की 15 सितंबर को घोषणा की थी, ताकि वे अपने साझा हितों की रक्षा कर सकें और परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बियां हासिल करने में ऑस्ट्रेलिया की मदद करने समेत रक्षा क्षमताओं को बेहतर तरीके से साझा कर सकें। इस समझौते के कारण ऑस्ट्रेलिया ने 12 पारंपरिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों के निर्माण के लिए फ्रांसीसी राज्य के स्वामित्व वाले नौसेना समूह के साथ 90 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (66 अरब डॉलर) का अनुबंध रद्द कर दिया था, जिसके बाद फ्रांस ने पिछले महीने अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया था। फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां-यवेस ले द्रियां ने एक संसदीय समिति से कहा, मैंने अब अपने राजदूत को दो लक्ष्यों के साथ कैनबरा लौटने के लिए कहा है। भविष्य में ऑस्ट्रेलिया के साथ हमारे संबंधों की शर्तों को फिर से परिभाषित करने में मदद करने और भविष्य में पनडुब्बी कार्यक्रम को समाप्त करने के ऑस्ट्रेलिया के निर्णय के कार्यान्वयन में हमारे हितों की रक्षा करने के लिए यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि 2016 में हस्ताक्षरित अनुबंध की समाप्ति पर ऑस्ट्रेलिया को कितना खर्च आएगा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने हालांकि कहा था कि ऑस्ट्रेलिया परियोजना पर 2.4 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर खर्च चुका है।

# पाकिस्तान में आया भूकंप, 22 लोगों की मौत

## बलूचितस्तान में 300 से अधिक घायल

**भाषा**। कराची



**पाकिस्तान** के बलूचिस्तान प्रांत के पहाड़ी इलाके में बृहस्पतिवार तड़के आए 5.9 तीव्रता के भूकंप में कई माकन ढह गए, जिससे कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 300 से अधिक लोग घायल हो गए। आपदा प्रबंधन अधिकारियों का कहना है कि मृतक संख्या अभी और बढ़ सकती है। भूकंप विज्ञान केन्द्र के अनुसार, भूकंप का केन्द्र हरनाई में 15 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप से हुए नुकसान का अभी तक आकलन नहीं लगाया जा सका है। भूकंप के झटके बलूचिस्तान के क्वेटा, सिबी, हरनाई, पिशिन, किला सैफुल्ला, चमन, जियारत और झोब में महसूस किए गए। इससे सबसे अधिक लोग उत्तर-पूर्वी जिले हरनाई में हताहत हुए हैं। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गई है और इसका केन्द्र उथली गहराई पर ही था। ऐसे में इससे अधिक नुकसान होने की आशंका है। हरनाई के उपायुक्त सुहैल अनवर हाशमी के बताया कि भूकंप संबंधी घटनाओं में 22 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से छह बच्चे हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने कहा कि मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में क्वेटा में भूकंप के बाद लोग सड़कों पर नजर आ रहे हैं। भूकंप के बाद कई इलाकों में झटके महसूस किए जा रहे हैं। शुरुआती झटके तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर महसूस किए गए थे, जिससे घबराए लोग घरों से बाहर निकल आए। हाशमी के अनुसार कई लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरनाई में कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। कई लोग मलबे में भी दब गए। 100 से अधिक मिट्टी के मकान भी ढह गए, जिससे हजारों लोग बेघर हो गए हैं। इलाके में बिजली आपूर्ति भी निलंबित है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री जाम कमाल खान आल्यानी ने कहा कि वहां मदद मुहैया कराई जा रही है और लोगों को निकालने के प्रयास भी जारी हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि रक्त की व्यवस्था की गई है, एम्बुलेंस मौजूद हैं, हेलीकॉप्टर सहित अन्य आपात सेवाओं और अन्य आवश्यक चीजों का इंतजाम किया गया है। सेना ने एक बयान में कहा कि सैनिक हरनाई के भूकंप प्रभावित इलाके में पहुंच गए हैं और तलाश एवं बचाव कार्य में जुटे हैं। खाद्य पदार्थ एवं अन्य आवश्यक समान भूकंप प्रभावित लोगों के लिए भेजा गया है।

# भारत ने कोविड महामारी प्रभावी तरीके से निपटी: दत्ता

**भाषा**। बोस्टन

**इंडिगो** के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रोनोजॉय दत्ता ने मंगलवार को यहां दावा किया कि भारत ने कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई जीत ली है और कोरोना वायरस 2023 तक इतिहास बन जाएगा। उन्होंने साथ ही महामारी से बहुत अच्छे तरीकै से निपटने के लिए भारत सरकार की सराहना की। दत्ता ने कहा कि मैं यह घोषित करने के लिए तैयार हूं कि हमने कोविड पर जीत हासिल की है। यह बहुत बुरा था। डेल्टा (वेरियंट) पहले भारत में आया था। हमारा अनुभव भयानक था लेकिन अब स्थिति बेहतर हो गई है और प्रतिदिन 20,000 के करीब मामले सामने आ रहे हैं।

वैश्विक एयरलाइंस निकाय इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के वार्षिक सम्मेलन में एक चर्चा के दौरान दत्ता ने कहा कि मुझे लगता है कि 2023 तक, यह (कोविड) इतिहास होगा" उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने जिस तरह से धीरे-धीरे क्षमता में वृद्धि के लिए घरेलू विमानन उद्योग के साथ काम किया है, उसके लिए उन्हें सरकार की सराहना करनी होगी। जब सरकार ने दो महीने की रोक के बाद पिछले साल 25 मई को निर्धारित घरेलू उड़ानों को फिर से शुरू किया था, तब उसने एयरलाइनों को कोविड से पहले की अपनी घरेलू सेवाओं के 33 प्रतिशत तक के संचालन की मंजूरी दी थी।

अब तक इस सीमा को धीरे-धीरे बढ़ाकर 85 प्रतिशत कर दिया गया है। दत्ता ने 27 जुलाई को कहा था कि एयरलाइन चाहती है कि सरकार इस सीमा को हटा दे क्योंकि हमें नहीं लगता कि इसका कोई मतलब है" इस बीच उन्होंने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार ने विमानन उद्योग के साथ कोविड-19 महामारी का प्रबंधन करने के लिहाज से बहुत अच्छा काम किया है।

## राष्ट्रपति बनने की दौड़ में शामिल होंगी फिलीपीन की उपराष्ट्रपति

**मनीला**। फिलीपीन की उपराष्ट्रपति लेनी रोब्रेदो ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह अगले वर्ष के चुनावों में राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी करेंगी। लंबे समय से इस फैसले का अनुमान लगाया जा रहा था जहां अब उदारवादी वकील का सामना दिवंगत तानाशाह फर्डिनेंड मार्कोस के बेटे के साथ हो सकता है।

प्रमुख उम्मीदवारों के लिए किसी एक दावेदार के नाम पर एकजुट होने के लिए हुई वार्ता विफल होने के बाद विपक्षी नेता रोब्रेदो का नाम अगले वर्ष निर्धारित नौ मई के चुनावों के लिए उम्मीदवारों की बढ़ती सूची में शामिल हो गया है।

रोब्रेदो ने पहले कहा था कि वह अपनी उम्मीदवारी उस स्थिति में दर्ज कराएंगी यदि पूर्व सीनेटर फर्डिनेंड "बोंगबोंग मार्कोस जूनियर, जिन्हें उन्होंने 2016 के उपराष्ट्रपति पद की दौड़ में हराया था, वह राष्ट्रपति पद की दौड़ में उतरते हैं। मार्कोस जूनियर ने दौड़ में शामिल होने के लिए बुधवार को पंजीकरण कराया था।

# अमेरिका और चीन के बीच होगी ऑनलाइन शिखर बैठक

**भाषा**। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग इस साल के अंत से पहले ऑनलाइन शिखर बैठक करेंगे। दोनों नेताओं के बीच यह बैठक ऐसे समय में होने जा रही है जब व्यापार, मानवाधिकार, दक्षिणी चीन सागर और ताइवान को लेकर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं।

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य और विदेश मामलों संबंधी आयोग के कार्यालय के निदेशक यांग जिएची के बीच बुधवार को ज्यूरिख में करीब छह घंटे तक चली बैठक के बाद व्हाइट हाउस ने यह घोषणा की।

व्हाइट हाउस ने दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की बैठक की घोषणा ऐसे समय में की है जब अमेरिकी राष्ट्रीपति जो बाइडन नीत प्रशासन ने बीजिंग से ताइवान पर सैन्य दबाव डालने की कोशिशों को खत्म करने और व्यापार से जुड़ी प्रतिबद्धताओं का पालन करने की मांग की। पिछले कई दिनों से चीन ने ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में करीब 150 युद्धक विमान भेजे हैं, जिसके बाद बाइडन प्रशासन ने बीजिंग को चेतावनी दी।

व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में बताया गया कि करीब छह घंटे तक चली बैठक में सुलिवन ने उन क्षेत्रों पर चर्चा की, जहां अमेरिका और चीन अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए साथ काम कर सकते हैं और संबंधों में जोखिम से निपटने के रास्ते तलाश सकते हैं।

वहीं सुलिवन ने कई ऐसे क्षेत्रों के मुद्दे भी उठाए जहां अमेरिका, चीन के कदमों से चिंतित है। इनमें मानवाधिकार, शिनजियांग, हांगकांग, दक्षिणी चीन सागर और ताइवान से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। ऑनलाइन शिखर वार्ता का निर्णय इसके मद्देनजर लिया गया कि दोनों देशों के नेताओं को एक साथ बैठक के लिए इस साल समय नहीं मिल पाएगा।

एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के अनुसार सुलिवन और यांग के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई और यह बातचीत अच्छी और स्पष्ट रही तथा यह बैठक करीब छह घंटे तक चली। अधिकारी ने बताया कि सुलिवन ताइवान को लेकर बेहद स्पष्ट थे और उन्होंने ताइवान में बीजिंग के हालिया उकसावे वाली गतिविधियों पर अमेरिका की चिंताओं को जाहिर किया।

सुलिवन ने यह स्पष्ट किया कि अमेरिका ताइवान की आत्मरक्षा का समर्थन करता रहेगा और यथास्थिति को बदलने की किसी भी कोशिश का विरोध करेगा।

# आधी वैश्विक आबादी सामान्य रोगों की पहचान करने वाली मूलभूत जांच से दूर: लांसेट

**वाशिंगटन**। विश्व की करीब आधी के आबादी के पास मधुमेह, उच्च रक्तचाप, एचआईवी और तपेदिक(टीबी) जैसे कई रोगों की पहचान के लिए मूलभूत जांच की सुविधाएं नहीं हैं। द लॉंसेट कमीशन ऑन डायग्नोस्टिक्स के नेतृत्व वाले एक विश्लेषण में यह दावा किया गया है। कमीशन 16 देशों के करीब 25 विशेषज्ञों को एक मंच पर लेकर आया है, जिन्होंने इस बात का जिक्र किया कि सटीक, उच्च गुणवत्ता और वहनीय जांच के अभाव में कई लोगों का अत्यधिक उपचार, कम उपचार या बिल्कुल ही उपचार नहीं होगा। कमीशन ने नैदानिकी अंतराल को पाटने, पहुंच बढ़ाने और उच्च आय वाले देशों के अलावा अन्य देशों में नैदानिकी का विकास करने की अपील की है। नैदानिकी अहम जांचों का एक समूह है जो मरीज के स्वास्थ्य को समझने के लिए आवश्यक है। रिपोर्ट के लेखकों ने यह जिक्र किया है कि कोविड-19 महामारी का एक तत्काल सबक समय पर और सटीक जांच का महत्व है। उन्होंने कहा कि उच्च आय वाले देशों में निजी क्षेत्र के अतिरिक्त मौजूदा सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशलाओं का उपयोग जांच की सुविधा तेजी से बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहा है। हालांकि इस बुनियादी ढांचे के अभाव का सामना कर रहे निम्न और मध्यम आय वाले कई देश जांच की पूर्ण क्षमता प्राप्त करने तक नहीं पहुंच पाए हैं। ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्राध्यापक व कमीशन प्रमुख केनीथ फ्लेमिंग ने कहा, दुनिया के ज्यादातर देशों में अहम जांच की सुविधा नहीं रहने की स्थिति में ही मरीज का इलाज किया जाता है। यह आंख मूंद कर इलाज करने जैसा है। यह न सिर्फ मरीजों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है बल्कि मेडिकल संसाधनों की भी बर्बादी है। विश्लेषण में कई हैरान कर देने वाली चुनौतियों का जिक्र किया गया है और रिपोर्ट में इनसे निपटने के लिए सुझाव दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने जांच को राजनीतिक एवं वैश्विक स्वास्थ्य एजेंडा के शीर्ष पर ला दिया और यह सभी रोगों के लिए जांच सुनिश्चित करने का एक अहम मोड़ हो सकता है।

# पाकिस्तान को अब और मदद नहीं दी जानी चाहिए: मैकमास्टर

**भाषा**। वाशिंगटन

**अमेरिका** के एक पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने कहा है कि पाकिस्तान लंबे समय से दोनों हाथ में लड्डू ले रखा है और सांसदों को सलाह दी है कि अब इस्लामाबाद को किसी तरह की नई मदद नहीं दी जानी चाहिए। ट्रंप प्रशासन के दौरान एनएसए रहे जनरल (सेवानिवृत्त) एचआर मैकमास्टर ने अफगानिस्तान पर कांग्रेस की शक्तिशाली समिति के समक्ष गवाही देते हुए कहा कि अमेरिका को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को अगस्त में काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद की गई उनकी कुछ टिप्पणियों के लिए जिम्मेदार ठहराना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सोचना भी भ्रम है कि तालिबान या तालिबान के माध्यम से मानवीय उद्देश्यों के लिए जाने वाले किसी भी धन का उपयोग तालिबान द्वारा अपनी शक्ति को मजबूत करने तथा पहले से भी बड़ा खतरा बनने के लिए तुरंत किया जाएगा।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, इसलिए हम ऐसी स्थिति में हैं जहां हम वास्तव में एक असाधारण दुविधा का सामना कर रहे हैं कि तालिबान को सशक्त किए बिना मानवीय संकट को कम करना हमारे लिए बहुत कठिन होने वाला है।

मैकमास्टर ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमें पाकिस्तान को बिल्कुल भी सहायता देनी चाहिए। मुझे लगता है कि पाकिस्तान ने हर तरह से बहुत लंबे समय तक लाभ लिया है। मुझे लगता है कि पाकिस्तान का सामना इन वर्षों में उसके व्यवहार से कराया जाना चाहिए जो वास्तव में बड़े पैमाने पर इस तरह के कदम को सही साबित करते हैं। ट्रंप प्रशासन के दौरान ही अमेरिका ने पाकिस्तान को दी जाने वाली सभी सुरक्षा सहायता पर रोक लगा दी थी। बाइडन प्रशासन ने अभी तक सुरक्षा सहयोग को फिर से शुरू नहीं किया है। काबुल पर तालिबान के कब्जे पर आई उनकी टिप्पणियों के लिए हमें इमरान खान को जिम्मेदार ठहराना चाहिए और उन्होंने कहा कि अफगान लोगों को बंधनमुक्त कर दिया गया है। हम किसी भी हालत में पाकिस्तान को एक पैसा क्यों भेजें? मुझे लगता है कि हक्कानी नेटवर्क, तालिबान और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों सहित अन्य जिहादी आतंकवादियों के लिए उनके समर्थन के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय अलगाव का सामना करना चाहिए।

# इजराइल के तटवर्ती शहर ने भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

**भाषा**। हाइफा (इजराइल)

**उत्तरी** इजराइल के तटवर्ती शहर हाइफा ने पहले विश्व युद्ध के दौरान ऑटोमन साम्राज्य से शहर को मुक्त कराने के लिए बहादुर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

गौरतलब है कि ऑटोमन साम्राज्य के शासन से हाइफा की मुक्ति को ज्यादातर युद्ध इतिहासकार अंतिम महान अश्वारोही अभियान बताते हैं। भारतीय सेना अपनी तीन बहादुर कैवेलरी रेजीमेंट मैसूर, हैदराबाद और जोधपुर लांसर्स को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल 23 सितंबर को हाइफा दिवस मनाती है। इन तीनों रेजीमेंट ने 15वीं इम्पीरियल सर्विस कैवेलरी ब्रिगेड के साहसी अभियान के बाद हाइफा को मुक्त कराया था। युद्ध में बहादुरी के लिए कैप्टन अमन सिंह बहादुर और दफादार जोर सिंह को इंडियन ऑर्डर ऑफ मेरिट और कैप्टन अनूप सिंह और सेकेंड लेफ्टिनेंट सागत सिंह को मिलिट्री क्रॉस से सम्मानित किया गया था।

हाइफ के हीरो के नाम से प्रसिद्ध मेजर दलपत सिंह को उनकी बहादुरी के लिए मिलिट्री क्रॉस से सम्मानित किया गया था।

हाइफा में स्थित भारतीय कब्रिस्तान में एकत्र लोगों को सम्बोधित करते हुए इजराइल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला ने पहले विश्व युद्ध में भारतीय सैनिकों के अभियान को उस समय के शानदार अश्वारोही अभियानों में से एक बताया।

# तंजानियाई नागरिक अब्दुलरजाक को साहित्य का नोबेल पुरस्कार



**स्टाक होम**। तंजानियाई लेखक अब्दुलरजाक गुरनाह को इस वर्ष के साहित्य के नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। स्वीडिश एकेडमी ने कहा कि उपनिवेशवाद के प्रभावों को बिना समझौता किए और करुणा के साथ समझने में उनके योगदान के लिए पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। जांजीबार में 1948 में जन्मे और इंग्लैंड में रहने वाले गुरनाह यूनिवर्सिटी ऑफ केंट में प्रोफेसर हैं। उनके उपन्यास पैराडाइज को 1994 में बुकर पुरस्कार के लिए चयनित किया गया था। उन्होंने कुल 10 उपन्यास लिखे हैं। साहित्य के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष एंडर्स ओल्सन ने उन्हें दुनिया के उत्तर-औपनिवेशिक काल के सर्व प्रतिष्ठित लेखकों में से एक बताया। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के तहत एक स्वर्ण पदक और एक करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग 11.4 लाख डॉलर राशि) प्रदान की जाएगी। पिछले साल साहित्य का नोबेल पुरस्कार अमेरिकी कवयित्री लुइस ग्लुक को दिया गया था। गौरतलब है कि नोबेल समिति ने सोमवार को चिकित्सा के लिए, मंगलवार को भौतकी के लिए और बुधवार को लिए रसायनविज्ञान के लिए विजेताओं के नाम की घोषणा की थी।

**सक्रिय पालन-पोषण अपने बच्चों और स्वयं दोनों के लिए तनाव कम करने में माता-पिता के लिए मददगार हो सकता है, क्योंकि वे अधिकांश के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियों और उम्र-उपयुक्त तकनीकों का सुझाव देते हैं, कहना है 'रामजी वल्लभ' का :**

# वैश्विक महामारीः माता-पिता के समक्ष कठिन चुनौती



महामारी ने माता-पिता के समक्ष समस्या को बढ़ा दिया है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, महामारी अपने आप में एक अभूतपूर्व, जीवन भर में एक बार होने वाली घटना है। यहां तक कि सबसे अच्छे वैज्ञानिक भी भविष्यवाणी नहीं कर सकते कि यह किस ओर जा रहा है; जो सुरक्षित हैं, जो असुरक्षित हैं; या क्या सावधानियां - टीकों सहित - किस स्तर की सुरक्षा वहन करती हैं। दूसरे, बच्चों को उनकी दिनचर्या से उखाड़ फेंका गया है, घर के अंदर बंद कर दिया गया है, समाजीकरण से दूर रखा गया है और यहां तक कि परिस्थितियों के कारण उन्हें स्क्रीन एडिक्ट बनने के लिए मजबूर किया गया है। पालन-पोषण, जो एक खोज प्रक्रिया है, सामान्य परिस्थितियों में भी, इन अतिरिक्त तनावों के कारण कहीं अधिक कठिन हो गया है। तीसरा, माता-पिता स्वयं अपनी दिनचर्या से उखड़ गए हैं और सामाजिक संपर्क को कम करने के लिए मजबूर हैं। कई लोगों ने अपनी नौकरी खो दी है और कई के पास काम के घंटे हैं जो काम और व्यक्तिगत जीवन के अभूतपूर्व मिश्रण में व्यक्तिगत समय में खा गए हैं।

और अब, उनकी दुनिया फिर से हिलने वाली है, स्कूलों के फिर से खुलने के साथ। पिछले 18 महीनों में अभ्यास की जा रही दिनचर्या को अनलर्न करने की आवश्यकता होगी और नई दिनचर्या को फिर से स्थापित करना होगा, एक संभावित नई लहर के डैमोकल्स की तलवार हमेशा उनके सिर पर लटकी रहेगी। यह तब है जब सक्रिय माता-पिता के सिद्धांत माता-पिता के बचाव में आ सकते हैं।

### एक्टिव पेरेंटिंग क्या है?

जबकि प्रत्येक बच्चा अद्वितीय है और प्रत्येक परिवार और परिस्थितियाँ अद्वितीय हैं, सक्रिय माता-पिता के अंतर्निहित सिद्धांत, रूपरेखा और रणनीतियाँ प्रत्येक बच्चे और प्रत्येक माता-पिता के लिए हर स्थिति में काफी मदद कर सकती हैं। सक्रिय पेरेंटिंग माता-पिता को तनाव कम करने में मदद कर सकता है - दोनों अपने बच्चों के लिए और खुद के लिए। वास्तव में, यह इन अनिश्चितताओं को बच्चों के लिए सीखने के अवसरों और परिवार के लिए बंधन के अवसरों में बदलने में भी मदद कर सकता है। एक्टिव पेरेंटिंग के तीन प्रमुख सिद्धांत नीचे दिए गए हैं।

- मुद्दे सामने आने पर अग्निशामक के बजाय व्यवस्थित और सक्रिय रूप से सही विशेषताओं और गुणों को विकसित करें
- ध्यान रखें कि इन विशेषताओं और गुणों के निर्माण के लिए हर अवसर का उपयोग किया जा सकता है और ऐसा करने के लिए हर अवसर का सक्रिय रूप से उपयोग करें
- बच्चों को अपने स्वयं के जीवन के लिए स्वामित्व और जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाते हुए उच्च समर्थन प्रदान करें

उपरोक्त सिद्धांतों के आधार पर, कई रणनीतियां और आयु-उपयुक्त तकनीकें हैं जिनका उपयोग सक्रिय माता-पिता का एक व्यवसायी स्कूल के फिर से खुलने वाली प्रत्येक चुनौती से निपटने के लिए कर सकता है।

### स्कूलों के फिर खुलने से उत्पन्न चुनौतियां

आइए पहले हम उन चुनौतियों की सूची बनाएं जिनका सामना किया जाना है।

- माता-पिता और बच्चों दोनों को कोविड का डर हो सकता है। भले ही अधिकांश स्कूल यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश देने में अत्यधिक सावधानी बरत रहे हैं कि कोई कोविड का प्रकोप न हो, कई बच्चों वाले स्कूल में, कार्यान्वयन सही होने की संभावना नहीं है। यह माता-पिता और बच्चों दोनों के लिए चिंता और तनाव का कारण बन सकता है।
- बच्चों और माता-पिता दोनों के लिए, फिर से खोलने का अर्थ है दिनचर्या में भारी बदलाव। बच्चों के लिए, इसका मतलब है कि कभी-कभी 60 से 90 मिनट पहले उठना, तैयार होना, जब चाहें नाश्ता करना छोड़ देना, स्कूल से वापस आना थका हुआ महसूस करना आदि। माता-पिता के लिए, इसका मतलब फिर से उठना है बच्चों को तैयार करने के लिए, नाश्ता/नाश्ता समय पर तैयार करना, कभी-कभी स्कूल या बस स्टॉप आदि से बच्चों को छोड़ना और उठाना पड़ता है। ये तनाव पैदा कर सकते हैं और माता-पिता और बच्चों के बीच संघर्ष भी पैदा कर सकते हैं।
- बच्चों के लिए, स्कूल फिर से खुलने से शैक्षणिक तनाव पैदा होगा। शायद 18 महीनों के बाद, वे एक औपचारिक कक्षा में वापस जा रहे हैं। जबकि अधिकांश स्कूलों ने ऑनलाइन कक्षाओं के लिए आयोजन किया था, यह सीखने का एक कम-से-सही तरीका है और यह संभावना है कि पिछले अठारह महीनों में कवर किए गए विषयों को अच्छी तरह से अवशोषित नहीं किया गया है। इससे भी बदतर, सर्वेक्षणों से पता चला है कि महामारी से पहले सीखी गई अवधारणाओं में भी कुछ कमी है। कई बच्चे पहले कुछ महीनों में काम के बोझ से अभिभूत महसूस करेंगे क्योंकि स्कूल खोई हुई जमीन को कवर करने का प्रयास करते हैं।
- सामाजिक तनाव एक और समस्या है जिससे कुछ बच्चों को निपटना होगा, खासकर अधिक अंतर्मुखी बच्चों को। जिन बच्चों को अतीत में बदमाशी का शिकार होना पड़ा है और जिनके पास इन अठारह महीनों में घर पर एक सुरक्षित कोकून है, उन्हें अचानक फिर से अपने उत्पीड़कों का सामना करने की संभावना का सामना करना पड़ेगा। ऐसे बच्चे भी हो सकते हैं जो कुछ शिक्षकों से आशंकित होते हैं जो उन्हें फिर से आमने-सामने होने की संभावना से डरते हैं।

बच्चों में तनाव के ये लक्षण कई तरह से प्रकट हो सकते हैं। स्कूल जाने की अनिच्छा, नखरे, हठ का असामान्य स्तर, दबी हुई नज़र, भावनात्मक मंदी, सिरदर्द, पेट खराब होना आदि कुछ ऐसे संकेत हैं जिन पर माता-पिता ध्यान दे सकते हैं। दूसरी ओर, तनाव माता-पिता में जलन, गुस्सा, हताशा और यहां तक कि क्रोध का कारण बन सकता है।




> "बच्चों में तनाव के ये लक्षण कई तरह से प्रकट हो सकते हैं। स्कूल जाने की अनिच्छा, नखरे, हठ का असामान्य स्तर, दबी हुई नज़र, भावनात्मक मंदी, सिरदर्द, पेट खराब होना आदि कुछ ऐसे संकेत हैं जिन पर माता-पिता ध्यान दे सकते हैं। दूसरी ओर, तनाव माता-पिता में जलन, गुस्सा, हताशा और यहां तक कि क्रोध का कारण बन सकता है।"

### सक्रिय पेरेंटिंग सिद्धांतों को लागू करना

अपने आप पर और बच्चों पर विभिन्न मामलों में इतने तनाव के साथ, सक्रिय माता-पिता के सिद्धांत बचाव में आ सकते हैं। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, माता-पिता को अपने बच्चों को गहरे प्यार, करुणा और विश्वास का प्रदर्शन करके बिना शर्त समर्थन देने की आवश्यकता है। हालांकि यह समझ में आता है कि माता-पिता, जो स्वयं तनाव में हैं, चिड़चिड़े, अधीर और चिड़चिड़े महसूस कर सकते हैं जब बच्चे स्कूल जाने के लिए अनिच्छा दिखाते हैं या अन्यथा कठिन कार्य करते हैं, माता-पिता को समझदार और सहानुभूति रखने की आवश्यकता होती है।

वास्तव में, उन्हें उपरोक्त तनाव बिंदुओं की संभावना को सामने लाने में सक्रिय होने और बच्चों को आश्वस्त करने की आवश्यकता है कि वे समझते हैं कि उन पर तनाव हो सकता है और माता-पिता उनकी मदद करने के लिए हैं। इस तरह की स्थिति में माता-पिता में बच्चे को एक दोस्त की जरूरत होती है, जिसके साथ वे अपनी आशंकाओं या चिंताओं को साझा कर सकते हैं, न कि एक आक्रामक और आक्रामक गुरु के साथ। नैदानिक मनोवैज्ञानिक डायना बॉमरिंड के प्रसिद्ध मॉडल को उद्धृत करने के लिए, माता-पिता को इस उथल-पुथल के दौरान गर्मजोशी और प्रतिक्रिया पर उच्च होने की आवश्यकता है।

### दोस्ती

लेकिन सवाल यह है कि माता-पिता यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि बच्चे अपनी आशंकाओं को खुलकर साझा करें? यह बहुत कुछ बच्चे के स्वभाव पर निर्भर करेगा। लेकिन सक्रिय पेरेंटिंग की प्रमुख रणनीतियों में से एक - मित्रता - गहरी व्यक्तिगत सामग्री साझा करने के लिए बच्चों की कुछ अनिच्छा को अनलॉक करने में मदद कर सकती है। अंतर्निहित सिद्धांत यह है कि बच्चे, वयस्कों की तरह, आंतरिक भावनाओं को साझा करने में अधिक सहज महसूस करते हैं जब निर्णय के बजाय सहानुभूति और विश्वास होता है। इसके लिए माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। यह मदद करेगा यदि माता-पिता अपने बचपन के उदाहरण साझा कर सकते हैं, जब उन्हें तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था। यह बच्चों को अपने स्वयं के डर को खोलने का विश्वास दिला सकता है।

एक अन्य तकनीक यह होगी कि एक पारिवारिक टीम चर्चा की जाए- प्रत्येक सदस्य वर्तमान स्थिति से संबंधित अपनी चुनौतियों और आशंकाओं को साझा करता है। फिर प्रत्येक सदस्य चुनौतियों से पार पाने के लिए क्या करने का इरादा रखता है, इस पर एक कार्य योजना साझा कर सकता है। अंत में, प्रत्येक सदस्य टीम के अन्य सदस्यों से विशिष्ट समर्थन का अनुरोध कर सकता है। यह प्रत्येक माता-पिता के साथ शुरू हो सकता है कि कैसे नई दिनचर्या उन्हें प्रभावित कर सकती है और इससे निपटने में उनकी मदद करने के लिए एक-दूसरे से विशिष्ट समर्थन मांग सकती है। तब वे बच्चों से विशिष्ट सहायता भी मांग सकते थे, जैसे कि अपनी खुद की दिनचर्या को संभालने की जिम्मेदारी लेना या अगर उनका पसंदीदा भोजन उपलब्ध नहीं है, तो भूखे घर वापस आने पर धैर्य रखना। यह बच्चों को अपनी चुनौतियों और अपेक्षित समर्थन को साझा करने के लिए भी प्रेरित कर सकता है।

उपरोक्त टीम दृष्टिकोण के माध्यम से जिन पहलुओं पर ध्यान दिया जा सकता है, उनमें से एक कोविड उपयुक्त व्यवहार है। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो एक बड़े परोपकारी संगठन की महामारी प्रतिक्रिया से गहराई से जुड़ा हुआ है, मैं माता-पिता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि बच्चों को कोविड के गंभीर हमले की बहुत कम संभावना है।

हालांकि, सभी एहतियात बरतना महत्वपूर्ण है और यह सुनिश्चित करना कि बच्चे और माता-पिता दोनों ही कोविड का पालन करें, उचित व्यवहार महत्वपूर्ण है। माता-पिता को बच्चों को मास्किंग, नियमित रूप से हाथ धोने और शारीरिक दूरी जैसे प्रोटोकॉल का पालन करने के महत्व को प्रभावित करने की आवश्यकता है। उन्हें इनका उच्चारण करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चे इन दिशानिर्देशों के पीछे के कारण को समझें।

बच्चों को पता होना चाहिए कि प्रोटोकॉल से उनका विचलन माता-पिता और घर के अन्य बड़ों को प्रभावित कर सकता है - यदि कोई हो - इससे भी बदतर यह खुद को प्रभावित करेगा। जिम्मेदारी की भावना पैदा करने का यह एक शानदार तरीका है। बच्चों को बताएं कि दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए आप उन पर भरोसा करते हैं। माता-पिता को भी जब वे स्वयं उद्यम करते हैं, तो उन्हें कोविड-उपयुक्त व्यवहार को रोल मॉडल करने की आवश्यकता होती है।

### सम्मान, विश्वास और सहानुभूति

इस चुनौतीपूर्ण संक्रमण काल के दौरान, माता-पिता को रोल-मॉडल के लिए जिन दो लक्षणों की आवश्यकता होती है, वे हैं धैर्य और सहानुभूति। एक दूसरे के साथ, साथ ही बच्चों के साथ भी। यदि माता-पिता टोपी की बूंद पर एक-दूसरे का सिर काट रहे हैं, तो उनके लिए अपने बच्चों से धैर्यपूर्ण व्यवहार की अपेक्षा करना अनुचित और अव्यावहारिक होगा। जब बच्चे अपने माता-पिता को स्पष्ट और विनोदी अंदाज में तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करते हुए देखते हैं, तो उनके भी वही व्यवहार अपनाने की संभावना होती है। इसमें माता-पिता से एक-दूसरे से और बच्चों से जब वे अपना आपा खो देते हैं और अपने इस तरह के हास्यास्पद व्यवहार का मज़ाक उड़ाते हैं, तो उनसे बिना शर्त माफी मांगना शामिल है।

### कथावाचन

एक अन्य प्रमुख सक्रिय पेरेंटिंग रणनीति जो ऐसी स्थितियों में काम आ सकती है, वह है कहानी सुनाना। बच्चों में वांछित गुणों (मूल्यों और लक्षणों) को विकसित करने का इससे बेहतर तरीका नहीं है कि उन्हें कहानियां सुनाएं - वास्तविक जीवन के नायकों और काल्पनिक नायकों की, जिन्होंने समान गुणों को प्रकट किया और उनके कारण सफल हुए। इसी तरह, माता-पिता बच्चों को ऐसे समय के बारे में बताते हैं जब उन्होंने स्वयं इन गुणों को अपने फायदे के लिए प्रदर्शित किया था, इन गुणों का लाभ घर चलाने में भी मदद मिलेगी। बेशक, यह महत्वपूर्ण है कि ये कहानी कहने वाले सत्र इन गुणों के निर्माण के लिए सत्र न लगें।

जहाँ तक बच्चे का संबंध है कहानियों का प्राथमिक उद्देश्य मनोरंजन होना चाहिए। द्वितीयक और अदृश्य उद्देश्य लक्षणों और मूल्यों को विकसित करना है। बच्चे को इन गहरे संदेशों को अवचेतन रूप से आत्मसात करना चाहिए। इस तरह की तनावपूर्ण स्थिति में, आत्म-अनुशासन, जिम्मेदारी की भावना, स्वामित्व, हास्य की भावना, सम्मान, कृतज्ञता आदि पैदा करने के लिए सबसे वांछनीय गुण हैं। याद रखें कि कहानियां मन में बीज बोती हैं और उचित समय पर ये बीज अंकुरित होते हैं। .

हर संकट एक अवसर है। यदि उपरोक्त सुझावों को माता-पिता पूरे दिल से अपनाते हैं, तो वे पा सकते हैं कि यह तनावपूर्ण स्थिति उनके और उनके बच्चों के लिए सीखने की सबसे अच्छी अवधि थी और इसने वास्तव में जीवन बदलने वाली स्थिति की पेशकश की और पारिवारिक बंधन पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गए।

**(लेखक एक आईआईटी शिक्षित, एक टेक कंपनी के सह-संस्थापक, एक प्रेरक वक्ता और एक्टिव पेरेंटिंग के लेखक हैं)**

---

# हृदय के लिए अनमोल हैं रत्न

स्वास्थ्य ही असली धन है और खुद को फिट रखने के लिए जरूरी है कि सबसे महत्वपूर्ण अंग हृदय की देखभाल की जाए। यहाँ कुछ रत्न हैं जो हृदय रोगों को दूर रख सकते हैं

विश्व नेताओं ने मई 2012 में 2025 तक गैर-संचारी रोगों की मृत्यु दर को 25 प्रतिशत तक घटाने का वादा किया है। गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) से होने वाली समस्त मौतों में लगभग पचास फीसदी मौतों का कारण हृदय रोग (सीवीडी) है और इसलिए यह दुनिया का प्रमुख हत्यारा है।

विश्व हृदय दिवस सीवीडी समुदाय को सीवीडी का मुकाबला करने और दुनिया भर में इस बीमारी के बोझ को कम करने हेतु एक साथ काम करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। विश्व हृदय दिवस हर साल 29 सितंबर को दुनिया भर में हृदयरोग से संबंधित हासिल की गई उपलब्धियों से परिचित कराने व जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

क्या आपको पता था? स्ट्रोक और हृदय रोग, जो हर साल 18.6 मिलियन लोगों का जीवन लील लेता है, दुनिया में मौत का प्रमुख कारण है।

हृदय हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण आंतरिक अंग है। एक वयस्क के हृदय द्वारा प्रतिदिन लगभग 6000-7500 लीटर रक्त संचारित किया जाता है। इसलिए, हमें अपने हृदय के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

हालांकि, संतुलित आहार, उचित आराम और नींद, तथा नियमित व्यायाम हमारे हृदय को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं और कई रत्न अपने ऊर्जावान गुणों के जरिए भी मदद कर सकते हैं।

ये मूल्यवान रत्न अच्छे हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं और हमें अपने बुढ़ापे से लड़ने में विजेता बनाते हैं जिसमें हमें अपने अस्सी के दशक में टहलने और अच्छी रौनक पाने का अवसर मिलता है।

## रूबी



लाल रंग का पत्थर, जिसे माणिक्य के नाम से भी जाना जाता है, में अनेक प्रकार की बीमारियों को ठीक करने की क्षमता होती है। रूबी को हृदय रोग, खराब रक्त परिसंचरण, अनियमित रक्तचाप और दृष्टि विकार के उपचार में प्रभावी माना जाता है। इसके अलावा, माणिक्य को आत्मविश्वास और मानसिक एकाग्रता जैसी चिंताओं से निपटने में मदद करने के लिए भी जाना जाता है। रूबी तनावपूर्ण नौकरी वाले लोगों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि यह अपने धारक को अच्छा स्वास्थ्य, प्रतिष्ठा और सम्मान प्रदान कर सकता है। माणिक्य धारण करने से धारक रोगमुक्त होता है तथा सिर दर्द, बदहजमी आदि समस्याओं का समाधान होता है।

## एमराल्ड या पन्ना



पन्ना के नाम से भी प्रसिद्ध यह अद्भुत हरा पत्थर विशेष रूप से अपने कट के लिए जाना जाता है जिसे 'एमराल्ड कट' कहा जाता है। राजाओं और सम्राटों ने लंबे समय से पन्ना को प्रतिष्ठित किया है, और किंवदन्ती के अनुसार यह माना जाता है कि यह उनकी सबसे मूल्यवान वस्तुओं में से एक है।

पन्ना हृदय चक्र को ठीक करने और इसे पहनने वालों के समग्र कल्याण को बढ़ावा देने की क्षमता के लिए विख्यात है। यह पहनने वाले को तंत्रिका तंत्र, आंतों, फेफड़े, यकृत और हृदय संबंधी विकारों पर पूर्ण नियंत्रण रखने की अनुमति देता है।

## रोज़ क्वाट्र्ज

इस हल्के गुलाबी रंग के रत्न के उपचार गुण हृदय-चक्र पर इसके प्रभाव के लिए प्रसिद्ध हैं। नतीजतन, इसे सामान्य स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए दिखाया गया है और यह खराब रक्त परिसंचरण और अनियमित रक्त चाप जैसी गंभीर हृदय समस्याओं के इलाज में भी प्रभावी है। यह हृदय पर



रखा जाता है और यह हृदय के लिए आवश्यक ऑक्सीजन को निर्देशित करने के लिए जिम्मेदार होता है। गुलाब क्वाट्र्ज को थ्रोम्बोसिस और दिल के दौरे के खतरे को कम करने के लिए दिखाया गया है।

## हेसोनाइट



हेसोनाइट, जिसे आमतौर पर गोमेद के नाम से जाना जाता है, ऐसा रत्न है जो व्यक्ति की कुंडली को राहु के नकारात्मक प्रभावों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हेसोनाइट चिंता व मानसिक रोगों के उपचार में

लाभकारी है। इसका उपयोग अन्य स्थितियों में एलर्जी, संक्रमण, उच्च रक्तचाप, अस्थमा और साइनसिसिस के इलाज के लिए भी किया जा सकता है।

## पर्ल या मोती



पर्ल, जिसे मोती भी कहा जाता है, समुद्र के तल में शंख के भीतर पाए जाते हैं। कहा जाता है कि इनसे तन, मन और त्वचा को आराम मिलता है। शुद्ध प्राकृतिक मोती आत्मविश्वास और मानसिक एकाग्रता में समस्या का सामना करते लोगों के लिए फायदेमंद होते हैं। यह पहनने वाले के लिए एक अच्छा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में भी मदद करता है। ऐसा माना जाता है कि मोती हृदय रोगों से लड़ता है और हृदय को स्वस्थ व मजबूत रखता है।

हृदय रोग संबंधी जागरूकता बढ़ाने और इससे निपटने के तरीकों पर जोर देना महत्वपूर्ण है। इस जानकारी को अपने प्रियजनों के साथ साझा करें और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें।

**-लेखक पंकज खन्ना जेम सिलेक्शन एंड खन्ना जेम्स ग्रुप के चेयरमैन हैं।**